


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 137 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ.3 2082 मंगलवार, 12 अगस्त-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

### 24-25 अगस्त को विधानसभा में स्पीकर कॉन्फ्रेंस

नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि 24-25 अगस्त को विधानसभा परिसर में भारत के पहले निर्वाचित अध्यक्ष वीर विट्ठल भाई पटेल के निर्वाचन के 100 साल पूरे होने पर 32 राज्यों के स्पीकर, डिप्टी स्पीकर दिल्ली आ रहे हैं। विधानसभा परिसर में ऑल इंडिया स्पीकर कॉन्फ्रेंस आयोजित करेंगे।

आगे कहा कि अमित शाह इसका उद्घाटन करेंगे और 25 अगस्त को समापन ओम बिड़ला करेंगे। उद्घाटन में ज्योतिरादित्य सिंधिया एक डाक टिकट जारी करेंगे। इसमें सभी केंद्रीय मंत्री, दिल्ली सरकार के मंत्री और विधायकों को आमंत्रित किया गया है।

# कुछ लोग कोसी टावर को बिहार चुनाव के चश्मे से देखेंगे

**पीएम मोदी ने विपक्ष पर कसा तंज**

> दिल्ली में सांसदों के लिए बने 184 फ्लैट्स
> ये आधुनिक सुविधाओं और ग्रीन टेक्नोलॉजी से लैस



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सांसदों के लिए नए फ्लैट्स के उद्घाटन के दौरान विपक्ष पर तंज कसा। पीएम मोदी ने कहा कि कुछ लोग सांसदों के लिए बने बहुमंजिला फ्लैटों के कोसी टावर को बिहार विधानसभा चुनावों के चश्मे से देखेंगे। बाबा खड़क सिंह मार्ग पर बने 184 नए टाइप-7 बहुमंजिला फ्लैट्स के एक टावर का नाम बिहार की कोसी नदी के नाम पर है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि परिसर के चार टावरों के नाम कृष्णा, गोदावरी, कोसी और हुगली नदियों के नाम पर रखे गए हैं। मुझे संसद में अपने सहयोगियों के लिए आवासीय परिसर का उद्घाटन करने का सौभाग्य मिला। चार टावरों के नाम कृष्णा, गोदावरी, कोसी और हुगली हैं, जो भारत की चार महान नदियां हैं। कुछ लोगों को कोसी नाम के टावर से असहजता महसूस होगी। वे इसे नदी के रूप में नहीं, बल्कि बिहार चुनावों के चश्मे से देखेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि अब दिल्ली में सांसदों को रहने में आसानी होगी। सांसदों के लिए घरों की उपलब्धता बढ़ेगी। मैं इन फ्लैटों के निर्माण में लगे इंजीनियरों और कर्मचारियों को बधाई देता हूं। हमारे सांसदों को नए आवासों में कोई परेशानी नहीं होगी। वे अपने काम पर ज्यादा ध्यान दे पाएंगे। इन बहुमंजिला इमारतों में 180 से अधिक सांसद एक साथ रह सकेंगे। 2014 से अब तक 350 सांसद आवास बनाए जा चुके हैं।

पीएम ने कहा कि जैसा कि मैंने पहले कहा था कि किराये के भवनों में चलने वाले मंत्रालयों के किराये पर सरकार को सालाना लगभग 1500 करोड़ रुपये का खर्च आता था। इसी तरह पर्याप्त संख्या में सांसद आवासों के अभाव में सरकारी खर्च बहुत ज्यादा था। सांसद आवासों की कमी के बावजूद 2014 से 2024 तक कोई नया आवास नहीं बनाया

## यूक्रेनी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी से की बात

### सितंबर में दोनों नेता यूएनजीए में करेंगे मुलाकात

कीव, 11 अगस्त (एजेंसियां)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ लंबी और विस्तृत बातचीत की। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि इस वार्ता में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों और मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक हालात पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को यूक्रेनी जनता के प्रति उनके गर्मजोशी भरे समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। वहीं पीएम मोदी ने भी इस बातचीत को लेकर जानकारी देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में लिखा-राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात करके और हाल के घटनाक्रमों पर उनके विचार जानकर मुझे खुशी हुई। मैंने संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान की आवश्यकता पर भारत की दृढ़ स्थिति से उन्हें अवगत कराया। भारत इस संबंध में हर संभव योगदान देने के साथ-साथ यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम मोदी ने साल 2024 में दो बार रूस की यात्रा की थी। वे ब्रिक्स समिट के लिए 22 अक्टूबर को रूस गए थे। इससे पहले जुलाई में भी मोदी ने दो दिन का रूस दौरा किया था।

## चुनाव आयोग के खिलाफ दायर पीआईएल सुप्रीम कोर्ट से खारिज

> कहा-यह प्रचार हित याचिका

नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राज्य चुनाव आयोग के खिलाफ दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह जनहित से ज्यादा प्रचार हित याचिका है। जनहित याचिका में राज्य चुनाव आयोगों (एसईसी) को राजनीतिक दलों की कथित अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए कदम उठाने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने कहा कि जनहित याचिकाएं आवश्यक हैं, लेकिन जनहित याचिकाओं के नाम पर हम प्रचार हित याचिकाओं की अनुमति नहीं दे सकते। ऐसी याचिका देश की संप्रभुता, अखंडता और एकता को कमजोर कर सकती हैं। इसके अलावा पीठ ने सीधे सर्वोच्च न्यायालय से संपर्क करने की प्रथा पर भी नाराजगी जताई। मुख्य न्यायाधीश ने केंद्र और चुनाव आयोग के खिलाफ याचिका दायर करने वाले घनश्याम दयालु उपाध्याय से पूछा कि क्या इसे बॉम्बे हाईकोर्ट में नहीं उठाया जा सकता? यह एक प्रचार हित याचिका के अलावा और कुछ नहीं है। हालांकि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए जनहित याचिकाएं जरूरी हैं, लेकिन यह याचिका केंद्र या चुनाव आयोग के नीतिगत मामलों से संबंधित है और अनुच्छेद 32 के तहत सीधे सुप्रीम कोर्ट जाने का औचित्य नहीं रखती।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रखा आयकर विधेयक 2025



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज (11 अगस्त 2025) लोकसभा में आयकर (संख्यांक 2) विधेयक, 2025 और कराधान अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले हफ्ते लोकसभा से आयकर विधेयक, 2025 के पुराने मसौदे को औपचारिक रूप से वापस ले लिया था।

इस बिल का अपडेटेड वर्जन आज पेश किया गया। लोकसभा की प्रवर समिति ने लगभग 285 सिफारिशें की थीं और पिछले महीने संसद को 4,500 पन्नों की एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी, जिसमें विधेयक में सुधार का प्रस्ताव दिया गया। बता दें कि मूल विधेयक फरवरी में संसद के बजट सत्र के दौरान पेश किया गया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में संशोधित आयकर विधेयक पेश किया जिसमें प्रवर समिति की लगभग सभी सिफारिशों को शामिल किया गया है। सीतारमण ने आयकर से संबंधित कानून में संशोधन और इसे मज़बूत बनाने के प्रावधान वाला आयकर (संख्यांक 2) विधेयक, 2025 पेश किया। उन्होंने कराधान अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2025 भी सदन में पेश किया। विधेयक के उद्देश्यों और कारणों में कहा गया है, प्रवर समिति की लगभग सभी सिफारिशें सरकार द्वारा स्वीकार कर ली गई हैं। इसके अलावा, हितधारकों से ऐसे बदलावों के बारे में सुझाव प्राप्त हुए हैं जो प्रस्तावित कानूनी अर्थ को और अधिक सटीक रूप से व्यक्त करेंगे।

सरकार ने 13 फरवरी 2025 को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 पेश किया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली प्रवर समिति ने इसमें कुछ बदलाव की सिफारिश की थी। उक्त विधेयक को शुक्रवार (8 अगस्त 2025) को सदन में वापस ले लिया गया। विधेयक के कथन में कहा गया है, मसौदे की प्रकृति, वाक्यांशों के संरेखण, परिणामी परिवर्तनों और परस्पर संदर्भों में सुधार किए गए हैं। इसलिए, सरकार ने प्रवर समिति की रिपोर्ट के अनुसार आयकर विधेयक, 2025 को वापस लेने का निर्णय लिया।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा माफी मांगें वकील और वादी

> तेलंगाना हाईकोर्ट के जज के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी पर शीर्ष अदालत नाराज

नई दिल्ली, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना हाईकोर्ट के जज के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने और आरोप लगाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर की। शीर्ष अदालत ने कहा कि वादी और उसके वकील तत्काल न्यायाधीश से माफी मांगें।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के खिलाफ एससी/एसटी अधिनियम के तहत एक आपराधिक मामले को खारिज करने पर याचिकाकर्ता एन पेड्डी राजू ने तेलंगाना हाईकोर्ट के जज पर पक्षपात और अनुचितता का आरोप लगाया है। बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने स्वत: संज्ञान याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर लगाए गए आरोप अवमाननापूर्ण हैं और उन्हें माफ नहीं किया जा सकता। सीजेआई ने कहा कि हम न्यायाधीशों को कठघरे में खड़ा करने और किसी भी वादी को ऐसे आरोप लगाने की इजाजत नहीं दे सकते। उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश सांविधानिक पदाधिकारी हैं और उन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के समान सम्मान और छूट प्राप्त है। इसके बाद वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने बिना शर्त माफी मांगी। साथ ही बयान देने के कारण समझाए। इस पर सीजेआई ने कहा कि इस तरह का आचरण एक परेशान करने वाली प्रवृत्ति बन गया है, जहां वकील और वादी राजनीतिक रूप से संवेदनशील मामलों में न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाते हैं।

## कर्नाटक सरकार में मचा घमासान, सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना ने दिया इस्तीफा


राजन्ना

बेंगलूरू, 11 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक शीर्ष सूत्र ने बताया, राजन्ना ने विधान सौधा में मुख्यमंत्री के साथ बैठक की। इस बैठक के बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

यह मामला सोमवार को कर्नाटक विधानसभा सत्र के दौरान चर्चा का विषय बन गया, जब भाजपा विधायकों ने कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल और राजन्ना से इस मामले पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। बता दें कि सीएम सिद्धारमैया के करीबी और राज्य सरकार में मंत्री केएन राजन्ना पिछले दो महीनों से चर्चा में थे जब उन्होंने दावा किया था कि 'अगस्त क्रांति' होगी, जिससे सरकार में बड़े उलटफेर का संकेत मिलता है। वहीं इससे पहले केएन राजन्ना ने कथित मतदाता सूची में हेराफेरी पर पार्टी की चुप्पी पर भी सवाल उठाए थे।

राजन्ना ने कर्नाटक कांग्रेस के नेताओं पर सवाल करते हुए है कि, जब सूची तैयार की गई थी और उसमें अनियमितताएं थीं, तो इसकी शिकायत क्यों नहीं की गई? कर्नाटक के मंत्री केएन राजन्ना ने राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर लगाए आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, देखिए... अगर हम ऐसी बातों पर यूं ही बात करने लगेंगे, तो अलग-अलग राय सामने आएंगी। मतदाता सूची कब तैयार हुई थी? यह तब तैयार हुई थी जब हमारी अपनी सरकार सत्ता में थी।

## 'मैं शपथपत्र पर हस्ताक्षर क्यों करूं? यह उनका डाटा है'

**चुनाव आयोग की मांग पर राहुल का जवाब**



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। वोट चोरी विवाद के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शपथपत्र पर हस्ताक्षर करने को लेकर बड़ा बयान दिया है। राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि, मैं शपथपत्र पर हस्ताक्षर क्यों करूं? यह उनका डाटा है, मेरा नहीं। इससे पहले विपक्षी सांसदों ने सोमवार को कथित 'वोट चोरी' के खिलाफ संसद से चुनाव आयोग तक मार्च निकाला, लेकिन पुलिस ने बीच में रोककर सभी को हिरासत में ले लिया। हालांकि, बाद में उन्हें छोड़ दिया गया।

**राहुल बोले- मैं शपथ पर हस्ताक्षर क्यों करूं :**

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से जब चुनाव आयोग द्वारा उनसे 'वोट चोरी' के आरोप पर शपथपत्र पर हस्ताक्षर करने के अनुरोध के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मैं शपथपत्र पर हस्ताक्षर क्यों करूं? यह उनका डेटा है, मेरा नहीं। उन्हें इसे अपनी वेबसाइट से लेना चाहिए। वे बस ध्यान भटका रहे हैं। और किसी को यह नहीं सोचना चाहिए कि यह केवल बेंगलूरू में हुआ है, यह देश के कई निर्वाचन क्षेत्रों में हुआ है। आज चुनाव आयोग कुछ छिपाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि एक दिन सब कुछ सामने आ जाएगा।

राहुल ने कहा, भारत के लोकतंत्र की हालत देखिए। 300 सांसद चुनाव आयोग से मिलकर एक दस्तावेज पेश करना चाहते थे, लेकिन उन्हें इसकी इजाजत नहीं दी गई। वे डरे हुए हैं। अगर 300 सांसद आ गए और उनकी सच्चाई सामने आ गई तो क्या होगा? यह लड़ाई अब राजनीतिक नहीं रही। यह लड़ाई संविधान और एक व्यक्ति एक वोट के लिए है। हमने कर्नाटक में साफ तौर पर दिखा दिया है, यह मल्टीपल मैन, मल्टीपल वोट था। पूरा विपक्ष इसके खिलाफ लड़ रहा है। चुनाव आयोग के लिए अब छिपना बहुत मुश्किल होगा। कांग्रेस महासचिव और पार्टी सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा, पुलिस और सरकार हमें 30 सेकंड भी मार्च नहीं करने दे रही है। वे हमें यहीं रोकना चाहते हैं। देश में कैसा लोकतंत्र है? सांसदों को चुनाव आयोग जाने की आजादी नहीं है। अब वे कह रहे हैं कि सिर्फ 30 लोग ही आ सकते हैं, लेकिन कम से कम उन 30 लोगों को चुनाव आयोग कार्यालय तो जाने दो।

**बोल रहा है पूरा देश, वोट हमारा छू के देख :**

हिरासत में लिए जाने के बाद कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि क्या जेल की सलाखें राहुल गांधी और विपक्ष को रोक पाएंगी? अब एक ही नारा है- 'बोल रहा है पूरा देश, वोट हमारा छू के देख'... इस देश की जनता ने मोदी सरकार और चुनाव आयोग की साझेदारी को नकार दिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को आरोप लगाया कि संसद के ठीक बाहर लोकतंत्र पर हमला और उसकी हत्या की जा रही है, क्योंकि विपक्षी सांसदों को चुनाव आयोग मुख्यालय तक विरोध मार्च निकालने से रोक दिया गया।


## जो मणिपुर पर चैंपियन बने हुए थे, उन्होंने मणिपुर के बिल के विरोध में वोट किया : जेपी नड्डा



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। राज्यसभा में मणिपुर के लिए वर्ष 2025-26 का बजट सोमवार को पेश किया गया। इसे राज्यसभा में ध्वनिमत से स्वीकार करने के उपरांत वापस भेजा गया।

दरअसल, लोकसभा पहले ही मणिपुर बजट 2025-26 पारित कर चुका है। सोमवार को मणिपुर विनियोग विधेयक, 2025, मणिपुर बजट 2025-26 और मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025 पर विचार किया गया। विपक्ष के विरोध और नारेबाजी के बीच, विधेयक ध्वनि मत से बहुमत मिलने के बाद वापस भेजे गए। इस दौरान सदन में जमकर हंगामा हुआ, विपक्ष ने नारेबाजी की। विपक्षी सांसदों ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार भी किया। विपक्ष के इस रुख पर नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि जो लोग मणिपुर पर चैंपियन बने हुए थे, उन्होंने मणिपुर के बिल पर चर्चा करना तो दूर, बल्कि उसके विरोध में अपना वोट किया। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है। यही कारण है कि मणिपुर का बजट संसद में पेश किया गया। इस पर राज्यसभा में बोलते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मणिपुर का बजट प्रगतिशील और भरोसा जगाने वाले बजटों में से एक है। मणिपुर बजट 2025-26 सोमवार को राज्यसभा में पेश किया गया। राज्यसभा में पीठासीन डॉ. सस्मित पात्रा ने दोपहर 2 बजे कार्यवाही प्रारंभ होने पर मणिपुर बजट, मणिपुर विनियोग विधेयक 2025 व मणिपुर वस्तु और सेवा कर संशोधन विधेयक को पेश करने की जानकारी दी। इसके बाद वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सदन में मणिपुर बजट रखा।

## अराजकता पैदा करने की सोची-समझी रणनीति : केंद्रीय मंत्री




नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार एसआईआर मामले को लेकर विपक्ष के चुनाव आयोग मार्च पर भाजपा ने तीखा पलटवार किया है। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर संविधान विरोधी रवैये का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि एसआईआर देश में पहली बार नहीं हो रहा है, लेकिन विपक्ष इसे बहाना बनाकर झूठ फैलाने और अराजकता पैदा करने की कोशिश कर रहा है। भाजपा नेता ने विपक्ष से संसद में मुद्दे उठाने की अपील भी की। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि देश देख रहा है कि जो लोग संविधान के खिलाफ काम कर रहे हैं, उनकी अगुवाई राहुल गांधी कर रहे हैं। एसाआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है, यह पहले भी हो चुकी है। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर झूठ बोलने, ईवीएम पर सवाल उठाने, महाराष्ट्र और हरियाणा चुनावों को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। प्रधान के अनुसार, यह विपक्ष की सोची-समझी रणनीति है ताकि देश में अराजकता फैलाई जा सके। भाजपा नेता ने विपक्ष से आग्रह किया कि वे सड़क पर मार्च निकालने के बजाय संसद में अपने मुद्दे रखें। उन्होंने कहा कि संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान भी विपक्ष और कांग्रेस के पास कोई ठोस एजेंडा नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष जनता के वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए ऐसे कदम उठा रहा है। प्रधान ने आगे कहा कि कांग्रेस बार-बार ईवीएम को लेकर भी झूठ बोलती है और चुनाव प्रक्रिया पर अविश्वास पैदा करती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष चुनावी हार के डर से जनभावनाओं को भड़काने की कोशिश कर रहा है। भाजपा नेता ने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक बताया और कहा कि ऐसे कदम जनता के विश्वास को कमजोर करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय चुनाव की प्रक्रिया, आज एक दुनिया में सिद्ध व्यवस्ता बन चुकी है। एसआईआर पहली बार नहीं हो रहा है। यह हर एक राज्य में, राष्ट्रीय स्तर पे चुनाव आयोग की एक नियमित प्रक्रिया है। मतदाता सुची को तैयार करने के लिए, व्यवस्थित करने के लिए, चुनाव आयोग की एक निरंतर प्रक्रिया है।

## महाराष्ट्र में पिकअप खाई में गिरी, 6 महिलाओं की मौत : 22 से ज्यादा घायल

मुंबई, 11 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पुणे के पास खेड़ तालुका में सावन सोमवार पर कुंडेश्वर मंदिर दर्शन के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप जीप खाई में गिर गई। घटना में 6 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 22 से ज्यादा महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि हादसा दोपहर करीब 1 बजे हुआ, जब घुमावदार घाट पर ड्राइवर ने वाहन से कंट्रोल खो दिया और पिकअप पैठ-कोहिंडे बॉर्डर के नागमोड़ी घाट पर 25-30 फीट गहरी खाई में गिर गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के लिए 2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। पिंपरी चिंचवड़ पुलिस के डीसीपी शिवाजी पवार ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

## केंद्र का निर्णय लोकतांत्रिक सिद्धांतों का खुला उल्लंघन : महबूबा मुफ्ती

श्रीनगर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने केंद्र सरकार पर जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का आरोप लगाया है। विधानसभा चुनाव के बाद पांच विधायकों को नामित करने के फैसले को लेकर उन्होंने केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की।

महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, चुनाव संपन्न होने के बाद जम्मू-कश्मीर में 5 विधायकों को नामित करने का केंद्र का निर्णय लोकतांत्रिक सिद्धांतों का खुला उल्लंघन है। देश के किसी और हिस्से में केंद्र जनता के जनादेश को दरकिनार कर अपने मनमुताबिक विधायकों को नहीं चुनता।

उन्होंने कहा कि भारत के एकमात्र मुस्लिम बहुल केंद्र शासित प्रदेश, जो लंबे समय से संघर्ष का सामना करता आया है, में यह कदम शासन से ज्यादा नियंत्रण की भावना पैदा करता है।

## इंडिया गठबंधन के सांसदों को चुनाव आयोग से मिलने नहीं दिया गया : खड़गे



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। संसद के मानसून सत्र में सोमवार को बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर हंगामा जारी रहा। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया गठबंधन के सांसदों को चुनाव आयोग (ईसी) कार्यालय में ज्ञापन सौंपने से रोकने पर सवाल उठाए। उन्होंने राज्यसभा में कहा कि इंडिया गठबंधन के सांसद चुनाव आयोग में ज्ञचापन लेकर जा रहे थे, लेकिन हमें रोक दिया गया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में कहा, आज इंडिया गठबंधन के सांसद चुनाव आयोग के पास ज्ञापन लेकर जा रहे थे, लेकिन हमें रोक दिया गया और चुनाव आयोग से नहीं मिलने दिया गया। खड़गे के सवाल उठाते ही सदन में हंगामा तेज हो गया और इसके बाद राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि चर्चा मणिपुर विधेयक पर है और मेरा मानना है कि इससे आगे की कोई भी बात रिकॉर्ड में नहीं जानी चाहिए।

कांग्रेस ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर राज्यसभा की कार्यवाही का वीडियो शेयर कर विपक्ष की आवाज को कुचलने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपनी बात रखने के लिए खड़े हुए तभी भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा- कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। जेपी नड्डा के आदेश का पालन करते हुए खड़गे का माइक ऑफ कर दिया गया। भाजपा इस तरह विपक्ष की आवाज को कुचल रही है।

बता दें कि विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के सांसदों ने सोमवार को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कथित 'वोट चोरी' के खिलाफ संसद भवन से चुनाव आयोग मुख्यालय तक मार्च निकाला। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने इन्हें रोकने की कोशिश की तो विपक्षी सांसदों ने जमकर हंगामा काटा। इसके बाद पुलिस ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत समेत विपक्ष के कई नेताओं को हिरासत में ले लिया।

# तिरुवनंतपुरम-दिल्ली एअर इंडिया फ्लाइट की चेन्नई में इमरजेंसी लैंडिंग

> एयरलाइन ने तकनीकी खराबी बताई > कांग्रेस सांसद बोले-कंपनी झूठ बोल रही

चेन्नई, 11 अगस्त (एजेंसियां)। तिरुवनंतपुरम से दिल्ली आ रही एअर इंडिया फ्लाइट एआई2455 की रविवार रात चेन्नई में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरलाइंस ने तकनीकी गड़बड़ी और खराब मौसम को इसकी वजह बताया।

एयर ट्रैफिक ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइट रडार 24 के अनुसार फ्लाइट ने 8:17 उड़ान भरी। इसे 10:45 बजे दिल्ली पहुंचना था। फ्लाइट में मौजूद कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने एक्स पर लिखा- चेन्नई में जब इमरजेंसी लैंडिंग की पहली कोशिश हुई तो सामने (रनवे) दूसरा प्लेन खड़ा था। पायलट प्लेन को दोबारा हवा में ले गया और दूसरी कोशिश में सुरक्षित लैंडिंग हो सकी।

उन्होंने लिखा कि फ्लाइट में कई सांसद और कई अन्य यात्री सवार थे। फ्लाइट हादसे के बिल्कुल करीब पहुंच गई थी। एक बड़ा हादसा टला है। वहीं, वेणुगोपाल के दूसरा प्लेन रनवे पर होने की बात से एआई ने इनकार किया। सोमवार सुबह वेणुगोपाल ने कहा- पायलट ने खुद अनाउंसमेंट करके कहा था कि रनवे पर दूसरा प्लेन है। अब एयरलाइन झूठ बोल रही है। मैंने इस मामले में डीजीसीए से भी बात की है।

### एअर इंडिया ने कहा-रनवे पर कोई दूसरा विमान नहीं था

एअर इंडिया ने एक्स पर केसी वेणुगोपाल की पोस्ट के जवाब में लिखा- हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि चेन्नई की ओर फ्लाइट डायवर्ट करने का फैसला सावधानी के तौर पर लिया गया था, क्योंकि विमान में तकनीकी समस्या और खराब मौसम की स्थिति थी। चेन्नई एयरपोर्ट पर पहली लैंडिंग की कोशिश के दौरान चेन्नई एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने गो-अराउंड का निर्देश दिया था।

## केसी वेणुगोपाल ने एक्स पोस्ट में बताया पूरा घटनाक्रम



तिरुवनंतपुरम से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई2455, जिसमें मैं, कई सांसद और सैकड़ों यात्री सवार थे, आज हादसे के बहुत करीब पहुंच गई। उड़ान पहले देरी से शुरू हुई। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही तेज झटके (टर्बुलेंस) लगे। करीब एक घंटे बाद कैप्टन ने बताया कि फ्लाइट में सिग्नल की खराबी है और इसे चेन्नई डायवर्ट किया जा रहा है। करीब दो घंटे तक हम चेन्नई एयरपोर्ट के ऊपर चक्कर लगाते रहे। पहली बार उतरने की कोशिश में एक डरावना पल आया, जब पता चला कि रनवे पर दूसरा विमान था। कैप्टन ने तुरंत विमान को ऊपर उठाया, जिससे सभी की जान बच गई। दूसरी कोशिश में फ्लाइट सुरक्षित उतरी। हम पायलट की सूझबूझ और किस्मत से बच गए। यात्रियों की सुरक्षा किस्मत पर नहीं छोड़ी जा सकती। मैं डीजीसीए और सिविल एविएशन मिनिस्ट्री से आग्रह करता हूं कि इस घटना की तुरंत जांच करें, जिम्मेदारी तय करें और सुनिश्चित करें कि ऐसी चूक दोबारा कभी न हो।

## एक और लड़की ने खुद को लगाई आग, जिंदगी के लिए कर रही संघर्ष

भुवनेश्वर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। ओडिशा के बरगढ़ जिले में एक और लड़की ने खुद को आग के हवाले कर दिया। फिलहाल वह जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रही है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि एक महीने के अंदर चौथी ऐसी घटना में ओडिशा के बरगढ़ जिले के एक अस्पताल में 13 वर्षीय एक लड़की ने कथित तौर पर खुद को आग लगा ली। घटना गैसिलाट थाना क्षेत्र के फिरिंगमल गांव में हुई।

पुलिस ने बताया कि नाबालिग को ग्रामीणों ने एक फुटबॉल मैदान से आधी जली हुई हालत में बचाया। उसे बरगढ़ जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने कहा, 'आत्मदाह के पीछे का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। आठवीं कक्षा की छात्रा ने खुद को आग लगाने के लिए पेट्रोल का इस्तेमाल किया।' यह ताजा घटना 12 जुलाई से अब तक तीन अन्य महिलाओं की जलकर मौत के बाद हुई है। उसी दिन बालासोर में एक 20 वर्षीय छात्रा ने अपने कॉलेज परिसर में खुद को आग लगा ली और 14 जुलाई को एम्स भुवनेश्वर में उसकी मौत हो गई। 19 जुलाई को बालांगा में एक नाबालिग लड़की को कथित तौर पर तीन बदमाशों ने आग लगा दी और 2 अगस्त को एम्स दिल्ली में उसकी मौत हो गई। तीसरी ऐसी घटना 6 अगस्त को केंद्रपाड़ा जिले में हुई, जब पट्टामुंडई (ग्रामीण) थाना क्षेत्र में एक तृतीय वर्ष की स्नातक छात्रा का जला हुआ शव उसके घर से मिला।

## जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर हादसा : अमरनाथ ड्यूटी से लौटते वक्त दो पुलिस अधिकारियों की मौत, एक घायल

श्रीनगर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, अमरनाथ यात्रा ड्यूटी पूरी करने के बाद तीन सब-इंस्पेक्टर श्रीनगर से जम्मू लौट रहे थे। इस दौरान शहर के लसजन इलाके के टेंगन क्षेत्र में उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो

# खबरें जरा हटके

## पिघलते ग्लेशियरों से गुजर रहा था चरवाहा, तभी दिखी एक लाश, गौर से देखा तो पता चला 28 साल है पुरानी!



इंसान की मौत के बाद उसका शरीर तुरंत ही सड़ने लगता है. ऐसे में अगर कोई शख्स जंगल में गुम हो जाए और वहां उसकी मौत हो जाए. तो सालों बाद लाश मिलना संभव ही नहीं होता है. हां अगर किसी का शव ऐसी जगह पर हो. जहां साल के 12 महीने बर्फ ही रहती हो, वहां भले ही शव सुरक्षित रहे. पर जहां बर्फ हर साल पिघलती हो, वहां कहीं कोई लाश सालों तक ठीक-ठाक रह जाए तो हैरानी की बात ही होगी. पाकिस्तान के रिमोट कोहिस्तान क्षेत्र में यही हुआ. एक पिघलते ग्लेशियर में 30 साल बाद नसीरुद्दीन का शव मिलने की खबर ने दुनिया को हैरान कर दिया है. 33 साल के नसीरुद्दीन दो बच्चों के पिता थे. जून 1997 में वे अपने भाई कथीरुद्दीन के साथ घोड़े पर सफर कर रहे थे. तभी उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी. दोनों आदमी भाग गए, और नसीरुद्दीन स्नो-कैप्ड माउंटेंस ऑफ लेडी वैली में एक नजदीकी गुफा में दौड़ पड़े. लेकिन वे इस गुफा से कभी बाहर नहीं आए.

कथीरुद्दीन ने व्यापक खोज बीन करवाई, लेकिन नसीरुद्दीन का कोई सुराग नहीं मिला. यह जानकारी परिवा ने द एक्सप्रेस ट्रिब्यून को दी. लेकिन कहानी में हैरान करने वाला मोड़ तब आया, जब 28 साल बाद, एक स्थानीय चरवाहे उमर खान को ग्लेशियर के अंदर नसीरुद्दीन का शव मिला. खान ने बीबीसी ऊर्दू को बताया कि शव 'पूरी तरह से सुरक्षित' था, उनकी कपड़े फटे नहीं थे और उनमें रखा हुआ आईडी कार्ड अब भी पहले जैसा ही था. उन्होंने बताया, "जो मैंने देखा, वह अविश्वसनीय था." नसीरुद्दीन के भाई कथीरुद्दीन ने बताया कि नसीरुद्दीन उस क्षेत्र से भागे थे क्योंकि उनका परिवार एक 'दुश्मन परिवार' के साथ विवाद में था. नसीरुद्दीन को आखिरकार मंगलवार को दफनाया गया, अपने 20 के दशक में एक बेटे और बेटी को छोड़कर. उनके बेटे नईम ने कहा कि वे परिवार के विवाद के कारण सालों से दिन के उजाले में अपने गृहनगर में नहीं गए हैं.

## 8 फुट के खूंखार मगरमच्छ को पालकर खुश है ये शख्स, साथ नहाता है और करता है प्यार, मानता है बड़ी बहन!



भाई-बहन का रिश्ता दुनिया के सबसे खूबसूरत और अनमोल रिश्तों में से एक होता है. यह रिश्ता प्यार, देखभाल और एक-दूसरे के प्रति अटूट विश्वास से भरा होता है. हमारे देश में इसी रिश्ते के सम्मान में हर साल रक्षा बंधन का त्योहार मनाया जाता है, जहां बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुरक्षा की कामना करती हैं और भाई अपनी बहनों की रक्षा का वादा करते हैं। ऐसे में आज राखी के इस पावन मौके पर हम आपको भाई-बहन के एक ऐसे ही अनोखे रिश्ते की कहानी बताने जा रहे हैं, जो हर तरह के नियमों और सीमाओं से परे है। यह कहानी जर्मनी के एक शख्स की है, जो मगरमच्छ को अपनी बड़ी बहन मानता है. वो बिना किसी डर के उसके साथ समय बिताते हैं, पूल में नहाते हैं और धूप सेंकते हैं. इस नजारे को देख लेने के बाद आप भी डर जाएंगे, लेकिन सच्चाई जानकर दांतों तले उंगली दबा लेंगे.

जर्मनी के रहने वाले इस शख्स का नाम क्रिस्टियन कॉलिस है, जो एक रिटायर्ड सर्कस परफॉर्मर रहे हैं. क्रिस्टियन ने घर में एक 8 फुट लंबे अमेरिकी मगरमच्छ को पाल रखा है, जिसका नाम फ्राउ मेयर है और वह 30 साल से ज्यादा समय तक सर्कस में करतब दिखा चुकी है. क्रिस्टियन फ्राउ मेयर को सिर्फ एक पालतू जानवर नहीं मानते, बल्कि उसे अपनी बड़ी बहन कहते हैं. रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, क्रिस्टियन और फ्राउ मेयर की दोस्ती तब से है, जब क्रिस्टियन एक छोटे बच्चे थे. क्रिस्टियन के पिता उस मगरमच्छ को तब सर्कस में लेकर आए थे, जब वह सिर्फ 2 साल का था. तब से फ्राउ मेयर क्रिस्टियन के परिवार के साथ ही है. इस दौरान ये मादा मगरमच्छ 30 सालों तक सर्कस में अपना परफॉर्मेंस देती रही. फिर क्रिस्टियन जब रिटायर हुए तो मगरमच्छ को भी अपने साथ घर लेते आए.

## जहां जमीन पर पैर रखना मना है, पानी पर रहते हैं हजारों लोग, इस गांव का सच है चौंकाने वाला!



दुनियाभर में कई ऐसे गांव हैं, जो कुछ खास वजहों से चर्चा में रहते हैं. इनमें से किसी गांव को सबसे क्लिनेस्ट विलेज माना जाता है, तो कोई गांव सिर्फ एक सड़क के किनारे ही बसा है. ऐसे में दुनियाभर के लोग इन गांवों को देखने के लिए जाते हैं. लेकिन आज हम आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताने जा रहे हैं, जो झील के बीचों-बीच बसा है. यहां न तो सड़कें बनी हैं और ना ही ऐशो-आराम की जिंदगी है. फिर भी ये लोग हंसी-खुशी रहते हैं. यहां तक कि जमीन पर पैर रखने की भी मनाही है. इसकी वजह चौंकाने वाली है. अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये गांव है कहां?

ऐसे में बता दें कि पश्चिमी अफ्रीकी देश बेनीन में एक ऐसा गांव है, जो अपनी अनोखी बनावट के लिए दुनिया भर में मशहूर है. कॉटोनू शहर से एक घंटे की दूरी पर नोकोए झील के बीचों-बीच बसे इस गांव का नाम गांवी है. झील के बीच बसे इस गांव की सबसे खास बात यह है कि पूरा का पूरा गांव लकड़ी के खंभों पर टिका हुआ है और पानी पर तैरता हुआ प्रतीत होता है. यहां की आबादी करीब 20,000 है और यह शायद पूरे अफ्रीका का सबसे बड़ा झील वाला गांव है. इसी वजह से यह पर्यटकों के बीच बहुत लोकप्रिय है. लेकिन गांवी गांव का इतिहास बहुत ही दर्द भरा है. ऐसा माना जाता है कि 16वीं या 17वीं शताब्दी में टोफिनु जनजाति के लोगों ने इस जगह पर अपना आशियाना बसाया था. दरअसल, वे फोन जनजाति के गुलाम बनाने वाले लोगों से अपनी जान बचा रहे थे.

## डीएमके वोट चोरी के खिलाफ 'इंडिया' ब्लॉक के साथ : एम.के. स्टालिन



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं डीएमके के अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने देश की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी पर चुनाव में धांधली का आरोप दोहराया। उन्होंने कहा कि डीएमके वोटचोरी के खिलाफ 'इंडिया' ब्लॉक के साथ खड़ी है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, भाजपा ने चुनाव आयोग को अपनी चुनावी धांधली मशीनरी में बदल दिया है। बेंगलुरु के महादेवपुरा में जो हुआ, वह कोई प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि जनादेश चुराने की एक सोची-समझी साजिश है।

उन्होंने कहा, मेरे भाई और विपक्ष के नेता थिरु द्वारा प्रस्तुत वोट चोरी के सबूत दिखाए गए। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस धोखाधड़ी को उजागर किया है। आज, जब थिरु और राहुल गांधी संसद भवन से भारतीय निर्वाचन आयोग तक 'इंडिया' ब्लॉक के सांसदों के साथ मार्च कर रहे हैं, तो हम चुनाव आयोग से कुछ मांग कर रहे हैं। स्टालिन ने अपनी मांग बताते हुए लिखा, हर राज्य के लिए पूरी मशीन-पठनीय मतदाता सूची तुरंत जारी की जाए, राजनीतिक रूप से प्रेरित नाम हटाने पर रोक लगाई जाए और हमारे लोकतंत्र के इस विनाश की एक स्वतंत्र जांच हो। उन्होंने लिखा, डीएमके इस लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। हम भाजपा को दिनदहाड़े भारत के लोकतंत्र को लूटते चुपचाप नहीं देखेंगे।

ज्ञात हो कि, राहुल गांधी कई राज्यों के विधानसभा चुनावों और लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग पर कथित तौर पर वोट चोरी का आरोप लगाते रहे हैं। वहीं, हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस उन्होने कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में करीब एक लाख फर्जी वोट बनाए का बड़ा आरोप लगाया। अब इस मुद्दे पर विपक्षी पार्टियां लामबंद दिख रही हैं।

चुनावों में कथित धांधली के खिलाफ 'इंडिया' ब्लॉक सोमवार को एक बार फिर शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी में है। राहुल गांधी के नेतृत्व में 'इंडिया' ब्लॉक के नेता मार्च निकालकर चुनाव आयोग के कार्यालय तक जाएंगे।

*आवारा कुत्तों के खतरे पर सुप्रीम कोर्ट सख्त*

## जो भी अड़ंगा डाले, उसके खिलाफ भी एक्शन लें




नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली एनसीआर में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर के नागरिक प्रशासन को सख्त निर्देश जारी किए हैं, जिनमें आवारा कुत्तों को पकड़ने, उन्हें जीवाणु रहित करने और उन्हें आश्रय गृह में रखने के निर्देश शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में अड़ंगा डालता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें। आवारा कुत्तों के लोगों पर हमलों और रेबीज संक्रमण के कई मामले सामने आने के चलते सुप्रीम कोर्ट ने यह बात कही है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि एनसीटी-दिल्ली, एमसीडी, एनएमडीसी तुरंत आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू करें और खासकर उन इलाकों में जहां आवारा कुत्तों का खतरा ज्यादा है। अदालत ने कहा कि आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति या संगठन इस काम में आड़े आए तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें। पीठ ने कहा कि करीब पांच हजार आवारा कुत्तों को रखने के लिए आश्रय स्थल बनाए गए हैं। इन आश्रय स्थलों में पर्याप्त संख्या में लोगों को तैनात किया जाए, जो आवारा कुत्तों को जीवाणु रहित बनाने और रेबीज के संक्रमण को रोकने के उपाय करें। शीर्ष अदालत ने ये भी कहा कि आवारा कुत्तों को स्टर्लाइज (जीवाणु रहित बनाने) करने के बाद सड़कों या कॉलोनियों में वापस नहीं छोड़ा जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि जनता के हित को ध्यान में रखते हुए वे ये निर्देश दे रहे हैं। पीठ ने कहा कि नवजात, छोटे बच्चे किसी भी कीमत पर इन आवारा कुत्तों के शिकार नहीं बनने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने एक हेल्पलाइन स्थापित करने के भी निर्देश दिए। इस हेल्पलाइन पर लोग कुत्तों के काटने की घटनाओं को रिपोर्ट कर सकें। सुप्रीम कोर्ट ने बीती 28 जुलाई को आवारा कुत्तों के हमलों की घटनाओं की मीडिया रिपोर्ट्स पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई शुरू की थी।

## पाकिस्तान हमें धमकी देता है, दूसरी ओर हम उसके साथ क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हैं : प्रियंका चतुर्वेदी



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच आयोजित होने वाले क्रिकेट मैच को लेकर शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि पाकिस्तान हमें धमकियां देता है और हम उनके साथ क्रिकेट मैच खेलने के लिए तैयार हो जाते हैं।

आखिर हम यह क्यों नहीं कह सकते हैं कि पाकिस्तान के साथ किसी भी तरह का मैच हम नहीं खेलेंगे। सोमवार को आईएएनएस से बातचीत में शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने पाकिस्तान सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के उस बयान को खोखली धमकी करार दिया जिसमें सेना प्रमुख ने कहा कि अगर वह डूबेंगे, तो आधी दुनिया को साथ लेकर डूब जाएंगे।

प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि पाकिस्तान की धमकियां सिर्फ खोखली बातें हैं और कुछ नहीं, खासकर तब जब हमारे वायुसेना प्रमुख बता चुके हैं कि हमने पाकिस्तान को कैसे सबक सिखाया। उन्होंने देश को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में बताया। आज देश और दुनिया जानती है कि पाकिस्तान को कैसे घुटने पर लाया गया। हालांकि, मैं केंद्र सरकार से पूछना चाहूंगी कि पाक आर्मी चीफ अमेरिका की धरती से परमाणु युद्ध की बात करता है और भारत को हानि पहुंचाने की बात कर रहा है, इसके बावजूद हम पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच खेलने वाले हैं। यह पूरी तरह से गलत है कि एक तरफ वे हमें धमकाते हैं और दूसरी तरफ हम क्रिकेट मैच खेलने के लिए राजी हो जाते हैं। चुनाव आयोग की ओर से इंडिया ब्लॉक के 30 सदस्यों को बैठक के लिए आमंत्रित करने पर उन्होंने कहा कि बैठक का समय मजबूरी में दिया गया था क्योंकि उन्हें पता है कि विपक्ष लोगों के अधिकारों के लिए आवाज उठा रहा है। संविधान सभी को वोट देने का अधिकार देता है, लेकिन चुनाव आयोग और भाजपा की मिलीभगत के कारण इसका उल्लंघन हो रहा है। यह देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्हें मजबूरी में समय देना पड़ा। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी जो सवाल उठा रहे हैं, वह महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने मीडिया में तथ्य प्रस्तुत किए हैं। चुनाव आयोग ने सबूत मांगे तो सबूत भी दिए गए। लेकिन, अब वे हलफनामा मांग रहे हैं।

## लुधियाना के एसएसपी पर हाईकोर्ट का एक्शन

**वेतन से देना होगा 20 हजार का जुर्माना-अदालत में पेश होने का आदेश**



हलवारा (पंजाब), 11 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट ने कड़ी कार्रवाई करते हुए जिला लुधियाना ग्रामीण पुलिस प्रमुख एसएसपी डॉ. अंकुर गुप्ता पर 20 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। इतना ही नहीं एसएसपी को 18 अगस्त को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने का आदेश भी दिया है। हाई कोर्ट ने यह कार्रवाई एक व्यक्ति की शिकायत पर की है। हाईकोर्ट ने पीड़ित सुखदेव सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र मलकीयत सिंह निवासी मंडी मुल्लांपुर के मामले में पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी में कोताही और लापरवाही बरतने पर एसएसपी डॉ. अंकुर गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई की है। सुखदेव सिंह ने कहा कि पुलिस की लापरवाही ने मुझे 9 साल रुलाया, अब उम्मीद है कि मुझे न्याय मिलेगा।

पीड़ित सुखदेव सिंह ने बताया कि 2016 में निजी कंपनी माउंटकूल बेवरेज लिमिटेड ने उनके साथ 4.60 लाख की धोखाधड़ी की थी। शिकायत करने पर कंपनी मालिकों ने अपनी पहुंच का इस्तेमाल करते हुए उन्हें ही झूठे केस में फंसाने की साजिश रच डाली, लेकिन जांच के दौरान उनके खिलाफ शिकायत फर्जी साबित हुई। बावजूद जिला ग्रामीण पुलिस ने उन्हें इंसाफ नहीं दिलाया। इंसाफ के लिए उन्होंने अनुसूचित जाति आयोग का दरवाजा खटखटाया, जिसके बाद 2020 में थाना सिधवां बेट में मुकदमा दर्ज हुआ। मुकदमा दर्ज होने के 5 साल बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## सीएम फडणवीस के भ्रष्ट मंत्रियों के खिलाफ कई जगह प्रदर्शन, उद्धव बोले-सबको बचा रहे हैं मुख्यमंत्री

मुंबई, 11 अगस्त (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वे अपनी कैबिनेट में मौजूद भ्रष्ट मंत्रियों को बचा रहे हैं। ठाकरे का दावा है कि महायुति सरकार ने राज्य को विकास में आखिरी पायदान पर और भ्रष्टाचार में पहले स्थान पर पहुंचा दिया है। यह आरोप उन्होंने मुंबई में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन के दौरान लगाया। मुंबई में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन का मकसद कथित भ्रष्ट मंत्रियों को पद से हटाना था। ठाकरे ने कहा कि पार्टी ने ऐसे ही विरोध पूरे राज्य में किए हैं और यह आंदोलन तब तक चलेगा जब तक इन मंत्रियों को बर्खास्त नहीं किया जाता। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि जनता तक महायुति के मंत्रियों की भ्रष्ट गतिविधियों की जानकारी पहुंचाएं। ठाकरे का आरोप है कि सरकार को सबूत सौंपने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। ठाकरे ने कई मंत्रियों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मंत्री योगेश कदम अपनी मां के नाम से डांस बार चला रहे हैं, जबकि मंत्री संजय शिरसाट के खिलाफ एक वीडियो में कथित रूप से कैश से भरा बैग दिखा। शिरसाट ने आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि बैग में केवल कपड़े थे। मंत्री माणिकराव कोकाटे पर विधान परिषद में रमी खेलने और किसानों पर असंवेदनशील टिप्पणी करने के आरोप हैं।

## 'पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ कहां हैं', संजय राउत का अमित शाह को पत्र-आगे की रणनीति भी बताई




मुंबई, 11 अगस्त (एजेंसियां)। शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। शिवसेना सांसद ने पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का के बारे में जानने के लिए यह पत्र लिखा है। उन्होंने दावा किया है कि उनसे संपर्क करने के प्रयास असफल रहे हैं। दरअसल, धनखड़ ने संसद के मानसून सत्र के पहले दिन 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। संजय राउत ने 10 अगस्त को अमित शाह को लिखे अपने पत्र में कहा, 'हमारे पूर्व उपराष्ट्रपति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। वह वर्तमान में कहां हैं? उनका स्वास्थ्य कैसा है? इन मामलों पर कोई स्पष्टता नहीं है। राज्यसभा के कुछ सदस्यों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे।' शिवसेना-यूबीटी नेता ने सोमवार को 'एक्स' पर यह पत्र साझा किया। राउत ने कहा कि दिल्ली में अफवाहें फैल रही हैं कि धनखड़ को उनके आवास तक सीमित कर दिया गया है और कथित तौर पर वह सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'उनसे या उनके कर्मचारियों से कोई संपर्क नहीं हुआ है, जो गंभीर चिंता का विषय है।' उन्होंने कहा, 'हमारे पूर्व उपराष्ट्रपति के साथ आखिर क्या हुआ? वह कहां हैं? उनका स्वास्थ्य कैसा है? क्या वह सुरक्षित हैं? देश इन सवालों की सच्चाई जानने का हकदार है।'

### उद्धव ठाकरे ने भी धनखड़ के बारे में पूछा था

पिछले हफ्ते शिवसेना-यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने धनखड़ के बारे में पूछा था। उन्होंने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'पूर्व उपराष्ट्रपति अब कहां हैं? इस मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए।' राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा कि उच्च सदन के उनके कुछ सहयोगी सुप्रीम कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर करने पर विचार कर रहे हैं, क्योंकि वे वास्तव में धनखड़ को लेकर चिंतित हैं।

सुविचार: अगर बीता हुआ वक़्त आपको परेशान कर रहा है तो यही समय है उसे श्रद्धांजलि देने का...

# भट्टी ने तेलंगाना से अधिकतम सिविल सेवा चयन का आह्वान किया



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि तेलंगाना से अधिकतम संख्या में उम्मीदवारों का सिविल सेवा में चयन होना चाहिए।

भट्टी विक्रमार्क सोमवार को प्रजा भवन में सिंगरेणी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, जिसका उद्देश्य मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 178 उम्मीदवारों को 1-1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करना था। उन्होंने कहा कि मानव संसाधन सबसे महत्वपूर्ण और सबसे मजबूत निवेश है, और अगर उन्हें तराश कर हीरे जैसा बनाया जाए, तो वे समाज के लिए बहुत लाभकारी हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में, जनता की सरकार ने सिविल सेवा की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों को कुछ सहायता प्रदान करना उचित समझा, क्योंकि उन्हें विश्वास है कि इससे उन्हें अपने लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी। भट्टी ने कहा, राज्य सरकार सिविल सेवा के इच्छुक उम्मीदवारों को हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है। उम्मीदवारों को प्रोत्साहित करने और उनमें आत्मविश्वास जगाने के लिए यह कार्यक्रम लगातार दूसरे वर्ष आयोजित किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने दोहराया कि मुख्य परीक्षा में उत्तीर्ण 178 उम्मीदवारों को 1-1 रुपये लाख दिए जा रहे हैं और साक्षात्कार के लिए चुने गए उम्मीदवारों को भी 1 लाख के साथ-साथ दिल्ली में आवास भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 148 उम्मीदवारों को वित्तीय सहायता दी गई थी, जिनमें से 10 का चयन सिविल सेवा के लिए हुआ था।

उपमुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र को कायम रखने में नौकरशाही की भूमिका महत्वपूर्ण है और सिविल सेवा लोगों के जीवन स्तर को बदलने का अवसर प्रदान करती है।

भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि राज्य में सेवा देने वाले हजारों अधिकारियों में से एस.आर. शंकरन, पार्थसारथी और माधव राव जैसे कुछ ही नाम लोगों के दिलों में बसे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई समर्पण भाव से सेवा करता है, तो उसे लोगों के दिलों में हमेशा याद रखा जा सकता है।

## चेतना नंद सिंह ने दक्षिण मध्य रेलवे के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक का कार्यभार संभाला



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। चेतना नंद सिंह ने सोमवार को दक्षिण मध्य रेलवे के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक का कार्यभार संभाल लिया है। वे भारतीय रेलवे विद्युत इंजीनियर सेवा (आईआरएसईई) के 1993 बैच के हैं। इस नए कार्यभार से पहले, वे पूर्व रेलवे, आसनसोल में मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) के पद पर कार्यरत थे। अपने कार्यकाल के दौरान, चेतना नंद सिंह ने भारतीय रेलवे में कई महत्वपूर्ण पदों  मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, ग्रीनफील्ड लोकोमोटिव परियोजना, पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर, मुख्य विद्युत इंजीनियर (रोलिंग स्टॉक), मेट्रो रेलवे, महाप्रबंधक के सचिव, मेट्रो रेलवे/कोलकाता, मंडल विद्युत इंजीनियर, आसनसोल मंडल पर कार्य कर चुके हैं।

# चोर गिरोह का पर्दाफाश, 6 गिरफ्तार



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सुल्तान बाजार पुलिस ने 6 अपराधियों के कुख्यात शटर चोरी गिरोह को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने 3 अगस्त की मध्यरात्रि को लक्ष्मी मोबाइल्स शॉप, गुजराती गली, कोटी, हैदराबाद से 9 लाख रुपये नकदी चुराने का अपराध किया था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में राजस्थान के निवासी जैसा राम, नागाजी राम, लीलाराम, लक्ष्मणराम उर्फ श्रवण, जबरा राम, परसाराम को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों को सूचना मिली थी कि यदि वे शिकायतकर्ता मोबाइल की दुकान में, विशेष रूप से रविवार को, चोरी करेंगे, तो उन्हें भारी मात्रा में नकदी मिलेगी। इसके बाद आरोपियों ने गुजराती गली, कोटी स्थित लक्ष्मी मोबाइल शॉप में चोरी करने का फैसला किया। अपनी योजना के अनुसार, वे 3 अगस्त को ट्रेन से हैदराबाद आए और दिलसुखनगर स्थित ऑनेस्ट लॉज में एक कमरा लिया और दुकान की रेकी की और ग्रिल और शटर के ताले तोड़कर चोरी की और कैश काउंटर से 9 लाख रुपये की नकदी चुरा ली। इस मामले में सुल्तान बाजार, थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मसारा राम देवासी ने पुलिस को बताया कि वह गुजराती गली, कोटी में लक्ष्मी मोबाइल के नाम से मोबाइल एक्सेसरीज़ की दुकान चलाते हैं। 3/4 अगस्त की मध्यरात्रि को अज्ञात अपराधियों ने उनकी मोबाइल दुकान के शटर और ग्रिल के ताले तोड़कर दुकान में घुसकर कैश ड्रॉअर में रखे 9 लाख रुपये चुरा लिए।

पूर्वी क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त के निर्देशानुसार, सुल्तान बाज़ार पुलिस के एसीपी के पर्यवेक्षण में पी. धर्मा राव, डिटेक्टिव पुलिस निरीक्षक (आई.ओ.), के. स्वामी, पुलिस उपनिरीक्षक, अचैया, सहायक उपनिरीक्षक और एम. तुलजाराम सिंह, हेड कांस्टेबल की एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से तुरंत कार्रवाई की और तकनीक का उपयोग करके जानकारी जुटाई और 10 अगस्त की शाम को ऑनेस्ट लॉज, दिलसुखनगर, हैदराबाद से 6 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। अपराधियों से गहन पूछताछ की गई और उनके पास से 8 लाख रुपये की लूट का माल और 6 मोबाइल फोन जब्त किए गए। इसके पूर्व भी इस गिरोह ने कई घटनाओं को अंजाम दिया है।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

सिद्दीपेट, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राखी का त्यौहार एक परिवार के लिए उस समय दुखद हो गया जब एक महिला की मौत हो गई और उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। वह अपने भाई को राखी बांधने के बाद घर लौट रही थी। शिवलीला (45) नाम की महिला पड़ोसी यादाद्री-भोंगीर जिले के राजूपेट मंडल के नेमिला की रहने वाली थी। वह शनिवार को कस्बे में रहने वाले अपने भाई को राखी बांधने गजवेल आई थी। जगदेवपुर पुलिस के अनुसार, शिवलीला का भतीजा, सुंकरी संतोष (25), उसे अपनी मोटरसाइकिल पर नेमिला वापस ले जा रहा था, तभी जगदेवपुर पहुंचने पर विपरीत दिशा से आ रही एक तेज़ रफ़्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। शिवलीला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि संतोष गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना से शिवलीला और उसके भाई, दोनों के परिवार सदमे में हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गजवेल के सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है।

# पानी से लबालब भर गया हुसैन सागर

**भारी संख्या में लोगों की आमद**

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। स्थानीय अधिकारियों ने सोमवार को पुष्टि की कि शहर का हुसैन सागर पानी के महत्वपूर्ण प्रवाह के बाद पूरी तरह भर गया है। आंकड़ों के अनुसार, हुसैन सागर झील में शुद्ध 1,027 क्यूसेक जल प्रवाह और 1,130 क्यूसेक जल बहिर्वाह हो रहा है। झील का वर्तमान जल स्तर 513.40 मीटर है, जो झील के



पूर्ण टैंक स्तर (एफटीएल) 513.41 मीटर से थोड़ा कम है। झील में जलस्तर में वृद्धि मुख्यतः पिछले कुछ दिनों में आसपास के जलग्रहण क्षेत्रों में हुई भारी वर्षा के कारण हुई है। परिणामस्वरूप, झील अपनी अधिकतम क्षमता तक पहुँच गई, जिससे अधिकतम वर्षा के दौरान संभावित अतिप्रवाह की चिंताएँ बढ़ गई हैं।

जीएचएमसी स्थिति पर कड़ी नज़र रख रही है और आस-पास के इलाकों में बाढ़ को रोकने और पानी के बहाव को नियंत्रित करने के लिए ज़रूरी कदम उठाए हैं। जीएचएमसी के एक अधिकारी ने बताया, 'हम लगातार जलस्तर पर नज़र रख रहे हैं और आस-पास के इलाकों में रहने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं।'

निवासियों को सतर्क रहने तथा स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए अधिकारियों से प्राप्त अपडेट पर नजर रखने की सलाह दी गई है।

## वाहन चालकों से जबरन वसूली करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

आदिलाबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने सोमवार को एक व्यक्ति को लिफ्ट मांगने वाले के रूप में वाहन चालकों से जबरन पैसे वसूलने के आरोप में गिरफ्तार किया। आदिलाबाद I टाउन इंस्पेक्टर बी सुनील ने बताया कि आरोपी, आदिलाबाद ग्रामीण मंडल के वागापुर गांव का चकती किरण, एक महिला की मदद से वाहन चालकों को निशाना बनाने के आरोप में पकड़ा गया है। किरण ने एक महिला को लिफ्ट देने के लिए शिकायत दर्ज कराने की धमकी देकर एक वाहन चालक से 30,000 रुपये ऐंठने की बात कबूल की है। पुलिस के मुताबिक, किरण और महिला, वाहन चालकों से सवारी मांगते थे, जिसके बाद वह उन पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाता था। एक मामले में, महिला के साथ अपना संपर्क नंबर साझा करने के बाद होने वाले परिणामों के डर से, वाहन चालक को सोना गिरवी रखकर किरण को रकम सौंपने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# अमेरिकी विश्वविद्यालय मेले में बड़ी संख्या में शामिल हुए छात्र

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अमेरिकी दूतावास और अमेरिकी वाणिज्य दूतावास हैदराबाद ने सोमवार को हैदराबाद में 2025 एजुकेशनयूएसए विश्वविद्यालय मेले की मेजबानी की। यह मेला, भारत भर में आठ शहरों के दौरे का तीसरा पड़ाव था, जिसमें छात्रों को 30 से अधिक मान्यता प्राप्त अमेरिकी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के प्रतिनिधियों से जोड़ा गया। यह मेला श्रृंखला 9 अगस्त से 17 अगस्त तक चलेगी और चेन्नई, बेंगलुरू, हैदराबाद, नई दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद, मुंबई और पुणे में आयोजित की जाएगी। हैदराबाद मेले में छात्रों और अभिभावकों का एक बड़ा और विविध समूह आया, जो संयुक्त राज्य अमेरिका में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त करना चाहते थे। उपस्थित लोगों ने अमेरिकी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों से सीधे बातचीत की, प्रवेश आवश्यकताओं,




छात्रवृत्तियों और परिसर जीवन के बारे में जानकारी प्राप्त की, तथा छात्र वीज़ा प्रक्रिया पर एजुकेशनयूएसए के सलाहकारों और अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।

उन्होंने कहा, अमेरिका में पढ़ाई करना एक बड़ी प्रतिबद्धता है, समय, धन और प्रयास का निवेश है। यह समझना ज़रूरी है कि अंतर्राष्ट्रीय छात्र होना एक विशेषाधिकार है जिसके साथ महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारियां भी जुड़ी हैं। अमेरिकी छात्र वीज़ा के लिए अर्हता प्राप्त करने में अमेरिकी कानूनों का पालन करने का इरादा प्रदर्शित करना शामिल है। अमेरिका कानून का उल्लंघन करने वाले लोगों, जिनमें छात्र भी शामिल हैं, के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करता।

सीजी विलियम्स ने बताया कि एजुकेशनयूएसए छात्रों को सही विश्वविद्यालय चुनने और आत्मविश्वास के साथ आवेदन प्रक्रिया में आगे बढ़ने में मदद करने के लिए सटीक, व्यापक और निष्पक्ष जानकारी प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा, और वे यह सब छात्रों और उनके परिवारों के लिए निःशुल्क करते हैं।

## नियमों का पालन न करने पर 13 राजनीतिक दलों को सूची से हटाया

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सी. सुदर्शन रेड्डी ने सोमवार को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने तेलंगाना में 13 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को नियामक आवश्यकताओं को पूरा न करने के कारण अपनी सूची से हटा दिया है। रेड्डी ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि 9 अगस्त को जारी यह आदेश ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम आयुक्त, हैदराबाद जिला चुनाव अधिकारी और सभी जिला कलेक्टरों को कार्यान्वयन के लिए भेजा गया है।

हटाए गए दल में आंध्र प्रदेश राष्ट्र सामूहिक समिति पार्टी (रंगारेड्डी), बहुजन समाज पार्टी- अंबेडकर-फुले (मेडचल-मलकाजगिरी), भारतीय अल्पसंख्यक राजनीतिक दल (हैदराबाद), जातीय महिला पार्टी (रंगारेड्डी), युवा तेलंगाना पार्टी (रंगारेड्डी), जागो पार्टी (हैदराबाद), नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (हैदराबाद), तेलंगाना कार्मिक रैतु राज्यम पार्टी (हनुमाकोंडा), तेलंगाना लोकसत्ता पार्टी (हैदराबाद), तेलंगाना अल्पसंख्यक ओबीसी राज्यम (हैदराबाद), तेलंगाना प्रजा समिति-किशोर, राव और किशन (हैदराबाद), तेलंगाना स्टूडेंट्स यूनाइटेड फॉर नेशन (वारंगल), और युवा पार्टी (हैदराबाद) शामिल है। उन्होंने कहा कि यह कदम देश भर में पार्टी रजिस्टरों को अद्यतन करने और यह सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग की व्यापक पहल का हिस्सा है कि केवल सक्रिय, अनुपालन करने वाली राजनीतिक संस्थाएं ही सूची में रहें।

# स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जानी चाहिए : जिला कलेक्टर



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सोमवार को एकीकृत जिला कार्यालय परिसर भवन के सम्मेलन हॉल में प्रजावाणी कार्यक्रम के बाद रंगारेड्डी जिला कलेक्टर सी. नारायण रेड्डी ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की व्यवस्थाओं पर जिला अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की।

इस अवसर पर बोलते हुए कलेक्टर ने कहा कि कोंगाराकल एकीकृत जिला कार्यालय परिसर भवन परिसर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान वीआईपी, अधिकारियों, मीडिया और अन्य लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था की जानी चाहिए। राजस्व अनुविभागीय अधिकारी को पेयजल एवं सफाई की व्यवस्था करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को ऐसा करने के निर्देश दिए गए। मुख्य अतिथि का संदेश संबंधित विभागों की प्रगति रिपोर्ट जिला प्रमुख द्वारा तैयार की जाती है। उन्होंने कहा कि इसकी सूचना योजना अधिकारी को दी जाए और समारोह में आने वाले अतिथियों को पुलिस को सूचित किया जाए। पुलिस सलामी के साथ-साथ समारोह के दौरान पुलिस बंदोबस्त की व्यवस्था करेगी। अधिकारियों को सुझाव दिया गया कि एक मंच स्थापित किया जाना चाहिए। बिजली अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि कोई व्यवधान न हो। डीईओ को छात्रों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने को कहा है। उन्होंने आदेश दिया कि समारोह के दौरान स्टॉल और बाजार लगाए जाएं। समारोह की तैयारियों में किसी भी प्रकार की गलती से बचने के लिए प्रबंध किए जाने चाहिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दिया है। कार्यक्रम में जिला अतिरिक्त कलेक्टर चंद्र रेड्डी और के. श्रीनिवास, जिला राजस्व अधिकारी संगीता, कलेक्ट्रेट एओ सुनील कुमार, जिला परिषद के सीईओ कृष्णा रेड्डी, जिला अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी, अग्निशमन विभाग के अधिकारी, संबंधित अधिकारी भाग लिया।

## हाइड्रा मार्शलों ने वेतन वृद्धि की मांग को लेकर ड्यूटी का बहिष्कार किया

### शहर में आपातकालीन सेवाएं पूरी तरह ठप

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हाइड्रा के मार्शलों ने आज अपने वेतन में कटौती को लेकर एक अहम फैसला लिया। वेतन कटौती से नाराज मार्शलों ने आज अपनी ड्यूटी का बहिष्कार कर दिया। इसके साथ ही हैदराबाद शहर में आपातकालीन सेवाएं पूरी तरह ठप हो गईं। आपातकालीन सेवाओं के साथ-साथ 51 हाइड्रा वाहनों ने भी काम करना बंद कर दिया है। शहर के 150 डिवीजनों में हाइड्रा सेवाएं पूरी तरह से बाधित हो गई हैं। मार्शलों ने ड्यूटी के बहिष्कार पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि उनके महानिदेशक के आदेशानुसार उन्हें 45 हजार रुपये वेतन दिया जाना चाहिए, लेकिन उन्हें बहुत कम वेतन दिया जा रहा है। मार्शलों ने स्पष्ट किया कि वे तभी काम करेंगे जब उन्हें पर्याप्त वेतन दिया जाएगा। हम इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए हाइड्रा कमिश्नर रंगनाथ से मिलने आए थे। चूंकि हम सेना से सेवानिवृत्त हुए हैं, इसलिए हमें पेंशन मिलेगी। लेकिन कुछ लोग हमारी पेंशन के बारे में अपनी मनमर्जी से बात कर रहे हैं। वे देश के लिए हमारी सेवाओं को मान्यता दे रहे हैं और हमें पेंशन दे रहे हैं। मज़दूरी करने वालों का वेतन भी बढ़ेगा। उन्होंने हमारा वेतन कम कर दिया है। हमें उचित सम्मान मिलना चाहिए। मानसून की आपात स्थिति के कारण वे हमें कम से कम एक हफ़्ते की छुट्टी भी नहीं दे रहे हैं। इसके अलावा, वे हमें सम्मान भी नहीं दे रहे हैं।

# केंद्रीय कैबिनेट सचिव ने मुख्य सचिवों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की

### मुख्य सचिव के रामकृष्ण राव ने लिया भाग



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय कैबिनेट सचिव टी वी सोमनाथन ने आज सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस की और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा विनियमन-मुक्ति और अनुपालन में कमी लाने की प्रक्रिया को लागू करने में हुई प्रगति का जायजा लिया। बैठक के दौरान विभिन्न राज्यों द्वारा शुरू की गई नियामक अनुपालन और विनियमन-मुक्ति पहलों की समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव के रामकृष्ण राव ने केंद्रीय कैबिनेट सचिव को बताया कि कार्यान्वयन के लिए चिन्हित कुल 23 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से 12 का कार्यान्वयन पहले ही किया जा चुका है, 10 कार्यान्वयन के अधीन हैं, जबकि एक क्षेत्र कार्यान्वयन के लिए अनिच्छुक श्रेणी में आता है।

राज्य जन विश्वास विधेयक का उल्लेख करते हुए, मुख्य सचिव ने बताया कि प्रारंभिक मूल्यांकन में सचिवालयी विभागों में आपराधिक प्रावधानों की पहचान की गई है और इसे विभागों के साथ साझा किया गया है। इसके अलावा, विभागों को राज्य जन विश्वास विधेयक के मसौदे में शामिल करने के लिए प्रस्तावित सूची साझा करने के लिए कहा गया। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों को समय-सीमा के भीतर प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को लागू करने के भी निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस में विशेष मुख्य सचिव टीआर एंड बी विकास राज, विशेष मुख्य सचिव उद्योग संजय कुमार, प्रमुख सचिव श्रम दानकिशोर, अतिरिक्त महानिदेशक अग्निशमन सेवाएं नागिरेड्डी, प्रमुख सचिव ईएफएस एंड टी अहमद नदीम और अन्य अधिकारी शामिल हुए।

## लकड़ी डिपो मालिक की हत्या

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मियापुर में अज्ञात व्यक्तियों ने एक लकड़ी डिपो मालिक की हत्या कर दी। पीड़ित की पहचान श्रीनु के रूप में हुई है, जो हफीजपेट रेलवे स्टेशन के सामने लकड़ी का डिपो चलाता है। पुलिस के अनुसार, रविवार दोपहर को कुछ लोगों ने श्रीनू को उसके लकड़ी के डिपो के पास पड़ा हुआ पाया और उसे एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस को शक है कि श्रीनू की हत्या कुछ ऐसे लोगों ने की है जिनसे उसकी पुरानी दुश्मनी थी। मामला दर्ज कर लिया गया है।

# केटीआर ने राजकोषीय गिरावट पर जताई चिंता

### कैग रिपोर्ट को बताया 'रेड अलर्ट'

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के राजस्व में गिरावट पर चिंता जताते हुए, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की नवीनतम रिपोर्ट पर गंभीर चिंता जताई।

उन्होंने कांग्रेस सरकार पर सत्ता संभालने के कुछ ही महीनों के भीतर तेलंगाना को आर्थिक संकट में धकेलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के असफल शासन का नतीजा एक असफल अर्थव्यवस्था के रूप में सामने आया। उन्होंने कहा, 'उन्होंने छह गारंटियों का वादा किया था, लेकिन एक असफल अर्थव्यवस्था ही दी।'

उन्होंने आगे कहा कि आय में गिरावट आ रही है, जबकि कर्ज बढ़ता जा रहा है।

रामा राव ने इसे 'रॉकेट साइंस नहीं, बल्कि सीधा गणित' बताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार की अक्षमता के कारण राज्य की वित्तीय स्थिति चरमरा रही है। उन्होंने बताया कि बजट में 2,738 करोड़ रुपये के अधिशेष का अनुमान लगाया गया था, लेकिन पहली तिमाही 10,583 करोड़ रुपये के भारी राजस्व घाटे के साथ समाप्त हुई। सीएजी के अनुसार, गैर-कर राजस्व लक्ष्य 2,26,720 करोड़ रुपये के 3.37 प्रतिशत पर बेहद कम था, जबकि उधारी पहले ही 20,266 करोड़ रुपये यानी वार्षिक सीमा का 37.5 प्रतिशत तक पहुंच चुकी थी।

रामा राव ने पूछा, 'बिना एक भी नई सड़क या परियोजना शुरू किए, और छात्रों को भरपेट भोजन भी मुहैया कराए बिना, इस सरकार ने 20,266 करोड़ रुपये खर्च कर दिए।

पूर्व तट रेलवे
विज्ञापन की ई-नीलामी
नीलामी सूचीपत्र सं. CAT-ADVTD-003
लॉट सं./श्रेणी: ADVT-WAT-VSKP-OSD-206-25-2 (Advertising - On Station Premise (Digital))
विवरण: विशाखापट्णम रेलवे स्टेशन में RDN नीति के अनुसार गेट-1 कनकर्स एरिया, गेट-4 से प्लेटफॉर्म-8 के प्रवेश द्वार, प्लेटफॉर्म-1 से प्लेटफॉर्म-8 तक, सम्पूर्ण फूट ओवर ब्रिजों (FOB's) तथा प्लेटफॉर्म-1 से प्लेटफॉर्म-8 के भीतर प्लेटफॉर्म खम्भों पर 50:50 टाइम शेयरिंग के आधार पर डिजिटल डिसप्ले उपकरण के माध्यम से यात्री सूचना के साथ डिजिटल विज्ञापनों का प्रदर्शन। विज्ञापन के लिए कुल प्रस्तावित एरिया 1200 SFT (स्टेशन एरिया के लिए 650 SFT एवं खम्भों के लिए 550 SFT) है।
दर इकाई: वार्षिक लाइसेंस शुल्क, ट्रिप/दिन: 1826, न्यूनतम वृद्धि: 0.2%, लॉट की स्थिति: मसौदा सूचीपत्र में नया।
नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय: 20.08.2025 को 1100 बजे। नीलामी समाप्त होने की तारीख एवं समय: 20.08.2025 को 1130 बजे।
द्रष्टव्य: प्रत्याशित बोलीदाताओं से www.ireps.gov.in पर जाने तथा इस ई-नीलामी के संबंध में सभी अपेक्षित जानकारियां प्राप्त करने के लिए आगामी ई-नीलामी लीजिंग टैब देखने की सलाह दीजाती है।
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, विशाखापट्टणम
PR-455/Q/25-26

# समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में शोषण और गुंडा टैक्स को नहीं भूले हैं व्यापारी : सीएम योगी



लखनऊ, 11 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मानसून सत्र के पहले दिन समाजवादी पार्टी और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय पर तीखा हमला बोला। सपा के कार्यकाल में व्यापारियों पर हुए अत्याचार और गुंडा टैक्स की याद दिलाते हुए सीएम योगी ने कहा कि सपा का लोकतंत्र में विश्वास केवल दिखावा है। उन्होंने संभल, बहराइच और गोरखपुर में सपा की नकारात्मक राजनीति पर भी सवाल उठाए।

मुख्यमंत्री योगी ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को एक वरिष्ठ नेता बताते हुए कहा कि कुछ लोग उनके कंधे पर बंदूक रखकर गोली चला रहे हैं। सीएम योगी ने कहा, माता प्रसाद पांडेय आप वरिष्ठ हैं। आपको अनावश्यक रूप से मोहरा बनाकर कुछ लोग आपके कंधे पर बंदूक रखकर निशाना साध रहे हैं। आपको ऐसा होने नहीं देना चाहिए। उन्होंने गोरखपुर के विरासत कॉरिडोर के मुद्दे पर सपा की राजनीति को नकारात्मक और विकास विरोधी करार दिया। सीएम योगी ने गोरखपुर के विरासत कॉरिडोर के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यह कॉरिडोर गोरखपुर के सबसे पुराने बाजार, घंटाघर और गीता प्रेस जैसे ऐतिहासिक स्थानों को जोड़ने का काम करेगा। सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने नेता प्रतिपक्ष से तीन दिन पहले गोरखपुर विरासत कॉरिडोर का निरीक्षण किया था। वहां के एक-एक व्यापारी से बात की। यह गोरखपुर का सबसे पुराना बाजार है, जहां कंजेशन और अवैध कब्जे की समस्या थी। हमने सड़क निर्माण और कंजेशन दूर करने का काम शुरू किया है।

सीएम योगी ने बताया कि उन्होंने व्यापारियों को मुआवजा देने का आश्वासन दिया है। सरकार सुनिश्चित करेगी कि विकास कार्यों के दौरान किसी का नुकसान न हो। उन्होंने सपा पर आरोप लगाया कि उनके कार्यकाल में इस क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सपा के समय में मासूम बच्चे हर साल इन्सेफेलाइटिस से मरते थे। हर साल 700 से 1500 बच्चों की मौत इन्सेफेलाइटिस से होती थी। नेता प्रतिपक्ष के विधानसभा क्षेत्र और सिद्धार्थनगर जनपद में सैकड़ों बच्चे मरते थे, लेकिन आपने कुछ नहीं किया। स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास आपका एजेंडा कभी नहीं रहा।

उन्होंने कहा कि गोरखपुर के व्यापारियों ने माता प्रसाद पांडेय के दौरे का विरोध किया था, क्योंकि सपा के कार्यकाल में व्यापारियों को भय और गुंडा टैक्स का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी व्यापारी सपा के कार्यकाल में हुए शोषण को नहीं भूले हैं। व्यापारी इसलिए आशंकित और आक्रोशित थे कि आप बिना बुलाए वहां गए और उनके विकास कार्यों में बाधा डालने की कोशिश की। सीएम योगी ने आगे कहा कि व्यापारियों ने आपका सम्मानपूर्वक विरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा से सुरक्षा और विकास की उम्मीद नहीं की जा सकती। सीएम योगी ने संभल में सपा सरकार के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार वहां शुद्धिकरण अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि सपा ने संभल में जो नकारात्मकता फैलाई, आज हम उसे सुधार रहे हैं।

## सपा का विरोध, 18 विधायकों ने प्रश्न नहीं पूछे

लखनऊ, 11 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी विधानसभा सत्र के पहले दिन की शुरुआत हंगामे के साथ हुई। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने गोरखपुर दौरे के दौरान उनके साथ हुई बदसलूकी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि मुझे गाड़ी से खींचने की कोशिश की गई। इस मामले पर सपा विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। नारे लगाए- ब्राह्मण विरोधी सरकार नहीं चलेगी। सीएम योगी ने माता प्रसाद पांडेय को जवाब दिया। कहा- आप वरिष्ठ हैं। कुछ लोग आपके कंधे पर बंदूक रखकर गोली चला रहे। आपको ऐसा नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने गोरखपुर के विरासत कॉरिडोर के मुद्दे पर सपा की राजनीति को नकारात्मक और विकास विरोधी करार दिया।

# 2027 के बाद जो सत्ता में आएगा, वही यूपी का विजन तय करेगा : पल्लवी पटेल



लखनऊ, 11 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र की शुरुआत सोमवार से हो गई। इस बार सरकार ने 24 घंटे नॉन-स्टॉप सत्र चलाने का निर्णय लिया, हालांकि प्रदेश की मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी ने 24 घंटे के सत्र में शामिल होने से मना कर दिया। इस बीच विरोधी दलों ने इस चर्चा को लेकर अपनी राय व्यक्त की है।

अपना दल (कमेरावादी) नेता एवं विधायक पल्लवी पटेल ने आईएएनएस से कहा, उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है, जिसकी आबादी 25 करोड़ है और 403 जनप्रतिनिधि हैं। अगर यह चार दिवसीय विधानसभा सत्र दिन-रात चलाया भी जाए, तो भी सभी 403 निर्वाचन क्षेत्रों के मुद्दों का पूरी तरह से समाधान नहीं हो पाएगा। वे (यूपी सरकार) विजन तय करने वाले कौन होते हैं? विजन 2027 के बाद जो भी सत्ता में आएगा, वही तय करेगा। जिसकी सरकार बनेगी, वही विजन बनाएगा। वे यह कैसे मान सकते हैं कि 2027 में वे ही इसे तय करेंगे? सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने कहा, हम वर्तमान में सत्ता में नहीं हैं, और चूंकि हम सत्ता में नहीं हैं, इसलिए हम अपने सहयोगियों और समर्थकों के माध्यम से काम कर रहे हैं जो शिक्षा और गरीब बच्चों के कल्याण में शामिल हैं। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा ने कहा, यह साढ़े तीन दिनों का एक छोटा सत्र है, और विपक्ष बार-बार मांग कर रहा है कि उत्तर प्रदेश के 25 करोड़ लोगों की आवाज इस सदन में सुनी जानी चाहिए, क्योंकि हम इसी उद्देश्य से चुने गए हैं। अगर इस सत्र में बाढ़, कानून व्यवस्था, स्कूल बंद होने, बच्चों का भविष्य, निजीकरण और युवा बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर चर्चा नहीं होगी, तो फिर किस पर चर्चा होगी? मतदाता सूची में कथित तौर पर गड़बड़ी करने वाले मामले को लेकर उन्होंने कहा, मैं एक सवाल पूछना चाहती हूं और मैं इसे बहुत गंभीरता से पूछ रही हूं।

राहुल गांधी कोई साधारण व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वह विपक्ष के नेता के रूप में एक संवैधानिक पद पर हैं और संसद के सदस्य हैं। उन्होंने शपथ ली है और सदन में अपनी जगह ली है। उन्होंने सबूतों के साथ अपनी बात रखी है। क्या चुनाव आयोग यह कहते हुए एक हलफनामा देगा कि उनके रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं है? उन्हें पहले यह हलफनामा देना चाहिए।

# बाढ़ का कहर : बदायूं में गंगा का रौद्र रूप, साल 2023 का टूटा रिकॉर्ड

## > खेत डूबे-घरों में पानी > 39 गांव प्रभावित



बदायूं, 11 अगस्त (एजेंसियां)। बदायूं जिले में गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। रविवार को साल 2023 का रिकार्ड तोड़ते हुए जलस्तर खतरे के निशान से 55 सेमी अधिक हो गया। सोमवार को भी जलस्तर बढ़ रहा है।

करीब 39 गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इन गांवों में राहत कार्य तेज कर दिया गया है। प्रभावित लोगों को नाव और स्टीमर के जरिये बाहर निकाला जा रहा है। डीएम और एसएसपी ने संबंधित विभागों को सतर्कता बरतने को कहा है। उन्होंने बताया कि राहत सामग्री, भोजन पैकेट और पीने के पानी की आपूर्ति बाढ़ क्षेत्र में कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल टीम लगाई है।

**तीन लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा गया**

नरौरा से तीन लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ने के बाद स्थिति और खराब हो गई। सहसवान और उसहैत क्षेत्र के गांवों में बाढ़ कहर बरपा रही है। सहसवान के खागीनगला, तोफिया नगला भमरौलिया व वीरसहाय नगला के बाद तेली नगला व गिरधारी नगला गांवों में बाढ़ का घुस गया है। उसहैत का जटा व दातागंज क्षेत्र में रामगंगा से प्रभावित कटकोरा, देवरनियां, नवादा बदन, गढ़िया पैगंबरपुर टापू बने हुए हैं। ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उसहैत क्षेत्र के गांव जटा, अहमद नगर बछौरा, बल्ले नगला, बेहटी, ठकुरी नगला, जटा, कमले नगला, रैपुरा, कदम नगला, कमलईयापुर, दल नगला, जसवंत नगला, प्रेमी नगला, सिठौली खाम का संपर्क अन्य गावों से टूट गया है। गांव के बाहर तक पानी है। पानी का बहाव देखकर लोग सहमे हुए हैं। दातागंज क्षेत्र के गांव कटकोरा, देवरनियां, नवादा बदन, गढ़िया पैंगबरपुर, कटक, बिहारीपुर अजब, कुंडरा मजरा, जलेबी नगला, नगला देवेंद्र सिंह, नगला, सुखपाल सिंह, भेड़ा, लालपुर खादर, शेर पुर,मौजमपुर, पूरन भेड़ा, पट्टी विजा, हर्रामपुर गांवों को जाने वाले मार्ग पूरी तरह से बंद हो गए हैं।

# बिहार चुनाव से पहले उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित छह नेताओं की सुरक्षा बढ़ी



पटना, 11 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में इस साल होने वाले चुनाव से पहले सरकार ने छह नेताओं की सुरक्षा बढ़ा दी है। जिन नेताओं की सुरक्षा बढ़ाई गई है उनमें उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव भी शामिल हैं।

राज्य सुरक्षा समिति की बैठक में इन नेताओं की सुरक्षा बढ़ाने का फैसला बिहार सरकार की तरफ से लिया गया है। जिन नेताओं की सुरक्षा बढ़ाई गई है उनमें उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव, अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह, बाढ़ के विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू और जदयू के एमएलसी नीरज कुमार शामिल हैं। इसको लेकर गृह विभाग की तरफ से आदेश जारी कर दिया गया है। राज्य सरकार की अनुशंसा के आधार पर राज्य सुरक्षा समिति की एक अगस्त को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया है। सम्राट चौधरी अब जेड प्लस की सुरक्षा घेरे में रहेंगे। बिहार सरकार ने इन्हें एएसएल सुरक्षा के साथ जेड प्लस की सुरक्षा प्रदान की है।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की सुरक्षा को लेकर पिछले कुछ समय से सवाल उठाए जा रहे थे। अब उनकी भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सरकार ने उनकी सुरक्षा को बढ़ाते हुए जेड श्रेणी की सुरक्षा देने का फैसला लिया है। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव भी लंबे समय से सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे थे। लॉरेंस बिश्नोई गैंग से कथित धमकी मिलने की बात सामने आने के बाद से ही पप्पू यादव केंद्र और राज्य सरकार से सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इन्हें अब वाई प्लस की सुरक्षा दी गई है। इसी तरह अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह अब वाई प्लस की सुरक्षा घेरे में रहेंगे जबकि बाढ़ के विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू की सुरक्षा भी बढ़ाकर वाई प्लस कर दी गई है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता और एमएलसी नीरज कुमार की सुरक्षा भी सरकार ने बढ़ा दी है। नीरज कुमार अब वाई प्लस सुरक्षा घेरे में रहेंगे।

# खेत से किसान को उठा ले गया बाघ, गला-सिर खाया

बगहा, 11 अगस्त (एजेंसियां)। बगहा में सोमवार को बाघ के हमले में एक किसान की मौत हो गई। गांव वालों ने बताया कि 'एक टाइगर जंगल से निकला और खेत में काम कर रहे किसान पर पीछे से अटैक कर दिया। उसके बाद बाघ उसे घसीटता हुआ जंगल में ले गया। इसके बाद आसपास के खेत में काम कर रहे लोगों ने शोर मचाया।' 'सूचना के बाद वन विभाग की टाइगर ट्रैकर की टीम मौके पर पहुंची। बाघ को ढूंढने के लिए 15 लोग जंगल के अंदर गए। कुछ देर बाद झाड़ियों के किनारे बाघ बैठा हुआ मिला। उसके कुछ दूरी पर गोवर्धना इलाके के रहने वाले किसान मथुरा महतो (65) की लाश पड़ी थी।'

**बॉडी लेने गए टाइगर ट्रैकर पर भी हमला**

वन विभाग ने बताया कि टाइगर किसान के गले और सिर का हिस्सा खा गया है। बॉडी लेने के लिए सीनियर टाइगर ट्रैकर विजय उरांव मौके पर पहुंचे। बाघ को हटाने के लिए वन विभाग की टीम शोर मचाने लगी, तभी उसने विजय उरांव पर हमला कर दिया। इसमें वे घायल हुए हैं। उरांव के पैर में काफी गंभीर चोटें आई हैं। ट्रैकर को रामनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डॉक्टर का कहना है कि बाघ ने पंजे से हमला किया है। बाघ के जाने के बाद मथुरा महतो का शव लेकर वन विभाग की टीम गांव पहुंची। इसके बाद पोस्टमॉर्टम के लिए बगहा भेजा गया। वन विभाग का कहना है कि बाघ की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पग पार्क की तस्वीर को देहरादून भेज जा रहा है। बाघ जंगल से निकलकर रिहायशी इलाके में क्यों आया इसे लेकर भी जानकारी जुटाई जा रही है। बाघ के हमले में किसान की मौत के बाद लोग डरे हुए हैं। अकेले खेत में जाने से डर रहे हैं। वन विभाग ने इलाके में अतिरिक्त वनकर्मी तैनात किए हैं। बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए जा रहे हैं।

## मुर्गा चोरी के शक में कारोबारी ने दो कर्मचारियों को बंधक बनाकर बेल्ट से पीटा

मेरठ, 11 अगस्त (एजेंसियां)। मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक चौंकाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें एक मुर्गा कारोबारी अपने दो कर्मचारियों को बंधक बनाकर बेरहमी से बेल्ट से पीटता नजर आ रहा है। वीडियो में आरोपी शान कुरैशी, जो लिसाड़ी गेट क्षेत्र की यह कॉलोनी का निवासी है, अपने कर्मचारियों साजिद और समीर को कमरे में बंद कर लगातार बेल्ट से मार रहा है। कमरे में मौजूद एक अन्य युवक ने यह पूरी घटना अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर डाल दी। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित कर्मचारी आरोपी से अपनी तीन महीने की बकाया तनख्वाह मांग रहे थे। इसी दौरान कारोबारी ने उन पर मुर्गा चोरी का आरोप लगाते हुए उनकी पिटाई कर दी। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और पीड़ितों की तलाश शुरू कर दी।

# बर्ड फ्लू की दस्तक : 15 हजार मुर्गियों की मौत प्रशासन ने जारी किया अलर्ट, जिले में निषेधाज्ञा लागू



रामपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। रामपुर जिले के ग्राम सीहोर के पोल्ट्री फार्म में मुर्गियों की मौत बर्ड फ्लू की वजह से हो रही है। अब तक करीब 15 हजार से ज्यादा मुर्गियों की मौत हो चुकी है। एसडीएम अरुण कुमार और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) डॉ. वेदपाल सिंह ने बताया कि रविवार शाम छह बजे मिली भोपाल की लैब में इस बात की पुष्टि हुई है। प्रशासन ने मुर्गी फार्म को सील करा दिया है। इसके साथ ही जिले में निषेधाज्ञा लागू की गई है। साथ ही फार्म में मौजूद 15 हजार मुर्गियों को नष्ट कराया जाएगा। ग्राम सीहोर स्थित पोल्ट्री फार्म में एक सप्ताह से लगातार मुर्गियों के मरने की शिकायत मिल रही है। एसडीएम और सीवीओ के अनुसार 15000 से अधिक मुर्गियां मर चुकी हैं। ग्रामीणों ने संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका के चलते कार्रवाई की मांग की थी।

एसडीएम के आदेश पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने जिला स्तरीय सात सदस्य टीम जांच के लिए गठित की। मुर्गियों के नमूने जांच के लिए पहले आईवीआरआई (भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान) बरेली भेजे गए थे। जांच रिपोर्ट में स्थिति स्पष्ट न होने पर नमूने शुक्रवार को भोपाल भेजे गए। रविवार की शाम करीब भोपाल से जांच रिपोर्ट आ गई है। मुर्गियों के मरने की वजह बर्ड फ्लू स्पष्ट हुई है।

**प्रशासन ने सील कराया मुर्गी फार्म**

मुर्गियों की लगातार हो रही मौत के मामले में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद हड़कंप मचा है। प्रशासन की टीम रविवार शाम को सीहोर पोल्ट्री फार्म पहुंची और सील करा गिया। पोल्ट्री फार्म पहुंचे एसडीएम अरुण कुमार और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (सीवीओ) डॉ. वेदपाल सिंह ने फार्म के सभी कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया। पुलिस सुरक्षा के बीच पोल्ट्री फार्म को सील कर वहां मौजूद करीब 15000 मुर्गियों को नष्ट करने की कार्रवाई शुरू कर दी। एसडीएम ने बताया कि सभी मुर्गियों को रात में ही जेसीबी से गड्ढे खुदवा कर पोल्ट्री फार्म के अंदर ही दफन किया जाएगा।

## अपराध व घटनाएं

### बच्ची को मुक्का मारा, सिर दीवार पर पटका

**नोएडा के डे केयर सेंटर में सहायिका ने 15 महीने की बच्ची से क्रूरता की**

नोएडा, 11 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के डे केयर सेंटर में 15 माह की बच्ची से क्रूरता का सीसीटीवी सामने आया है। आरोप एक नाबालिग सहायिका पर है। सीसीटीवी में नजर आ रहा है कि उसने बच्ची को बुरी तरह से पीटा। उसने बच्ची के मुंह में खिलौना ठूंस दिया। दो बार जमीन पर पटका। पीठ पर थप्पड़, सीने पर मुक्का मारा। सिर दीवार से टकरा दिया। जांघ पर दांत से काट लिया। इस दौरान बच्ची चीखती-चिल्लाती रही। यह फुटेज 10 मिनट 30 सेकेंड का है। घटना 4 अगस्त 2025 की है। बच्ची की मां की शिकायत पर सेक्टर-142 कोतवाली में डे केयर संचालिका चारु और नाबालिग सहायिका के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सहायिका की उम्र का एफआईआर में जिक्र नहीं है।

### ट्रैक्टर-मिक्सर और बाइक में टक्कर, 5 की मौत

श्रावस्ती, 11 अगस्त (एजेंसियां)। श्रावस्ती में भीषण सड़क हादसे में मासूम समेत 5 लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली से जुड़ी मिक्सर ने बाइक सवार 6 लोगों को कुचल दिया। हादसा हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के रहमतू गांव के पास की है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को हॉस्पिटल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने पिता-पुत्र समेत 5 लोगों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में गंभीर घायल बाइक सवार महिला को हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है। सोमवार को पति-पत्नी अपनी बहन, दो भांजी और बेटे के साथ बाइक से शंकरपुर से नवाबगंज की ओर जा रहे थे।

### दूसरी शादी के लिए पति का मर्डर किया

शामली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। शामली मे पत्नी ने प्रेमी और अपने भाई के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। 9 साल पहले दोनों की लव मैरिज हुई थी। 6 महीने से महिला का एक ऑटो ड्राइवर से अफेयर चल रहा था। पति के एतराज जताने पर महिला ने प्रेमी और अपने भाई के साथ मिलकर पति की गला रेतकर हत्या कर दी। शव को कांधला रोड के किनारे आम के बाग में फेंक दिया। पुलिस ने शव मिलने के बाद जांच पड़ताल शुरू की। मृतक के मोबाइल डिटेल और सीसीटीवी की सहायता से 12 घंटे के अंदर प्रेम-प्रसंग का खुलासा कर दिया। पत्नी को हिरासत में लिया और कड़ाई से पूछताछ की तो पत्नी ने हत्या की बात कबूल कर ली। घटना रविवार सुबह कैराना कोतवाली क्षेत्र की है।

### प्रयागराज में तेंदुए की दहशत, कैद से भाग निकला

प्रयागराज, 11 अगस्त (एजेंसियां)। प्रयागराज से 30 किलोमीटर दूर बनईचा मलखानपुर गांव से तेंदुआ भागने में सफल हो गया। वन अधिकारियों के मजबूत सुरक्षा जाल को तोड़कर गंगा के कछार में गुम हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक, उन्होंने तेंदुए को घेर कर एक चरी के खेत में कैद किया था। लेकिन, जंगली जानवर को पकड़ने आई वन विभाग की टीम ने सुस्ती से काम किया। गांव गंगा कछार के 2 दर्जन से अधिक गांव में भी जंगली जानवर का डर बन गया है।

### सिर में गोली मारकर छात्रा की हत्या

समस्तीपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। समस्तीपुर जिले के शिवाजीनगर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह कोचिंग जा रही एक छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने बहेरी स्थित एक निजी स्कूल के वाहन में आग लगा दी और दरभंगा–सिंघिया–रोसड़ा मुख्य मार्ग को जाम कर नारेबाजी शुरू कर दी। मृतका की पहचान गुड़िया कुमारी (19 वर्ष), निवासी परसा गांव, तेलिया टोल (उत्तर परसा) के रूप में हुई है।

# मकबरे पर झंडा लगाने व पूजा करने को लेकर बवाल, पथराव के बाद तैनात की गई पुलिस फोर्स

फतेहपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। संभल के बाद अब फतेहपुर के आबूनगर इलाके में मंदिर-मकबरे को लेकर विवाद ने तूल पकड़ लिया है। सोमवार सुबह ईदगाह परिसर में स्थित नवाब अब्दुल समद के मकबरे पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने भगवा झंडा लगा दिया। इसके बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया और देखते ही देखते वहां भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्र हो गए। हालात बिगड़ते देख दोनों समुदायों के बीच पथराव शुरू हो गया। प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जिले के 10 थानों की फोर्स के साथ ही आसपास के जिलों बांदा और कौशांबी से अतिरिक्त फोर्स भी बुलाई।

साथ ही 6 जिलों से एएसपी स्तर के अधिकारियों को मौके पर रवाना किया गया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर में घटना के बाद कर्फ्यू जैसे हालात बन गए हैं। सुबह करीब 10 बजे हिंदू संगठन 'मठ मंदिर संघर्ष समिति' के कार्यकर्ता ईदगाह पहुंचे। उनका दावा था कि यह स्थल दरअसल ठाकुर जी का पुराना मंदिर है जिसे बाद में अतिक्रमण कर मकबरे में बदल दिया गया। पहले से ही मौके पर तैनात पुलिस ने उन्हें रोका, लेकिन संगठन के कुछ युवकों ने मकबरे की छत पर चढ़कर जबरन भगवा झंडा फहरा दिया और तोड़फोड़ की। इस घटना के बाद मुस्लिम समुदाय के हजारों लोग मौके पर जमा हो गए।

## आज बिजली उपभोक्ताओं से संवाद करेंगे सीएम नीतीश

कैमूर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार, 12 अगस्त को बिजली उपभोक्ताओं से संवाद करेंगे। इसके लिए दुर्गावती प्रखंड क्षेत्र में चार स्थानों पर संवाद शिविर लगाए जाएंगे। प्रखंड के कनीय विद्युत अभियंता रौनक कुमार कश्यप ने बताया कि ये शिविर प्रखंड कार्यालय दुर्गावती, उच्च विद्यालय धनेछा, उच्च विद्यालय कल्याणपुर और पंचायत सरकार भवन खजुरा में आयोजित किए जाएंगे। सभी शिविर सुबह 11 बजे से शुरू होंगे। संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को राज्य सरकार की नई योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देना है।

## मायावती ने पक्ष-विपक्ष से की शांतिपूर्ण ढंग से यूपी विधानसभा सत्र चलाने की अपील

लखनऊ, 11 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र की शुरुआत सोमवार से हो गई। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने पक्ष और विपक्ष दोनों से शांतिपूर्ण ढंग से सत्र चलाने की अपील की।

इसके अलावा देश हित के मुद्दे पर ध्यान देने की बात कही। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, उत्तर प्रदेश विधानसभा का आज से शुरू हो रहा मानसून सत्र, संक्षिप्त होने के बावजूद केवल औपचारिकता पूर्ति वाला नहीं हो, बल्कि इसको सही से प्रदेश व जनहित में उपयोगी बनाना जरूरी है, जिसके लिए सरकार एवं विपक्ष दोनों को अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ, द्वेष व कटुता आदि को त्याग कर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने लिखा, इसके अलावा, संसद का जो अभी मानसून सत्र चल रहा है उसके भी पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से नहीं चलने से वह जन अपेक्षा के अनुसार सही से कार्य नहीं कर पा रहा है। इस कारण जनता व देश के ज्वलंत मुद्दों पर पूरी गंभीरता से चर्चा नहीं हो पाने से लोगों में चिंता स्वाभाविक है। मायावती ने आगे लिखा, वैसे भी भारतीय व्यापार पर भारी अमेरिकी टैरिफ के कारण देश की अर्थव्यवस्था व विकास पर जो बुरा प्रभाव पड़ने की आशंका है।

## मां के प्रेमी ने बच्चे को जलाया

वाराणसी, 11 अगस्त (एजेंसियां)। वाराणसी के शिवपुर थाना क्षेत्र में 8 साल के एक मासूम को उसकी मां के प्रेमी ने बुरी तरह जला दिया। क्योंकि बच्चे ने उसके साथ जाने से इनकार कर दिया। आरोपी ने पहले बच्चे का हाथ गैस चूल्हे पर रखा और फिर खौलती सब्जी भी उसके हाथ पर उड़ेल दी। मासूम दर्द से तड़प उठा और चीख-पुकार मच गई। लोढ़ान निवासी दशरथ पेशे से ऑटो चालक हैं। रक्षाबंधन के दिन वह सुबह कमाई के लिए ऑटो लेकर निकले थे। इसी बीच उन्हें सूचना मिली कि घर में उनके सबसे छोटे बेटे शनि (8 वर्ष) को किसी ने जला दिया है। वह घर पहुंचे, तो देखा कि बेटे का हाथ बुरी तरह झुलस चुका था।

# मानहानि मामले में मेधा पाटकर को नहीं मिली राहत

## > सुप्रीम कोर्ट ने सजा और दोषसिद्धि को बरकरार रखा



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की ओर से 25 साल पहले दायर किए गए मानहानि मामले में सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को कोई राहत नहीं दी है। कोर्ट ने उनकी दोषसिद्धि और सजा को बरकरार रखते हुए दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया है।

न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हम इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं है। हाईकोर्ट ने पाटकर को अच्छे आचरण की परिवीक्षा पर रिहा किया था, लेकिन उन्हें हर तीन साल में एक बार निचली अदालत में पेश होने की आवश्यकता थी। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के वकील की दलील को ध्यान में रखते हुए लगाया गया जुर्माना रद्द कर दिया गया है।

दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता मेधा पाटकर के खिलाफ 24 नवंबर 2000 को मानहानि का मुकदमा दायर किया था। तब सक्सेना गुजरात में एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के प्रमुख थे। मामले में मजिस्ट्रेट न्यायालय ने 1 जुलाई 2024 को पाटकर को आईपीसी की धारा 500 (मानहानि) के तहत दोषी पाते हुए पांच महीने के साधारण कारावास की सजा सुनाई और 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। मजिस्ट्रेट अदालत ने माना था कि पाटकर के बयान न केवल मानहानिकारक थे, बल्कि उनके बारे में नकारात्मक धारणाओं को भड़काने के लिए तैयार किए गए थे। मेधा पाटकर की ओर से लगाया गया आरोप कि शिकायतकर्ता गुजरात के लोगों और उनके संसाधनों को विदेशी हितों के लिए गिरवी रख रहा है, उसकी ईमानदारी और सार्वजनिक सेवा पर सीधा हमला है। इसके बाद मेधा पाटकर ने मजिस्ट्रेट के आदेश को सत्र न्यायालय में चुनौती दी गई थी।

दो अप्रैल को सत्र न्यायालय ने मेधा पाटकर की याचिका खारिज कर दी थी। कोर्ट ने कहा था कि पाटकर को सही दोषी ठहराया गया था। कोर्ट ने कहा था कि मानहानि मामले में उनकी दोषसिद्धि के फैसले के खिलाफ अपील में कोई तथ्य नहीं था। सत्र न्यायालय ने मामले में पाटकर की दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए उन्हें आठ अप्रैल को 25,000 रुपये का परिवीक्षा बांड भरने पर अच्छे आचरण की परिवीक्षा पर रिहा कर दिया था और उन पर एक लाख रुपये का जुर्माना जमा करने की शर्त लगाई थी।

इसके बाद सत्र न्यायालय के आदेश को पाटकर ने दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी। मामले में उच्च न्यायालय ने कहा था कि निचली अदालत के निष्कर्षों में अवैधता या भौतिक अनियमितता थी। दोषसिद्धि का आदेश साक्ष्यों और लागू कानून पर समुचित विचार करने के बाद पारित किया गया था इसमें कहा गया था कि पाटकर अपनाई गई प्रक्रिया में कोई दोष या कानून में कोई त्रुटि प्रदर्शित करने में विफल रहीं, जिसके परिणामस्वरूप न्याय की विफलता हुई। उच्च न्यायालय ने सजा के आदेश को भी बरकरार रखा। इसमें पाटकर को अच्छे आचरण की परिवीक्षा पर रिहा किया।

## दुकानदार से लूट के मामले में दो महिलाओं सहित चार गिरफ्तार

मोगा, 11 अगस्त (एजेंसियां)। जिले में एक छोटे चाय दुकानदार से लूट के मामले में पुलिस ने दो महिलाओं समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह घटना 7 अगस्त की रात को निगाहा रोड पर हुई थी। डीएसपी सिटी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि इंदरजीत सिंह नाम का दुकानदार रात में अपनी दुकान बंद कर अपने नौकर को घर छोड़ने के बाद एक्टिवा से वापस आ रहा था। रास्ते में दो महिलाओं ने उसे रोका। इसी दौरान उनके पीछे आए दो युवकों ने इंदरजीत की पिटाई की और फिर उसकी एक्टिवा, मोबाइल फोन, सोने का कड़ा और नकदी लूटकर फरार हो गए।

यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू की और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा और आगे की कार्रवाई के लिए रिमांड पर लिया जाएगा।

# गैर-मराठी भाषियों पर हमला मामला : राज ठाकरे के खिलाफ दायर की गई थी याचिका

## सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) सुप्रीमो राज ठाकरे और उनकी पार्टी के खिलाफ गैर-मराठी भाषियों पर कथित हमलों के मामले में दायर एक जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में आगे नहीं बढ़ सकी। शीर्ष अदालत ने सोमवार को इस पर सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसके बाद याचिकाकर्ता ने याचिका वापस ले ली।

याचिका में आरोप लगाया गया था कि गैर-मराठी भाषी लोगों पर हो रहे हमलों में राज ठाकरे की भूमिका रही है। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी कि इस मामले में राज ठाकरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, चुनाव आयोग को निर्देश देकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की मान्यता रद्द करने की अपील भी की गई थी।

याचिकाकर्ता का कहना था कि संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई, जिसके चलते उन्हें सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। याचिका में 5 जुलाई को शिवसेना (यूबीटी) नेता और राज ठाकरे के चचेरे भाई उद्धव ठाकरे द्वारा आयोजित विजय रैली का भी हवाला दिया गया। इसमें दावा किया गया था कि इस रैली में राज ठाकरे ने गैर-मराठी बोलने वालों की पिटाई को उचित ठहराया था। बॉम्बे हाईकोर्ट के वकील घनश्याम उपाध्याय ने यह याचिका दायर की थी। याचिका में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज ठाकरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। उन्होंने आरोप लगाया था कि राज ठाकरे ने हिंदी भाषी लोगों के खिलाफ नफरत फैलाने और हिंसा भड़काने वाले बयान दिए। कहा गया कि केंद्र और महाराष्ट्र की सरकारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि राज और उनके राजनीतिक संगठन ऐसी घटनाओं को अंजाम न दें और इन घटनाओं से कठोरता से निपटा जाए।

# कोल्हापुर मंदिर की हथिनी महादेवी मामले की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार; 14 तारीख को सुना जाएगा केस



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के कोल्हापुर की मशहूर मंदिर हथिनी महादेवी (माधुरी) को गुजरात के जामनगर स्थित वनतारा एनिमल रेस्क्यू सेंटर भेजने के फैसले ने विवाद खड़ा कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर गुरुवार को सुनवाई करने का फैसला किया है। हथिनी के स्थानांतरण को लेकर स्थानीय लोग, धार्मिक संस्थाएं और राज्य सरकार भी अलग-अलग पक्ष रख रहे हैं, जिससे मामला संवेदनशील बन गया है।

मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने कोल्हापुर मंदिर की हथिनी महादेवी को वनतारा भेजने के खिलाफ दायर याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमति दी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि हथिनी को जबरन ले जाया गया और वह मंदिर की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है। इससे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की एक अन्य पीठ ने भी स्थानांतरण के आदेश को सही ठहराया था। जुलाई में बॉम्बे हाईकोर्ट ने जैन मंदिर ट्रस्ट की याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें हाई पावर कमेटी के उस फैसले को चुनौती दी गई थी जिसमें हथिनी को वेलफेयर ट्रस्ट में भेजने की सिफारिश की गई थी। अदालत ने कहा था कि हथिनी की सेहत बिगड़ी हुई है और उसके कल्याण को धार्मिक गतिविधियों से ऊपर रखा जाना चाहिए। अदालत ने जल्द से जल्द हथिनी को जामनगर भेजने का निर्देश भी दिया था। हथिनी के स्थानांतरण के बाद हजारों लोग सड़कों पर उतरकर विरोध कर चुके हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि राज्य सरकार हथिनी को वापस लाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करेगी। उन्होंने वनतारा टीम से मुलाकात कर भरोसा दिलाया कि धार्मिक भावनाओं का सम्मान किया जाएगा और हथिनी के लिए कोल्हापुर में ही एक पुनर्वास केंद्र बनाने की संभावना है।

सुप्रीम कोर्ट ने वकील अशोक पांडे को आपराधिक अवमानना मामले में मिली छह महीने की कैद की सजा पर रोक लगा दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पांडे को खुले कोर्ट में न्यायाधीशों के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में दोषी ठहराया था।

## बैंक से 14 करोड़ का सोना, 5 लाख कैश लूटा

जबलपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। जबलपुर से 50 किलोमीटर दूर खितौला इलाके में हथियारबंद बदमाशों ने सोमवार सुबह 11 बजे बैंक लूट लिया। लुटेरों ने बैंक कर्मचारियों को कट्टा दिखाकर धमकाया। फिर 15 मिनट में 14 किलो 800 ग्राम सोना और 5 लाख 70 हजार रुपए नकद लेकर भाग निकले। लूटे गए सोने की अनुमानित कीमत साढ़े 14 करोड़ से ज्यादा आंकी गई है। पुलिस ने जिले में नाकाबंदी कर दी है। पूरे जबलपुर सहित कटनी, मंडला, डिंडोरी पुलिस को अलर्ट किया गया है। जबलपुर पुलिस के मुताबिक, वारदात इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक की है। यहां छह युवक तीन बाइकों पर सवार होकर आए। बैंक के बाहर बाइक खड़ी कर एक-एक कर अंदर पहुंचे। कुछ देर बैंक कर्मचारियों की वर्किंग देखते रहे। फिर कट्टा निकालकर अधिकारियों और कर्मचारियों को धमकाने लगे।

# दो वोटर आईडी कार्ड मामले में विजय सिन्हा को चुनाव आयोग का नोटिस, डिप्टी सीएम बोले-मैं जवाब दूंगा



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने दो विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची में नाम को लेकर चुनाव आयोग द्वारा भेजे गए नोटिस का जल्द जवाब देने की बात कही।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि वे चुनाव आयोग की नोटिस का जवाब देंगे और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति उनके मन में पूरा सम्मान है। पटना में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि हम राहुल गांधी और तेजस्वी यादव नहीं हैं कि संवैधानिक संस्था को लेकर कुछ भी बोलते रहेंगे। मेरा संविधान में विश्वास है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्था पूरी पारदर्शिता से काम कर रही है और सबको इनका सम्मान करना चाहिए, लेकिन जो लोग परिवारवाद के पोषक हैं, वे क्या बोलेंगे? जिस तरह से बिहार में फर्जी मतदाता का नाम कटा है, इसके लिए ये लोग क्यों इतना आक्रोशित हो रहे हैं? जनता भी यह जानती है।

उल्लेखनीय है कि रविवार को कांग्रेस और राजद के तेजस्वी यादव ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा का लखीसराय और पटना के बांकीपुर विधानसभा में वोटर लिस्ट में नाम होने का मामला उठाया था। इस दौरान उन्होंने कई प्रमाण भी दिए थे। इसके बाद विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट किया था कि उन्होंने बांकीपुर विधानसभा की मतदाता सूची से नाम कटवाने के लिए एक साल पहले आवेदन दे दिया है।

इसके बाद पटना जिला प्रशासन ने विजय कुमार सिन्हा को नोटिस जारी किया है। पटना जिला प्रशासन ने कहा कि इस मामले में विजय कुमार सिन्हा अपना जवाब दिनांक 14 अगस्त की शाम 5 बजे तक निश्चित रूप से देने की कृपा करें, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को कहा गया कि आपका नाम विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के बाद प्रकाशित प्रारूप निर्वाचक सूची में 182-बांकीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र नंबर-405 की मतदाता सूची क्रम संख्या 757 में ईपिक नंबर- एएफएस0853341 पर अंकित है और इसके अतिरिक्त 108-लखीसराय विधानसभा क्षेत्र, लखीसराय में भी ईपिक नंबर-आईएएफ3939337 अंकित है। इसके साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण के पूर्व में भी दोनों जगह आपका नाम अंकित पाया गया।

# स्वतंत्रता दिवस पर मीट शॉप बंद रखने पर बवाल, एनसीपी विधायक मटन पार्टी रखेंगे



मुंबई, 11 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मांस-मछली की दुकानें बंद रखने के नगर निगम के आदेश पर विवाद हो गया है। विपक्षी राकांपा (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना यूबीटी ने नगर निगम के आदेश पर तीखी प्रतिक्रिया दी है और इसे लोगों के खाने के विकल्पों का उल्लंघन बताया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राकांपा (शरदचंद्र पवार) विधायक जितेंद्र अव्हाड ने रविवार को कहा कि वे नगर निगम के आदेश के विरोध में 15 अगस्त को एक मटन पार्टी का आयोजन करेंगे।

**महानगर पालिका के आदेश पर हुआ बवाल**

कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मांस की लाइसेंस प्राप्त दुकानें 14 अगस्त की मध्यरात्रि से 15 अगस्त मध्यरात्रि तक 24 घंटे के लिए बंद रखने का आदेश जारी किया है। नगर निगम ने चेतावनी दी है कि यदि तय समयसीमा के दौरान किसी भी जानवर को मारा गया या मांस बेचा गया, तो महाराष्ट्र नगर निगम अधिनियम, 1949 के तहत कार्रवाई की जाएगी। कल्याण डोंबिवली नगर पालिका की उपायुक्त (लाइसेंस) कंचन गायकवाड़ ने बताया कि 1988 से हर साल एक नागरिक प्रस्ताव के तहत इसी तरह का आदेश जारी किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि यह कदम सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अवसरों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए लंबे समय से चले आ रही प्रशासनिक व्यवस्था का हिस्सा है।

**विपक्ष विरोध में उतरा**

ठाणे जिले की कलवा-मुंबई विधानसभा सीट से विधायक एनसीपी एसपी विधायक जितेंद्र अव्हाड का कहना है कि वे उस दिन इस फैसले के विरोध में मटन पार्टी का आयोजन करेंगे। अव्हाड ने कहा कि 'मैं उस दिन एक मटन पार्टी आयोजित करने की योजना बना रहा हूं। जिस दिन हमें आजादी मिली, आप हमसे अपनी मर्ज़ी से खाने की आजादी को छीन रहे हैं।' इससे पहले रविवार को अव्हाड ने एक्स पर साझा एक पोस्ट में कहा, 'यह बहुत ज़्यादा हो गया। आप कौन होते हैं यह तय करने वाले कि लोग कब और क्या खाएंगे?' शिवसेना (यूबीटी) विधायक आदित्य ठाकरे ने भी कल्याण डोंबिवली नगर पालिका के फैसले की आलोचना की। उन्होंने लोगों के खाने के विकल्पों पर हुक्म चलाने के लिए केडीएमसी (कल्याण डोंबिवली नगर पालिका) आयुक्त को निलंबित करने की मांग की।

उन्होंने पूछा, 'लोगों को यह बताने वाले आयुक्त कौन होते हैं कि वे मांसाहारी खा सकते हैं या नहीं?' भिवंडी के सांसद और राकांपा (सपा) नेता सुरेश म्हात्रे ने भी इस प्रतिबंध का कड़ा विरोध किया और कहा, 'क्या खाना चाहिए और क्या नहीं, यह लोगों की खुद की मर्जी है। स्थानीय मछुआरा समुदाय शाकाहारी और मांसाहारी भोजन खाता है। खान-पान की आदतें राज्य के विभिन्न हिस्सों में प्रचलित रीति-रिवाजों से प्रभावित होती हैं।

# सेना की कानूनी शाखा में पुरुषों की आरक्षण नीति रद्द सुप्रीम कोर्ट ने कहा-यह समानता अधिकार का उल्लंघन

नई दिल्ली , 11 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सेना की कानूनी शाखा जज एडवोकेट जनरल (जेएजी) में पुरुष अधिकारियों की भर्ती के लिए बनी आरक्षण नीति को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कानूनी शाखा में पुरुष और महिलाओं की 2:1 आरक्षण नीति समानता के अधिकार का उल्लंघन है। यह प्रथा मनमानी है। आरक्षण नीति के तहत पुरुषों के लिए महिलाओं से अधिक पर आवंटित करना गलत है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि सेना अधिनियम 1950 की धारा 12 के तहत जारी अधिसूचना के माध्यम से महिलाओं को जेएजी शाखा में शामिल होने की अनुमति दी है। हमारा मानना है कि कार्यपालिका नीति या प्रशासनिक निर्देशों के माध्यम से भर्ती के नाम पर पुरुष अधिकारियों की संख्या को सीमित नहीं कर सकती है या उनके लिए आरक्षण नहीं कर सकती है।

विवादित अधिसूचना में पुरुष उम्मीदवारों के लिए छह रिक्तियों के मुकाबले महिला उम्मीदवारों के लिए केवल तीन रिक्तियों का प्रावधान है। यह समानता के अधिकार के खिलाफ है। भर्ती के नाम पर पुरुष उम्मीदवारों के लिए आरक्षण का प्रावधान करती है। भर्ती की आड़ में इसकी अनुमति नहीं मिलेगी। पीठ ने कहा कि लैंगिक तटस्थता का अर्थ है कि सभी योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाए, चाहे वह किसी भी लिंग के हों। पीठ ने सरकार और सेना को निर्देश दिया कि लिंग के आधार पर सीटें न बांटी जाएं। अगर सभी महिला उम्मीदवार योग्य हैं तो सभी का अध्ययन किया जाए और चयन किया जाए। जेएजी में एक सामान्य मेरिट सूची प्रकाशित की जाए और सभी उम्मीदवारों के अंक सार्वजनिक किए जाएं। जेएजी प्रवेश योजना के 31वें कोर्स पर नियुक्ति के लिए दायर याचिका पर कोर्ट ने कहा कि महिलाओं का पिछली भर्ती में नामांकन नहीं हुआ है।

# दिल्ली में ट्रिपल मर्डर : पहले बीवी, फिर बच्चियों को मारा प्रदीप करना चाहता था ये काम; जुटा न पाया हिम्मत



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर में तिहरे हत्याकांड में बड़ा खुलासा हुआ है। पत्नी और बच्चियों की हत्या के बाद प्रदीप खुदकुशी करना चाहता था। हाथ पर कट के निशान मिले हैं। आरोपी हिम्मत नहीं जुटा पाया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करावल नगर में रक्षा बंधन के दिन पत्नी और दो मासूम बच्चियों की हत्या का आरोपी प्रदीप खुदकुशी करना चाहता था।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी प्रदीप ने यह बात बताई। उसने बताया कि अपने हाथ पर धारदार हथियार से नस काटने का प्रयास किया, लेकिन हिम्मत नहीं जुटा पाया और मौके से भाग गया। उसके हाथ में कट का निशान भी है। बाद में आरोपी पुलिस से बचने के लिए फरार हो गया। जाते हुए उसने अपनी मां को बताया कि जयश्री ने बच्चों की हत्या कर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मौके पर पहुंची तो हकीकत सामने आ गई।

**पहले पत्नी फिर बच्चियों का मार डाला**

रक्षा बंधन वाले दिन जयश्री को अपने मायके जाना था। वह प्रदीप से बुलंदशहर ले जाने की बात कर रही थी। इसी बात पर दोनों के बीच झगड़ा हुआ और उसने पहले पत्नी व बाद में दोनों बच्चियों की हत्या कर दी।

**जयश्री और दोनों बच्चियों के गले पर निशान मिले**

बाद में उसे लगा कि सब कुछ खत्म हो गया है। इसके बाद उसने खुद भी जान देने की कोशिश की। जयश्री और दोनों बच्चियों के गले पर निशान मिले हैं। पुलिस की पूछताछ में भी आरोपी प्रदीप ने पत्नी व बच्चियों की हत्या की बात स्वीकारी है।

**पत्नी के चरित्र पर था शक**

उसका कहना है कि शादी के बाद से ही उसे पत्नी के चरित्र पर शक था। इसको लेकर दोनों के बीच विवाद भी होता था। वहीं जयश्री के भाई चंद्रभान का आरोप है कि उसके जीजा प्रदीप पर भारी कर्जा था। उसे जुआ खेलने के अलावा शराब पीने की लत थी। जयश्री इसका विरोध करती थी तो झगड़ा होता था।

जयश्री के मायके वालों ने प्रदीप के बाकी परिजनों पर भी हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रविवार दोपहर बाद जयश्री और दोनों बच्चियों इशिका व अंटू का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया है। परिजन शव लेकर बुलंदशहर स्थित डिबाई के औरंगाबाद गांव के लिए रवाना हो गए। देर शाम को शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# राहुल गांधी लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रहे : शिवराज सिंह चौहान



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और इंडी गठबंधन पर जुबानी हमला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी देश-विरोधी ताकतों के दबाव में लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने देश, चुनाव आयोग, सुप्रीम कोर्ट, कैग और सेना के सम्मान को ठेस पहुंचाई है। चौहान ने आगे कहा कि देश को कमजोर करने की साजिश से जनता को सावधान रहना चाहिए।

शिवराज सिंह चौहान ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि देश-विरोधी ताकतों के दबाव में राहुल गांधी और इंडी गठबंधन लोकतंत्र को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने पहले देश को बदनाम किया, चुनाव आयोग को बदनाम किया, सुप्रीम कोर्ट को बदनाम किया, कैग (सीएजी) को बदनाम किया, सेना के सम्मान के साथ खिलवाड़ किया और सेना के शौर्य पर सवाल उठाए। वे लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा रहे हैं और संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। वे अराजकता फैलाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बार-बार झूठ बोल रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर पर झूठ बोला और जब सेना ने सारे तथ्य सामने रखे, तो उनकी बोलती बंद हो गई। पहले उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाए कि ईवीएम के कारण चुनाव हारते हैं। जब उनसे इस संबंध में सबूत मांगे गए तो नहीं दिए और बाद में सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई तो रणछोड़दास हो गए।

## दिल्ली पर 50 घंटे भारी! हथिनीकुंड बैराज से 12,000 क्यूसेक पानी छोड़ा

नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंचने से प्रशासन हाई अलर्ट पर है। रात 8 बजे लोहे के पुल पर जलस्तर 204.12 मीटर दर्ज किया गया जो चेतावनी स्तर 204.50 मीटर से थोड़ा नीचे रहा। यह खतरे के निशान 205.33 मीटर से अभी कम है लेकिन दिल्ली सरकार ने सतर्कता बरतते हुए यमुना बैराज के सभी गेट खोल दिए हैं। इससे पानी कुछ घटा है। रविवार को हथिनीकुंड बैराज से 12,000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया जिसके बाद दिल्ली सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग ने जलस्तर के स्थिर रहने की उम्मीद जताई।

स्वतंत्र वार्ता

मंगलवार, 12 अगस्त- 2025

## अमेरिका को चाहिए पाकिस्तान का साथ

पाकिस्तान के नवनियुक्त फील्ड मार्शल असीम मुनीर दो महीने में दूसरी बार अमेरिका पहुंचे हैं। सवाल उठने लगे हैं कि अमेरिकी सेना और मुनीर में बार बार मुलाकात क्यों हो रही है? पाकिस्तान के साथ मिडिल ईस्ट का 'इस्लामिक कनेक्शन' जगजाहिर है। अमेरिका मध्य पूर्व में पाकिस्तान के जरिए अपना वर्चस्व कायम रखना चाहता है? अमेरिका अतीत में ऐसा कर चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, पाकिस्तान की सेना के साथ उसी पुराने धुन पर नाचने की कोशिश कर रहे हैं। ये वही डांस है, जिस पर अमेरिका पिछले 70 सालों से नाचता रहा है। अमेरिका, पाकिस्तान के जरिए मिडिल ईस्ट को साधने की कोशिश करता रहा है और पाकिस्तान, कश्मीर समेत पूरे भारत में आतंक फैलाता आया है। सवाल है कि क्या अमेरिका फिर से वही पुरानी कोशिश में जुट गया है? ऑपरेशन सिंदूर के बाद जहां पाकिस्तान, अमेरिका के सामने झुक गया वहीं भारत ने ट्रंप को दो कौडी का भी महत्व नहीं दिया। अमेरिका ने लंबे समय से मध्य पूर्व में फैले अपने ठिकानों पर हजारों सैनिकों को तैनात कर रखा है, ताकि इस क्षेत्र से वैश्विक बाजारों तक ऊर्जा का प्रवाह सुनिश्चित हो सके। ट्रंप प्रशासन अब खाड़ी से अमेरिकी सैनिकों के एक हिस्से को वापस ला कर उनकी भरपाई के लिए पाकिस्तानी सैनिकों का इस्तेमाल करना चाहता है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल से ही चाहा है कि मिडिल ईस्ट अपनी सुरक्षा खुद करे। अमेरिकी सैनिकों को महाशक्तियों के खिलाफ अपनी ताकत को जुटाने पर ध्यान देना चाहिए। सऊदी से इस्लामिक सैन्य आतंकवाद-रोधी बल चलता है, जिसमें पाकिस्तान सबसे बड़ी भूमिका में है। इसमें 43 सदस्य होते हैं, जिसकी कमान 2016 से पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख जनरल राहील शरीफ के हाथों में है। इसीलिए ये कहानी 70 साल पुरानी उस कहानी से जुड़ जाता है जब अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में सबसे बड़ी शक्ति बनने के लिए कदम बढ़ाया था। 1938 में सऊदी अरब में तेल की खोज के बाद अमेरिका ने संयंत्र स्थापित करने के लिए भारी भरकम फंड दिया था और दूसरे विश्वयुद्ध की शुरूआत से ही अमेरिकी सैनिकों ने लगातार ओमान, ईरान और सऊदी अरब में अपने सैन्य ठिकाने बनाकर तेल परिसरों की सुरक्षा की है। 1944 में अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डेलानो रूजवेल्ट ने एक ब्रिटिश राजनयिक से कहा था कि फारसी तेल आपका है। हम इराक और कुवैत के तेल को साझा करते हैं। सऊदी अरब का तेल हमारा है। 1950 के दशक में अमेरिका ने पाकिस्तान को एक ऐसे देश के रूप में देखा, जिसके पास बड़ी सेना, इस्लामी पहचान के चलते मध्य-पूर्व में प्रभाव और ईरान, अफगानिस्तान और चीन की सीमाओं के पास रणनीतिक भूगोल था। 1969 में पाकिस्तानी पायलटों ने सऊदी एयरफोर्स के पहले लड़ाकू विमानों को उड़ाया और पाकिस्तानी सैनिकों को सऊदी-यमनी सीमा पर तैनाती के लिए भेजा गया। 1990 में कुवैत पर इराकी हमले के बाद, पाकिस्तान ने 5,000 सैनिक सऊदी अरब भेजे थे। इन अभियानों ने अमेरिका में पाकिस्तान को लेकर ये विश्वास दिलाया कि पाकिस्तानी सैनिक खाड़ी की सुरक्षा कर सकते हैं। इसीलिए अमेरिका फिर से अपनी मिडिल ईस्ट स्ट्रैटेजी में पाकिस्तान की वापसी चाहता है। अमेरिका मिडिल ईस्ट में अपने एयरबेस और सैन्य संसाधनों पर हर साल 73 से 100 अरब डॉलर के बीच खर्च करता है। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज जैसे समुद्री मार्गों को सुरक्षित रखने पर ही सालाना करीब 50 अरब डॉलर का बोझ आता है। इसीलिए जब चीन के साथ संघर्ष का खतरा काफी ज्यादा है तो हो सकता है कि अमेरिका यह सोचने पर मजबूर हुआ हो, कि वह अपने सैनिकों के बजाय क्षेत्रीय सहयोगियों पर सुरक्षा की जिम्मेदारी डाले।

# चले थे हरि भजन को ओटन लगे कपास !



मनोज अग्रवाल

देश की करोड़ों बेटियां चिकित्सा अभियांत्रिकी सेना पुलिस शिक्षा स्वास्थ्य न्याय स्वरोजगार क्षेत्रों में धरती से लेकर अंतरिक्ष तक देश के लिए अपनी सेवाएं दे रही है क्या एक दो फीसदी पथ से भटकी लडकियों की वायरल रील को देश की तमाम नारी जगत के चरित्र के आकलन का मापदंड माना जा सकता है? लेकिन स्वयंभू बाबा इन दिनों देश की बेटियों के चरित्र पर लांछन लगा रावणी अपराध कर रहे हैं हाल ही में एक कथावाचक का युवतियों को लेकर बेहद आपत्ति जनक बयान वायरल हुआ। जिसमें यह कथावाचक अनिरुद्धाचार्य कहता है कि पच्चीस साल की लड़की कई जगह मुंह मार चुकी होती है। क्या किसी कानून या सरकार ने अब इन बहरुपिए कथा वाचको को देश की बेटियों के चरित्र पर लांछन लगाने का अधिकार दे दिया है? कथा के नाम पर यह मात्र छठी कक्षा पढ़ा कथा वक्ता पिछले कुछ समय से जिस तरह की प्रश्नोत्तरी सोशल मीडिया पर वायरल कर प्रचार पा रहा है वह बेहद भौंडी और धर्म संस्कृति संस्कार सदाचरण से कोसो दूर है। अभी इस कथा वाचक का बयान समाज विशेषकर महिलाओं बच्चियों को मर्माहत कर रहा था कि इसी बीच पिछले कुछ समय में यूट्यूब सोशल मीडिया पर छाकर अपनी पहचान बनाने वाले प्रेमानंद महाराज का बेहद आपत्तिजनक बयान वीडियो वायरल हो रहा है. इस वायरल वीडियो में प्रेमानंद महाराज लड़के और लड़कियों के चरित्र पर टिप्पणी कर रहे हैं।

महाराज ने एक वायरल वीडियो में कहा है कि , 'आज के समय में 100 में से मुस्किल से दो-चार लड़कियां ही पवित्र होती हैं, बाकी सभी ब्वॉयफ्रेंड-गर्लफ्रेंड के चक्कर में लगी हुई हैं.' प्रेमानंद महाराज का ये वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। महाराज ने आगे कहा था, 'अगर कोई युवक 4 लड़कियों से संबंध बनाता है, तो वह अपनी पत्नी से संतुष्ट नहीं रह पाएगा, क्योंकि उसे व्यभिचार की आदत लग चुकी होती है. इसी तरह, जो लड़की चार पुरुषों से संबंध बना चुकी है, उसके अंदर एक पति को स्वीकार करने की हिम्मत नहीं रहती.' इसके अलावा उन्होंने कहा कि 100 में से मुश्किल से दो-चार कन्याएं ही ऐसी होती हैं, जो पवित्र जीवन जीकर किसी एक पुरुष को समर्पित होती हैं।

समझ से परे की बात है कि इस तरह का बयान उन्होंने क्यों दिया? उनके पास इस देश की नारी शक्ति की पवित्रता मापने का कौन सा मापदंड है? समूचे देश की बेटियों के चरित्र पर लांछन लगा रहे महाराज मात्र आठवीं तक की स्कूली शिक्षा पाए हैं सोशल मीडिया पर उनके एकांत वार्ता की हजारों रील प्रसारित है गुरू महिमा का बखान करने वाले एक बालक सक्षम की करुणा भरी आवाज़ में पार्श्व संगीत के साथ बजने वाले वायरल भजन ने बड़ी तादाद में लोगों को उनके प्रति आकर्षित किया है। कभी भक्तों की ओडी और महंगी गाड़ियों में कभी पैदल रात के दो तीन बजे अपने आवास से आश्रम की यात्रा के दौरान हजारों भक्तो के जमघट और जयकारे की रील खूब प्रचारित की जाती रही है। संघ प्रमुख मोहन भागवत क्रिकेट प्लेयर विराट अनुष्का या कुछ अन्य माननीय उन से भेंट करने आ चुके हैं यह उन्हें सर्वमान्य होने का अहसास कराता है लेकिन ख्याति को पचा पाना सब के वश की बात नहीं है उनके साथ भी यही हुआ है इसे मतिभ्रम की स्थिति ही कहा जाए कि इस सबके बावजूद उन्होंने भाषा और शालीनता की तमाम मर्यादाओं को तोड़कर जिस तरह की टिप्पणी देश की बेटियों की अस्मिता पर की है वह वास्तव में एक संत के मुख से शोभा नहीं देती है। न यह सच्चे संत की भाषा या विचार हो सकता है।

दरअसल इन दिनों सोशल मीडिया पर सैकड़ों पथ से भटक गयी युवतियों की अवांछनीय हरकतों की रील तरह तरह से वायरल कर इस तरह का वातावरण तैयार किया जा रहा है जिसमें युवतियों लड़कियों को आचरण हीन और मर्यादाहीन जीवन में रत होने का प्रचार किया जा रहा है। लेकिन इस तरह के अमर्यादित वस्त्र और व्यवहार मात्र एक दो प्रतिशत लड़कियां या युवतियां करती है ये सोशल मीडिया पर वायरल रील समूचे समाज की बानगी नहीं है यदि कोई इन रील के आधार पर समाज के चरित्र का आकलन करता है तो वह निरा मूर्ख है। अल्पशिक्षित कथा वक्ता इसी तरह का काम कर रहे हैं। महाराज बयान कर रहे हैं कि सौ में से दो चार ही कन्याएं ही ऐसी होती है जो पवित्र जीवन जीकर किसी एक पुरुष को समर्पित होती है। यह बयान निसंदेह एक संत का नही हो सकता है। यदि उनके अपने बेटी होती तो भी वह ऐसा असभ्यता अशालीन और अतार्किक बयान शायद नहीं करते।

इस तरह की बयानबाजी समाज में नर नारी के बीच आपसी विश्वास और संबंधों में दरार और संदेह उत्पन्न करेगी। खासकर ऐसे समय में जब भारतीय समाज नीले ड्राम वाली मुस्कान और हनीमून पर पति का कत्ल कराने वाली सोनम के दुराचरण से आहत हैं और युवाओं में विवाह के प्रति आकर्षण उतार पर है संदेह और अविश्वास को बढ़ाने वाले बयान देना समूचे समाज की मानसिकता में महिलाओं लड़कियों के प्रति संदेह और अविश्वास का बीजारोपण कर सकता है। हर शहर कस्बे में इन कथा वक्ता और महाराज के बयानों को लेकर महिलाओं खास कर लड़कियों में गहरी नाराजगी है लेकिन इन लोगों ने अपने बयान पर शर्मिंदगी जताने की इंसानियत भी नही दिखाई है। इनका ऐसा रवैया इनके दम्भ को दर्शाता है। आपकों बता दें कि भारत के पुरातन वेदों शास्त्रों में नर नारी को न सिर्फ समान सम्मान और आदर से प्रतिष्ठित किया गया है वैदिक ऋचाओं में विश्ववारा गोधा सरमा अपाला घोषा शची लोपामुद्रा भारतीय नारी ऋषियों का बेहद सम्मान पूर्ण स्थान रहा है इतना ही नहीं शास्त्रों में वर्णित सप्तऋषियों में भी एक अरूंधती महिला सप्तऋषि स्थान पर पदस्थ की गयीं जिस सनातन संस्कृति में नारी का इतना उच्च व गौरवशाली स्थान रहा है सीता सावित्री गार्गी के चरित्र अनुपम हैं देश की युवा पीढ़ी की बच्चियों को भारतीय नारियों के गौरवशाली अतीत को स्मरण कराने की जरूरत है न कि उन के चरित्र हनन करने की। इस तरह के अतिरंजित घृणा भरे बयान भारतीय युवा पीढ़ी की बच्चियों के ह्रदय में सुधार के स्थान पर कुंठा और अवसाद को जन्म देगा। जिन वेदों की ऋचाओं को स्वयं नारी ऋषियों ने गढ़ा कालांतर में मध्ययुगीन काल में महिलाओं को ही वेदों के पठन पाठन का अधिकारी नहीं होने का शिगूफा कुछ तत्कालीन धर्म के स्वयंभू ठेकेदारों ने छोड़ा आज भी इस तरह के कथा वक्ता और महाराज कालनेमियो की तरह नारी के प्रति बेहद घृणास्पद चरित्र हनन करने वाली बदजुबानी कर नारी सम्मान और अस्मिता पर लांछन लगा रहे हैं। रील के प्रचार प्रसार के बूते पर समाज में दबदबा बनाने वाले इन लोगों को जानना चाहिए ऋग्वेद में नारी के लिए लिखा है 'स्त्री हि ब्रह्मा वभुविथ' यानि नारी ब्रह्मज्ञान की अधिष्ठाता है वह स्वयं विदुषी होती है संतान को सुशिक्षित बनाती है। भारतीय नारी आज भी संसार में अपने उज्जवल चरित्र के लिए पहचान रखती है देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद पर एक महिला सुश्री द्रोपदी मुर्मू देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश के राज्यपाल पद पर महिला सुश्री आनंदी बेन कुशलता से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहीं हैं तो देश की बेटी विंग कमांडर सोफिया कुरैशी आपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सीमा पर जबाव देती है तो सुप्रीम कोर्ट में महिला न्याय मूर्ति बी बी नागरत्ना देश की नारी जगत की गरिमा को अभिवृद्धि कर रहीं हैं। भारत सरकार का महत्वपूर्ण वित्त मंत्रालय भी एक महिला निर्मला सीतारमन बखूबी संभाल रही हैं।देश की करोड़ों बच्चियां अपने अपने क्षेत्र में सम्मान और गौरव भरा काम कर रही हैं।

जरूरत है कि देश की बेटियों को इन स्वनामधन्य महिलाओं के जीवन और कार्यों से प्रेरित किया जाए न कि कोई आठवीं छठी कक्षा पढ़ाई वाले महाराज और बहरूपिये कथा वक्ता देश की बेटियों की अस्मिता पर लांछन लगा कर उन्हें कर्तव्य पथ से दिग्भ्रमित और कुंठित करें। ऐसे तथाकथित महाराज बाबा और कथावाचकों के अवांछित बयानों पर सरकार को गंभीरता से संज्ञान लेना चाहिए और इन पर बी एन एस के प्रावधानों के तहत समुचित कार्रवाई करनी चाहिए। कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता यत्रेनार्यस्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्र फला क्रिया यानि नारी का जहां सम्मान होता है वहां देवता निवास करते हैं लेकिन जहां सम्मान नहीं होता है वहां प्रगति विकास की सारी क्रियाएं निष्फल हो जाती है।

# हिमालय में वैज्ञानिक संतुलन की आवश्यकता



जयसिंह रावत

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में अगस्त 2025 में आई भीषण बाढ़ ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि पर्वतीय क्षेत्रों में अंधाधुंध और असंवेदनशील विकास किस प्रकार विनाश को आमंत्रित कर रहा है। धराली की यह त्रासदी मात्र एक स्थानीय प्राकृतिक आपदा नहीं थी बल्कि हिमालय क्षेत्र में हो रहे जलवायु परिवर्तन, बेतरतीब निर्माण, वनों की कटाई, नदियों के प्राकृतिक प्रवाह में अवरोध और वैज्ञानिक चेतावनियों की अनदेखी का प्रत्यक्ष परिणाम थी। यह घटना पूरे भारतीय हिमालय की उस त्रासद श्रृंखला की अगली कड़ी है जो केदारनाथ, चमोली, जोशीमठ और सिक्किम जैसी आपदाओं से लगातार बनी हुई है। धराली में जिस बाढ़ ने दर्जनों भवनों, होमस्टे, दुकानों और होटलों को मलबे में तब्दील कर दिया, वह महज आकस्मिक नहीं थी। स्थानीय भूगर्भ वैज्ञानिकों के अनुसार, यह क्षेत्र न केवल भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील है बल्कि इस गांव के नीचे से बहने वाली नदी के किनारे बनाए गए अधिकांश निर्माण फ्लड प्लेन यानी बाढ़ क्षेत्र में स्थित थे। परंपरागत पहाड़ी घर सदियों से ढलानों पर बनाए जाते रहे हैं ताकि वे बाढ़ और भूस्खलन से बचे रहें किंतु आधुनिक पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था ने इन नियमों को ताक पर रखकर ₹वॉटरफ्रंट₹ सुविधा के नाम पर घाटी के सबसे निचले हिस्से को व्यवसायिक उपयोग में ला दिया।

धराली की त्रासदी कोई पहली चेतावनी नहीं है। वर्ष 2013 में उत्तराखंड के केदारनाथ क्षेत्र में आई जलप्रलय ने लगभग छह हजार लोगों की जान ली थी। यह आपदा एक जलवायु-संबंधित तीव्र वर्षा, ग्लेशियर झील के विस्फोट और मंदाकिनी नदी के अचानक उफान का घातक संयोग थी। इसके पश्चात 2021 में चमोली जिले के रैणी गांव के पास ऋषिगंगा नदी में एक हिमखंड के गिरने से अचानक बाढ़ आई जिसने निर्माणाधीन पनबिजली परियोजनाओं को तबाह कर दिया और 200 से अधिक लोगों की जान चली गई। इस घटना में स्पष्ट रूप से ग्लेशियर के पिघलने और पर्वतीय पारिस्थितिकी के असंतुलन की भूमिका सामने आई। फिर 2023 में जोशीमठ शहर की भूमि में दरारें और धंसाव की घटनाएं हुईं जिससे हजारों लोग विस्थापित हुए। वहां की वैज्ञानिक रिपोर्टों में बताया गया कि यह संकट भूमिगत जलस्रोतों में बदलाव, अनियोजित निर्माण और पर्वतीय ढालियों के अत्यधिक दोहन का परिणाम था।

केवल उत्तराखंड ही नहीं, सम्पूर्ण हिमालय क्षेत्र ऐसी ही आपदाओं की गिरफ्त में है। वर्ष 2023 में सिक्किम की लोनक झील फटने से अचानक आई बाढ़ ने कई गांवों को तबाह कर दिया। यह झील एक ग्लेशियल लेक थी जो लगातार पिघलते हिमनद के कारण बढ़ती जा रही थी और अंततः अपने ही भार से टूट गई। वैज्ञानिक इसे ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (GLOF) कहते हैं। 2022 में उत्तरकाशी के द्रौपदी का डांडा ग्लेशियर क्षेत्र में हिमस्खलन से 27 पर्वतारोहियों की मौत हुई जो भारत की अब तक की सबसे बड़ी पर्वतारोहण दुर्घटना थी। इससे पहले 1998 में मालपा गांव में हुए भूस्खलन में 221 लोग मारे गए थे जिनमें कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जा रहे तीर्थयात्री भी शामिल थे।

इन आपदाओं की पृष्ठभूमि में सबसे बड़ी भूमिका जलवायु परिवर्तन की है। भारतीय हिमालय में स्थित लगभग 9,575 हिमनदों में से बड़ी संख्या तेजी से पिघल रही है। शोध बताते हैं कि बीसवीं सदी के मुकाबले इक्कीसवीं सदी में हिमालयी ग्लेशियर दोगुनी गति से सिकुड़ रहे हैं। इससे पर्वतीय नदियों में अचानक जलप्रवाह बढ़ जाता है और नई-नई झीलें बन रही हैं जो कभी भी फट सकती हैं। 2020 में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार हिमालय में 3,000 से अधिक ग्लेशियल झीलें जोखिम की श्रेणी में हैं जिनमें से लगभग 200 झीलों से तात्कालिक खतरा है। यदि इनका विस्फोट हुआ तो घाटियों में बसे नगर और गांव जलप्रलय की चपेट में आ सकते हैं।

इसके साथ ही विकास परियोजनाएं भी समस्या को बढ़ा रही हैं। उत्तराखंड में चल रही चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना के तहत 889 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना की समीक्षा में वैज्ञानिकों ने बताया कि पहाड़ों की कटाई अत्यंत खड़ी ढालियों पर की गई है जिससे बड़े पैमाने पर भूस्खलन की घटनाएं बढ़ी हैं। वर्ष 2023 में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया कि इस परियोजना के कारण 811 से अधिक भूस्खलन सक्रिय हो चुके हैं। पहाड़ियों को 80 डिग्री तक की ढाल पर काटा गया जो इंजीनियरिंग सिद्धांतों के अनुसार भी अस्वीकार्य है।

साथ ही साथ वनों की कटाई ने भी संकट को और गहराया है। वनों की अनुपस्थिति में वर्षा का जल सीधा ढलानों से बहकर नदी में चला जाता है जिससे तलछट बढ़ती है और जलधाराओं का मार्ग अवरुद्ध होता है। पारंपरिक जलस्रोत जैसे धाराएं और गूलें सूखती जा रही हैं। पर्वतीय जलसंकट भी अब एक नई आपदा बन चुका है जिससे पहाड़ों के समाज को स्थायी रूप से विस्थापन की ओर धकेला जा रहा है।

इन सभी घटनाओं से स्पष्ट है कि हिमालय कोई साधारण पर्वत श्रृंखला नहीं है. यह एक ₹जीवित पर्वत₹ है जो अभी भी भूगर्भीय दृष्टि से सक्रिय है। भारत और यूरेशिया प्लेटों की टक्कर से उठे इस पर्वत की चट्टानें अभी भी आकार ले रही हैं जिसका परिणाम है कि यह इलाका भूकंपीय दृष्टि से सबसे अधिक संवेदनशील है। उत्तराखंड, हिमाचल, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के अधिकांश भाग भूकंपीय क्षेत्र-चार में आते हैं। ऐसे में यहां कोई भी निर्माण कार्य अत्यंत सावधानीपूर्वक और वैज्ञानिक निगरानी में ही किया जाना चाहिए।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में एक हिमाचल मामले में टिप्पणी की कि केवल राजस्व की प्राप्ति विकास का उद्देश्य नहीं हो सकती। विकास की योजनाएं पर्यावरण और पारिस्थितिकी की कीमत पर नहीं बननी चाहिए। न्यायालय ने यह भी कहा कि पहाड़ी राज्यों में नए निर्माण कार्यों में भूगर्भीय सर्वेक्षण, पारंपरिक ज्ञान और स्थानीय समुदायों की सहमति को महत्व दिया जाना चाहिए।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हिमालयी क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों का एक वैज्ञानिक ऑडिट किया जाए।

# बिना समुचित शिक्षा के इस्लाम की सच्चाई तक पहुंचना कठिन



गौतम चौधरी

आज के समय में इस्लाम को अक्सर विवादों के केंद्र में ला दिया जाता है लेकिन वास्तविकता यह नहीं है जो अक्सर हमें दिखाया जाता है? इस्लाम का मूल स्वभाव और स्वरूप, जो हमें बताया और समझाया जाता है, उससे बहुत भिन्न है। यह उसके मूल सिद्धांतों की वजह से नहीं बल्कि कुछ व्यक्तियों और संस्थानों द्वारा धार्मिक ग्रंथों, विशेष रूप से हदीसों के गलत इस्तेमाल की वजह से होता है। यह जानबूझकर या अज्ञानतावश किया गया दुरुपयोग हिंसा, असहिष्णुता और दमन को बढ़ावा देता है जिससे कट्टरता, धार्मिक ग्रंथों की गलत व्याख्या और इस्लामी समाज के भीतर ही आंतरिक संघर्ष जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न होती हैं। हदीसें — जो पैगंबर मुहम्मद (स.अ.) के कथन और कार्य का लेखा-जोखा है, कुरान के बाद इस्लामी कानून और मार्गदर्शन का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। ये कुरान की व्याख्या करती हैं और पैगंबर के नैतिक चरित्र, नेतृत्व शैली और सभी वर्गों के लोगों से व्यवहार को उजागर करती हैं लेकिन जहाँ कुरान को दिव्य रूप से संरक्षित माना जाता है, वहीं हदीसों का संग्रह, प्रमाणीकरण और वर्गीकरण कार्य पैगंबर के निधन के बाद कई सदियों में विद्वानों द्वारा किया गया, यानी हदीस मानव द्वारा रचित ग्रंथ है, जिसमें समय समय पर, समयानुकूल कुछ जोड़े गए हैं। इमाम बुखारी जैसे विद्वान इस्लामिक चिंतकों ने हदीसों की सत्यता परखने के लिए कठोर मानदंड बनाए जिनमें हर कथावाचक की विश्वसनीयता और कथनों की सुसंगतता की जाँच शामिल थी। इसके बावजूद कुछ कमजोर या अप्रमाणिक हदीसें आज भी प्रचलन में हैं और इन्हें कट्टरपंथी या इस्लाम-विरोधी तत्व इस्लाम को हिंसक, महिला विरोधी या तानाशाही के पक्षधर के रूप में पेश करने के लिए उपयोग करते हैं। कट्टरपंथी समूह अक्सर हदीसों को संदर्भ से काटकर अपने हिंसक विचारों को सही ठहराते हैं। युद्ध से संबंधित कुछ हदीसें, जिनमें पैगंबर का शत्रुओं के प्रति व्यवहार बताया गया है, को बिना ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और इस्लामी युद्ध के नियमों (जैसे निर्दोषों, महिलाओं, बच्चों, वृद्धों को नुकसान न पहुँचाना) के पेश किया जाता है। यह चयनात्मक व्याख्या न केवल कट्टरपंथ को बढ़ावा देती है बल्कि इस्लाम के खिलाफ दुष्प्रचार को भी हवा देती है। महिलाओं के संदर्भ में भी कई झूठी या कमजोर हदीसों का उपयोग कर उन्हें शिक्षा, स्वतंत्रता और सार्वजनिक जीवन में भागीदारी से वंचित किया गया है। इस संदर्भ में बरेलवी संप्रदाय के विद्वान इस्लामिक चिंतक, मौलाना मुफ्ती तुफैल कादिरी कहते हैं, उदाहरण के लिए, एक प्रचलित हदीस जिसे यह कहने के लिए प्रयोग किया जाता है कि महिलाएं बौद्धिक रूप से कमजोर हैं — वह न केवल संदर्भ से बाहर है बल्कि पैगंबर के जीवन और महिलाओं के प्रति व्यवहार के भी विपरीत है। उन्होंने महिलाओं को सशक्त किया, उन्हें शिक्षित होने के लिए प्रोत्साहित किया और सार्वजनिक भूमिका सौंपी जैसे आयशा (र.अ.), जो एक महान विदुषी थीं। कादिरी साहब कहते हैं, कुछ शासकों या प्रभुत्वशाली समूहों ने भी हदीसों का दुरुपयोग कर तानाशाही को वैध ठहराया, विरोध को दबाया और सुधार को रोका। मसलन भले ही शासक अत्याचारी हो, उसका पालन करो जैसी हदीसों को बिना उचित ऐतिहासिक और विद्वतापूर्ण व्याख्या के प्रस्तुत किया गया जबकि इस्लामी शासन व्यवस्था का मूल न्याय, परामर्श (शूरा) और उत्तरदायित्व में निहित है। हदीसों का गलत इस्तेमाल इस्लाम की वैश्विक छवि को नुकसान पहुँचाता है। गैर-मुस्लिम, जो इस्लामी ग्रंथों से परिचित नहीं हैं, इन भ्रामक व्याख्याओं को ही इस्लाम का वास्तविक स्वरूप मान लेते हैं। वहीं सीमित धार्मिक ज्ञान वाले मुसलमान भ्रमित हो जाते हैं, हतोत्साहित हो जाते हैं या फिर कट्टरपंथ की ओर झुक जाते हैं। साथ ही मुस्लिम समुदाय के भीतर एकता को भी इससे ठेस पहुँचती है, क्योंकि विभिन्न सम्प्रदाय अलग-अलग हदीस संग्रहों या व्याख्याओं पर भरोसा करते हैं, जिससे मतभेद और विभाजन पैदा होता है जिसे अपने हितों के लिए राजनीतिक ताकतें और बढ़ावा देती हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए शिक्षा अनिवार्य ही नहीं, धार्मिक कर्तव्य भी है।

स्वयं पैगंबर मुहम्मद (स.अ.) ने कहा है, ज्ञान प्राप्त करना हर मुसलमान पर अनिवार्य है। मुसलमानों को यह समझने की क्षमता होनी चाहिए कि कौन-सी हदीस प्रामाणिक है और कौन-सी नहीं। इसके लिए हदीस विज्ञान (इल्मुल हदीस), ऐतिहासिक संदर्भ और ऐसे योग्य विद्वानों से सीखना आवश्यक है जो परंपरागत और आधुनिक दोनों प्रकार के ज्ञान में दक्ष हों। कुरान इस्लाम का प्राथमिक स्रोत है और इसके नैतिक सिद्धांत जैसे न्याय, दया, बुद्धिमत्ता और करुणा ही हदीसों की सही समझ की कुंजी हैं। विशेष रूप से युवा मुसलमान दोनों — कट्टरपंथ और इस्लाम-विरोधी भावनाओं — के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इसलिए स्कूलों, मस्जिदों और परिवारों को मिलकर प्रामाणिक इस्लामिक मूल्य, आलोचनात्मक सोच, ऐतिहासिक जागरूकता और नागरिक जिम्मेदारी की शिक्षा देनी चाहिए।

# युवाओं में बढ़ती यौन अपराध की मानसिकता



संजीव ठाकुर

एतिहासिक काल से ही भारतीय संस्कृति और सभ्यता में ऐसा लचीलापन है कि अनेक विदेशी सभ्यताओं को हमने अपनी सभ्यता में आत्मसात कर उन्हें भी अपने रंग में रंग लिया है। उन सब के रंगों में हम भी रंग गए हैं। भारतीय समाज की विशेषता है कि यह क्रमिक रूप से बाहरी मूल्यों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहा है जिसके फलस्वरूप आज समाज विभिन्न संस्कृतियों, सभ्यताओं तथा मूल्यों का अद्भुत समूह बन गया है। (यूं कहें कि अलग-अलग सभ्यताओं के पुष्पों का एक रंग बिरंगा गुलदस्ता ही बन गया है। वही सभ्यताओं के आत्मसात करने के परिणाम स्वरूप पाश्चात्य सभ्यता से हिंदुस्तानी समाज में बड़ी विसंगतियां जन्म लेने लगी है। सभ्यताएं तो आई लेकिन अपनी बुराइयों को भी लेकर आई हैं। इससे भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का अवमूल्यन सी हुआ है।इसके अलावा पाश्चात्य सभ्यता ने खुलेपन आमंत्रित कर युवाओं तथा पुरुषों के मन में वासनात्मक कुंठा को जन्म दिया है। जिसके कारण महिलाओं पर यौन हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही है।) आज भारतीय समाज निश्चित तौर पर परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और यही वजह है कि पाश्चात्य सांस्कृतिक प्रवृतियों मानसिक भावनाओं को संक्रमित कर कुंठा को जन्म दिया है।

यही कारण है कि मानसिक संक्रमण से भारतीय समाज पाश्चात्य सभ्यता का अंधा अनुसरण कर रहा है जिसके कारण मानवीय मूल्यों में नैतिक स्खलन स्पष्ट दिखाई देने लगा और इस नैतिक गिरावट से हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। पाश्चात्य सभ्यता के दुष्प्रभाव में सबसे गहरा दुष्प्रभाव यौन हिंसा के प्रचार प्रसार का है। पुरुष समाज की मानसिकता है की पुरुष होने के कारण उन्हें कुछ चीजों का हक नैसर्गिक रूप से प्राप्त है जैसे कि अच्छी पत्नी और संतान में बेटों की प्राप्ति, कोई भी पुरुष अपनी आने वाली पीढ़ी में पुत्री नहीं चाहता है जबकि पुत्र पुत्री एक समान ही होते हैं बल्कि जो मायूस होकर पुत्री जन्म का दुख मनाते हैं उन्हें वर्तमान में पीएससी और यूपीएससी की रिजल्ट लिस्ट देखनी चाहिए इसमें बालिकाओं ने बहुत अच्छे अंको से परीक्षा पास कर समाज में उनकी अहम भूमिका को सार्थक किया है। वर्तमान समाज में परंपरागत रूप से पुरुषों को ऐसा करते देख उसकी आने वाली पीढ़ी भी अपने महिला संगिनी से दुर्व्यवहार और हिंसा करने से नहीं चूकता है। पुरुष की कुंठा इस कदर बढ़ चुकी है कि वह किसी सुंदर स्त्री को देखकर यह चाहने लगता है कि वह स्त्री उसकी अंक शायनी हो जाए और यदि स्त्री उसके विमुख होती है तो वह उस पर बलात नियंत्रण करने की कोशिश में यौन अपराध की ओर उन्मुख हो जाता है। अपरिपक्व उम्र से ही किशोरावस्था के युवक सेक्सुअल हिंसा के प्रति उन्मुख होने लगे हैं हमें इसकी असली वजह तथा कारण को समझना होगा मोबाइल का इंटरनेट कंप्यूटर लैपटॉप ने इस विकृत संस्कृति को एक खुला आकाश दे दिया है समाज में बढ़ती योन अपराधिक हिंसा के मुख्य कारणों में से एक इंटरनेट मोबाइल और लैपटॉप का घर घर उपलब्ध होना ही है।

मानसिक रूप से अपरिपक्व को बच्चों के पास मोबाइल तथा लैपटॉप तथा इंटरनेट आ चुका है और उससे वह वह वासनात्मक कहानियां, चित्र और फिल्में देखकर युवतियों तथा छोटी-छोटी बच्चियों पर यौन अपराध करने से नहीं चूकते और यही वजह है कि भारतीय संस्कृति विकृत होकर युवकों द्वारा बड़ी संख्या में यौन अपराध किए जा रहे हैं।

# कुएं की आत्मा और सरकारी फाइल



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

वह अपनी फटी धोती और टूटी चप्पल पहनकर जन सेवा केंद्र पहुँचा। वहाँ एक मोटा-सा बाबू, जिसका नाम 'श्रीमान आलस प्रसाद' था, अपनी कुर्सी पर ऐसे पसरा था जैसे कुर्सी पर नहीं, स्वर्ग के किसी बादल पर लेटा हो। उसकी तोंद इतनी विशाल थी कि मेज और कुर्सी के बीच से निकलना भी एक राष्ट्रीय समस्या प्रतीत होता था। घसीटाराम ने अपनी अर्जी पेश की। आलस प्रसाद ने बिना देखे ही, अपनी आँखें बंद रखते हुए कहा, फॉर्म नंबर 42-बी भरिए और साथ में 17 दस्तावेज़ों की फोटोकॉपी लगाइए। और हाँ, एक 'सेवा शुल्क' भी लगेगा। घसीटाराम ने माथा खुजाया, सेवा शुल्क? आलस प्रसाद ने आँखें मटकाते हुए कहा, हाँ, वही जो सरकार की सेवा में लगता है। आजकल हवा भी मुफ्त नहीं मिलती, यह तो कागजी कार्यवाही है। फाइल को एक मेज से दूसरी मेज तक ले जाने के लिए भी तो ऊर्जा लगती है, और ऊर्जा के लिए 'ईंधन' चाहिए। घसीटाराम ने जैसे-तैसे फॉर्म भरा, गाँव के मुखिया से लेकर पटवारी तक के दस्तखत करवाए। हर जगह 'चाय-पानी' के नाम पर उसकी जेब हल्की होती गई। उसकी कुएं में भले पानी न हो, लेकिन सरकारी दफ्तरों में 'पानी' की कमी नहीं थी, बस वह सही जगह बहना चाहिए। किसी ने कहा, यह तो सरकारी गंगा है, इसमें डुबकी लगाने से पहले दक्षिणा देनी पड़ती है। घसीटाराम ने सोचा, डुबकी तो लग गई, अब मुक्ति कब मिलेगी?दस्तावेज़ पूरे हुए तो उसे कृषि विभाग भेजा गया। वहाँ एक और बाबू, 'श्रीमान टालमटोल सिंह', अपनी मेज पर पैरों पर पैर रखे बैठा था। उसके सामने फाइलों का एक पहाड़ खड़ा था, जिस पर धूल की मोटी परत ऐसे जमी थी जैसे किसी प्राचीन सभ्यता के अवशेष हों। घसीटाराम ने अपनी फाइल उसके सामने रखी। टालमटोल सिंह ने फाइल को ऐसे देखा जैसे कोई एलियन वस्तु हो। ओह! कुआँ? लेकिन यह तो भूजल विभाग का मामला है। हम सिर्फ खेती-बाड़ी देखते हैं। कुआँ तो पानी से संबंधित है न? घसीटाराम ने समझाया, सर, कुआँ खेती के लिए ही तो है। टालमटोल सिंह ने नाक सिकोड़ी, नियम नियम होता है। आप भूजल विभाग जाइए। हमारा काम तो बीज और खाद देखना है, पानी तो भगवान का काम है, या फिर भूजल विभाग का। भूजल विभाग में 'श्रीमान ज्ञानचंद' मिले, जो अपनी मेज पर दुनिया भर की भूजल रिपोर्टें फैलाए बैठे थे। उन्होंने घसीटाराम की फाइल को गंभीरता से देखा। हम्म... कुआँ सूखा है? यह गंभीर विषय है। क्या आपने भूजल स्तर का अध्ययन करवाया है? क्या आपके पास 'जल-स्तर-मापन-प्रमाण-पत्र' है? घसीटाराम ने गिड़गिड़ाया, सर, मैं तो बस कुआँ ठीक करवाना चाहता हूँ। ज्ञानचंद ने चश्मा ठीक करते हुए कहा, बिना वैज्ञानिक आधार के कोई काम नहीं होता। पहले प्रमाण-पत्र लाओ, फिर बात बनेगी। क्या पता आपकी कुएं में पानी इसलिए न हो क्योंकि उसके नीचे डायनासोर का कंकाल हो, या फिर कोई प्राचीन सभ्यता का खजाना? जल-स्तर-मापन-प्रमाण-पत्र बनवाने में घसीटाराम के पसीने छूट गए। एक और बाबू, 'श्रीमान निरीक्षण कुमार', उसके गाँव कुएं का निरीक्षण करने आए। उन्होंने कुएं में झाँका, फिर आसमान में देखा, फिर घसीटाराम की हथेली पर देखा। हम्म... कुआँ तो सूखा है। लेकिन इसमें पानी क्यों नहीं है? यह भी तो एक सवाल है। घसीटाराम ने कहा, सर, इसलिए तो सब्सिडी चाहिए। निरीक्षण कुमार ने सिर हिलाया, ठीक है, रिपोर्ट लगा देंगे। लेकिन रिपोर्ट लगाने का भी एक 'नियम' होता है। और उन्होंने एक और 'चाय-पानी' की माँग रख दी, इस बार 'विशेष निरीक्षण शुल्क' के नाम पर। कई महीने बीत गए। घसीटाराम ने दफ्तरों के चक्कर काटते-काटते अपनी चप्पलें घिस डालीं और अपनी आत्मा को भी घसीट लिया।

# आज कजरी तीज और अंगारक गणेश चतुर्थी

## मंगलवार को भगवान गणेश, शिव-पार्वती, हनुमान और मंगल ग्रह की पूजा एक साथ करने का शुभ योग





मंगलवार, 12 अगस्त 2025 को दो शुभ तिथियां एक साथ पड़ रही हैं- कजरी तीज और अंगारक गणेश चतुर्थी। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि, जिसे कजरी तीज कहा जाता है, 12 अगस्त की सुबह 9:45 बजे तक रहेगी। ये तिथि मुख्य रूप से देवी पार्वती को समर्पित होती है और विशेष रूप से विवाहित स्त्रियां इस दिन अपने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि के लिए व्रत करती हैं। शिव-पार्वती का अभिषेक करती हैं। इस दिन झूला झूलने और पारंपरिक लोक गीतों का आयोजन होता है।

चतुर्थी तिथि 12 अगस्त को सुबह 9:45 बजे के बाद शुरू होगी और अगले दिन 13 अगस्त की सुबह 7.55 बजे तक रहेगी। जब चतुर्थी तिथि मंगलवार को आती है तो इसे अंगारक चतुर्थी कहा जाता है। ये दिन भगवान गणेश के साथ-साथ मंगल ग्रह और हनुमान जी की पूजा के लिए अत्यंत शुभ होता है।

क्यों कहते हैं इसे अंगारक चतुर्थी?

ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, मंगलवार के अधिपति ग्रह मंगल का एक नाम अंगारक भी है। इसलिए मंगलवार को पड़ने वाली चतुर्थी को अंगारक चतुर्थी का नाम दिया गया है। इस व्रत से पारिवारिक सुख-समृद्धि, रोग मुक्ति, संतान सुख और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

**अंगारक चतुर्थी व्रत कैसे करें?**

सुबह जल्दी उठें और स्नान के बाद घर के मंदिर में गणेश जी की प्रतिमा स्थापित करें।

गणेश जी को पंचामृत से स्नान कराएं, दूर्वा, सिंदूर, फूल, चावल, फल, लड्डू आदि अर्पित करें।

श्री गणेशाय नमः मंत्र का जप करें। धूप-दीप जलाकर आरती करें

पूजा में चतुर्थी व्रत करने का संकल्प लें और दिनभर निराहार रहें।

शाम को चंद्रमा के दर्शन के बाद चंद्रमा को अर्घ्य दें। भगवान गणेश की पूजा करें। इसके बाद ही भोजन ग्रहण करें। इस तरह चतुर्थी व्रत पूरा होता है।

शिवलिंग रूप में होती है मंगल ग्रह की पूजा

मंगलवार मंगल ग्रह की पूजा के लिए विशेष महत्व रखता है। मंगल का संबंध शिवलिंग से माना जाता है, इसलिए शिवलिंग रूप में मंगलदेव की पूजा होती है। जिनकी कुंडली में मांगलिक दोष है, वे इस दिन शिवलिंग पर लाल पुष्प, लाल चंदन, लाल मसूर, लाल गुलाल चढ़ाकर मंगल दोष शांति के लिए पूजन कर सकते हैं।

उज्जैन के मंगलनाथ मंदिर और अंगारेश्वर महादेव मंदिर को मंगल ग्रह का जन्म स्थान माना जाता है। यहां की गई मंगल पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है।

**मंगलवार को करें हनुमान जी की पूजा**

मंगलवार हनुमान जी का वार भी है। इसलिए इस दिन हनुमान जी की पूजा की जाती है। भगवान के सामने दीपक जलाएं, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ करें। लाल चोला चढ़ाएं और गुड़-चना का भोग लगाएं।

### कजरी तीज व्रत के नियम

जानकारी दे दें कि कजरी तीज का व्रत निर्जला यानी 24 घंटे बिना पानी पिए रखा जाता है। व्रत शुरू होने से पहले सूर्योदय से पहले सरगी खानी चाहिए। सरगी में फल, मिठाई, सूखे मेवे और दूध रखें। शाम के समय भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा की जाती है। पूजा में दीपक, धूप, फल, फूल और मिठाई चढ़ाएं। रात में चंद्रमा को अर्घ्य देकर ही व्रत खोलें। अर्घ्य देने के बाद ही व्रत का भोजन ग्रहण करें।

**क्या खाने चाहिए?**

व्रत खोलने के बाद हल्का भोजन करें।

सेब, केला, पपीता, अनार जैसे फल खा सकते हैं।

दूध, दही या छाछ पी सकते हैं।

**क्या नहीं खाना चाहिए?**

तला हुआ भोजन भी नहीं करें।

इस दिन मांसाहार, प्याज और लहसुन का सेवन बिल्कुल न करें।

मसालेदार भोजन से भी परहेज करें।

# कजरी तीज का व्रत आज



12 अगस्त 2025 को कजरी तीज व्रत रखा जाएगा। ये व्रत प्रत्येक वर्ष भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इसे तीज को सातुड़ी तीज और भादो तीज भी कहा जाता है। यहां हम आपको बताएंगे कजरी तीज की व्रत विधि।

कजरी तीज का व्रत सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए करती हैं तो वहीं कुंवारी कन्याएं ये व्रत मनचाहा जीवनसाथी पाने की कामना से करती हैं। ये व्रत मुख्य रूप से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में मनाया जाता है। बाकी तीज की तरह ही इस तीज पर भी भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा होती है। इसके अलावा इस तीज पर नीमड़ी माता की पूजा का भी विधान बताया गया है। बता दें इस साल कजरी तीज 12 अगस्त को मनाई जाएगी। यहां हम आपको बताएंगे कजरी तीज का व्रत कैसे रखते हैं?

**इसके नियम और विधि क्या है।**

कजरी तीज का व्रत कब से कब तक रखा जाता है? कजरी तीज के दिन महिलाएं सूर्योदय से लेकर चंद्रोदय तक निर्जला व्रत रहती हैं। रात में चंद्रमा की पूजा करने के बाद ही ये व्रत खोला जाता है।

**गर्भवती महिलाएं ये व्रत कैसे रहें?**

गर्भवती महिलाओं को कजरी तीज का व्रत निर्जला नहीं रखना चाहिए। आपको फल, जूस और व्रत में खाई जाने वाली अन्य चीजों का सेवन करते रहना चाहिए जिससे आपको स्वास्थ्य समस्याएं न आएं।

**कजरी तीज की पूजा कैसे करें**

कजरी तीज की मुख्य पूजा शाम के समय की जाती है। इसलिए शाम की पूजा से पहले स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें और सोलह श्रृंगार करके पूजा में बैठें। विधि विधान पूजा करने के साथ ही कजरी तीज की कथा सुननी चाहिए और भगवान से अपने पति की समृद्धि और लंबी आयु के लिए प्रार्थना करनी चाहिए।

**कजरी तीज पर झूला झूलने की है परंपरा**

कजरी तीज के दिन कई महिलाएं झूला झूलती हैं। इस दौरान कजरी तीज के गीत गाती हैं और मिल-जुलकर ये पर्व मनाती हैं।

# क्या शिव पूजा में दिशा का असर होता



जब भी कोई इंसान शिवजी की पूजा करता है, तो उसका मन यही होता है कि भोलेनाथ जल्दी खुश हों और उसकी हर मनोकामना पूरी हो जाए, लेकिन पूजा करते वक्त कई बार हम कुछ ऐसी छोटी-छोटी बातें नजरअंदाज कर देते हैं, जो पूजा का असर कम कर देती हैं।

खासकर दिशा का ध्यान ना रखना एक बड़ी गलती हो सकती है। शिव पूजा में साधक की दिशा, जल चढ़ाने का तरीका और परिक्रमा करने का तरीका सब कुछ बेहद मायने रखता है। शिव पुराण और अन्य ग्रंथों में इन बातों का साफ जिक्र है, जिन्हें ध्यान में रखकर ही पूजा करनी चाहिए

**उत्तर दिशा की तरफ मुख क्यों जरूरी है?**

शिव पूजा करते समय सबसे जरूरी बात ये होती है कि आप किस तरफ मुंह करके बैठे हैं।

शिव पुराण में कहा गया है कि अगर कोई साधक उत्तर दिशा की तरफ मुंह करके पूजा करता है, तो उसे उसका फल हजार गुना ज्यादा मिलता है। उत्तर दिशा को देवताओं की दिशा माना गया है, ये दिशा सकारात्मक ऊर्जा का केंद्र मानी जाती है, और यही कारण है कि शिवजी की पूजा इसी दिशा की ओर मुख करके करनी चाहिए।

**कौन-सी दिशा में नहीं बैठना चाहिए?**

शिव पूजा करते समय कुछ दिशाओं से बचना चाहिएः

**पूर्व दिशाः** भले ही इसे ज्ञान की दिशा माना गया हो, लेकिन शिव पूजा में इसका महत्व कम है।

**पश्चिम दिशाः** इस दिशा में बैठकर पूजा करने से मन एकाग्र नहीं होता है।

**पूर्व दिशाः** भले ही इसे ज्ञान की दिशा माना गया हो, लेकिन शिव पूजा में इसका महत्व कम है।

**पश्चिम दिशाः** इस दिशा में बैठकर पूजा करने से मन एकाग्र नहीं होता है।

**दक्षिण दिशाः** इस दिशा को पितरों और यम की दिशा माना गया है, इसलिए शिव पूजा के लिए ये सही नहीं मानी जाती है।

अगर शिवलिंग की दिशा कुछ और हो?

कई बार ऐसा होता है कि किसी मंदिर या घर में शिवलिंग उत्तर दिशा की तरफ न होकर किसी और दिशा में स्थापित होता है। **ऐसे में क्या करें?**

तो याद रखें – भले ही शिवलिंग किसी भी दिशा में हो, पूजा करने वाले का मुख उत्तर दिशा की ओर ही होना चाहिए। इसका मतलब ये है कि आप अपनी जगह थोड़ी बदल लें, लेकिन पूजा उत्तरमुखी होकर ही करें।

**जलाधारी को न करें पार**

शिव पूजा में एक और जरूरी बात होती है, जलाधारी को कभी भी पार न करें।

शिवलिंग के नीचे जो जल निकालने वाली नाली होती है, उसे जलाधारी कहते हैं।

ये बहुत ही पवित्र भाग माना जाता है और इसे लांघना पूजा में दोष माना जाता है।

**परिक्रमा कैसे करें?**

शिव जी की परिक्रमा करते वक्त पूरा चक्कर नहीं लगाना चाहिए।

सिर्फ आधी परिक्रमा करें, और जलाधारी के पास पहुंचने पर वापस लौट जाएं।

ये नियम खासतौर पर इसलिए है क्योंकि जलाधारी को पार करना गलत होता है।

**ध्यान रखने वाली बातें**

पूजा करते समय साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखें।

शरीर और मन दोनों शांत और पवित्र रखें।

बेलपत्र, अक्षत, दूध, जल आदि को सही क्रम में चढ़ाएं।

ॐ नमः शिवाय मंत्र का जाप करते रहें।

पूजा के बाद शिवजी से क्षमा जरूर मांगे अगर कोई गलती हो गई हो।

# सूर्य के अपनी प्रिय राशि में गोचर से चमकेंगी ये 4 राशियां



ग्रहों के राजा सूर्य देव आत्मा और जीवन शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं। कहते हैं जिस किसी की कुंडली में ये ग्रह मजबूत स्थिति में होता है ऐसा व्यक्ति समाज में खूब मान-सम्मान प्राप्त करता है और सूर्य की भांति चमकता है। सूर्य ग्रह 16 अगस्त की देर रात 2 बजे जब सिंह राशि में गोचर करेगा तो यह महत्वाकांक्षा, रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को जन्म देगा। इस गोचर के दौरान लोग अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में चमकने की पूरी कोशिश करेंगे। यहां हम आपको बताने जा रहे हैं ये गोचर सबसे ज्यादा किन राशियों के लिए शुभ साबित होगा।

**मिथुन राशिः करियर में नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं**

मिथुन राशि वालों के लिए ये गोचर बेहद शानदार साबित होगा। आप अपने करियर में नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। करियर में जो भी परेशानियां आ रही थीं वो दूर हो जाएंगी। आप इस अवधि में व्यवसायी विभिन्न सौदों से लाभ कमा सकते हैं। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। धन-धान्य में वृद्धि होगी। साथ ही आप इस अवधि में विभिन्न सौदों से बड़ा लाभ कमाने में सफल रहेंगे।

**सिंह राशिः धन अर्जित करने में सफल रहेंगे**

सिंह राशि वालों के लिए भी ये गोचर बेहद शानदार साबित होगा। इस दौरान आप विभिन्न स्रोतों से धन अर्जित करने में सफल रहेंगे। आप प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त होंगे। कोई अच्छी नौकरी मिल सकती है। लंबे समय से रुके हुए कार्य अब पूरे हो सकते हैं। उच्च आय के नए अवसर प्राप्त होंगे। यदि आप अपनी नौकरी बदलने की योजना बना रहे हैं, तो यह सबसे अच्छा समय है।

**वृश्चिक राशिः नौकरी और व्यापार में प्रगति होगी**

वृश्चिक राशि वालों के लिए ये समय काफी शानदार रहेगा। नौकरी और व्यापार में प्रगति होगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आपके काम की हर जगह प्रशंसा होगी। आप अपने जीवन की कई परेशानियों से छुटकारा पा लेंगे।

**मकर राशिः अच्छा लाभ कमाने में सफल रहेंगे**

मकर राशि वालों के लिए भी ये समय काफी शानदार साबित होगा। कड़ी मेहनत से आप अच्छा लाभ कमाने में सफल रहेंगे। आर्थिक स्थिति पहले से काफी बेहतर हो जाएगी और आप कई माध्यमों से धन कमाने में सफल रहेंगे। आप इस दौरान आए गए अवसरों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

# कजरी तीज पर शनि-अरुण का दुर्लभ संयोग, 4 राशियों की महिलाओं के सुख-सौभाग्य में होगी वृद्धि

**त्रिएकादश योग का वृषभ राशि पर प्रभाव**

शनि-अरुण का दुर्लभ संयोग से बन रहे त्रिएकादश योग का शुभ प्रभाव वृषभ राशि की महिलाओं को मिलेगा। इन राशि की महिलाओं के परिवार में सुख-शांति रहेगी और करियर की शुरुआत करने का मौका मिलेगा। वैवाहिक जीवन में अगर कोई समस्या चल रही है तो वह खत्म खत्म हो जाएगी और ससुराल वालों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। खुद का बिजनस शुरू करना चाहती हैं तो इस अवधि में आपको पूरा साथ मिलेगा और आप अपना मुकाम बना पाने में समर्थ होंगी।

**त्रिएकादश योग का कर्क राशि पर प्रभाव**

त्रिएकादश योग का शुभ प्रभाव कर्क राशि वालों के लिए बेहद खास रहने वाला है। कर्क राशि वालों की सुहागन महिलाओं का दांपत्य जीवन सुखमय होगा और परिवार में आपसी प्रेम बना रहेगा। इस राशि की जो महिलाएं काम करती हैं,



उनकी आमदनी में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। साथ ही अगर कोई कार्य अटका हुआ तो वह योग के शुभ प्रभाव से पूरा होने की उम्मीद है। इस राशि की सिंगल लड़कियों के लिए भगवान शिव और माता पार्वती की कृपा से अच्छा रिश्ता आ सकता है।

**त्रिएकादश योग का वृश्चिक राशि पर प्रभाव**

शनि-अरुण का दुर्लभ संयोग से वृश्चिक राशि की महिलाओं के सुख-सौभाग्य में वृद्धि होगी और भाग्य का साथ मिलने से अटके हुए कार्य समय पर पूरे होंगे। यह योग आपके जीवन में खुशियां लेकर आएगा और माता पिता का हर कदम पर सहयोग भी मिलेगा। इस अवधि में आपको धन लाभ होने की संभावना है और करियर में भी सफलता प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ अगर कोई अनबन चल रही है तो इस योग के शुभ प्रभाव से सभी गलतफहमी दूर होगी और रिश्तों में मधुरता आएगी।

**त्रिएकादश योग का कुंभ राशि पर प्रभाव**

शनि-अरुण का दुर्लभ संयोग से बन रहे त्रिएकादश योग कुंभ राशि की महिलाओं के लिए कल्याणकारी रहने वाला है। कुंभ राशि की महिलाओं को हर कदम पर भाग्य का साथ मिलेगा और आपके मन की कई इच्छाएं पूरी होंगी। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी और नौकरी व बिजनस करने वाली महिलाओं के लिए तरक्की के नए अवसर प्राप्त होंगे। अगर आपका कोई कार्य अटका हुआ है तो इस अवधि में पूरा होने की संभावना बन रही है।

# अपने को हनुमान चालीसा से जोड़ें, फिर प्रकृति से जोड़ें

मनुष्य की फितरत है बर्बाद हो जाना- दौलत, प्रतिष्ठा या प्रेम के लिए। तो जब बर्बाद ही होना है तो क्यों ना परमात्मा के लिए बर्बाद हो जाएं? मीरा, कबीर, सूर, तुलसी, हनुमान- ये सब परमात्मा के कारण बर्बादी का स्वाद चखे हुए लोग हैं।

यहां बर्बादी का अर्थ पतन नहीं, परम आनंद को प्राप्त हो जाना है। तुलसी ने रामचरितमानस के किष्किंधाकांड में श्रीरामजी की लक्ष्मणजी से बातचीत का अद्भुत चित्रण किया है। दोनों भाइयों की बातचीत के केंद्र में प्रकृति है। देश के सबसे स्वच्छ नगर इंदौर में एक कार्यक्रम होता है- 'एक शाम, रिश्तों के नाम', जिसमें हनुमान चालीसा का महापाठ किया जाता है। उससे संदेश यह मिलता है कि हम अपने को प्रकृति से कैसे जोड़ें।

14 वर्षों से यह कार्यक्रम हो रहा है। 100वां आयोजन है। इंदौर को अधिकार है कि प्रकृति का जैसे उसने मान किया, यह संदेश सारे देश में पहुंचे। रक्षाबंधन की पूर्व-संध्या पर आज संस्कार टीवी पर इसका सीधा प्रसारण होगा, शाम 7 बजे से। हनुमान चालीसा से जुड़ें, फिर प्रकृति से जुड़ें।

# हनी सिंह ने गानों में अभद्रता के लिए माफी मांगी महिला आयोग ने भेजा था नोटिस



अपने हालिया गानों में आपत्तिजनक बोलों के लिए तलब किए गए पंजाबी गायक करण औजला और योयो हनी सिंह सोमवार को पंजाब राज्य महिला आयोग के सामने पेश नहीं हुए. दोनों इस समय विदेश में हैं. राज्य महिला आयोग ने गुरुवार को करण औजला के गाने 'एमएफ गबरू' और हनी सिंह के नवीनतम ट्रैक 'मिलियनेयर' में आपत्तिजनक बोलों का स्वतः संज्ञान लिया था और उन्हें 11 अगस्त को सुबह 11 बजे चंडीगढ़ स्थित आयोग के कार्यालय में पेश होने के लिए कहा था. हालांकि दोनों सिंगर आयोग के सामने उपस्थित तो नहीं हुए लेकिन उन्होंने माफी मांगी है.

**करण औजला और हनी सिंह ने माफी मांगी**

पंजाब राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन राज लाली गिल ने आज कहा कि उनकी दोनों सिंगर्स से फोन पर बात हुई है और उन्होंने इन गानों में आपत्तिजनक शब्दों के इस्तेमाल के लिए खेद जताया है और इन शब्दों को इन गानों से कैसे हटाया जाए इसे लेकर बात हो रही है.

**सिंगर्स को राज्य महिला आयोग ने भेजा था समन**

बता दें कि 11 अगस्त, सोमवार को राज्य महिला आयोग ने दोनों गायकों को इन गानों में आपत्तिजनक शब्दों के प्रयोग के संबंध में सम्मन किया था. हालांकि दोनों गायक आज हाजिर नहीं हुए. पंजाब राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन राज लाली गिल ने इस संबंध में कहा कि दोनों गायकों ने उनसे कहा है कि वे जल्द ही उनके पास आयेंगे क्योंकि अभी वो विदेशी में काम में बिजी हैं.इस बीच, उनके वकील अपना जवाब दाखिल करेंगे। मुझे दो-तीन दिनों में पुलिस रिपोर्ट मिल जाएगी. राज लाली गिल ने ये भी कहा कि सिंगर्स अपने गानों में आपत्तिजनक शब्द न इस्तेमाल करें इसके लिए कानून बनना चाहिए. या तो केंद्र सरकार को ये काम करना चाहिए या फिर राज्य सरकार को ये करना चाहिए.

दोनों को तलब करते हुए, महिला आयोग प्रमुख ने पंजाब पुलिस से मामले की जांच करने को कहा था. पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव को लिखे दो पत्रों में, उन्होंने कहा कि एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तुरंत जांच करके कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करे.

पत्र में कहा गया है कि जांच अधिकारी को निर्देश दिया जाए कि वह यह सुनिश्चित करें कि की गई कार्रवाई और संबंधित गायकों से संबंधित स्थिति रिपोर्ट 11 अगस्त को आयोग के कार्यालय में उपस्थित हो।

# मुंबई में 5 बीएचके का फ्लैट, प्राइवेट आइलैंड की मालकिन, बेहद लग्जरी लाइफ जीती हैं जैकलीन फर्नांडिज



जैकलीन फर्नांडिस 11 अगस्त को अपना 40वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं. आज जैकलिन फर्नांडिस हिंदी सिनेमा की टॉप एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शुमार हैं. उन्होंने कई शानदार फिल्में की हैं. जानिए एक्ट्रेस की प्रॉपर्टीज और नेटवर्थ के बारे में.

अपनी दमदार परफॉर्मेंस, ग्लैमर और मेहनत से जैकलिन फर्नांडिस ने इंडस्ट्री में अपने नाम का डंका बजाया है. आज एक्ट्रेस अपना 40वां जन्मदिन मना रही हैं. अदाकारा ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की और उन्होंने 2006 में मिस यूनिवर्स श्री लंका का खिताब अपने नाम किया. इसके बाद ही उन्होंने फिल्मों में अपनी किस्मत आजमाने का फैसला किया.

जैकलिन फर्नांडिस ने 'अलादीन' से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपना पहला कदम रखा. 2009 में रिलीज हुई इस फिल्म में एक्ट्रेस को जैस्मीन के रोल में देखा गया था.

इसके बाद जैकलीन ने अपने फिल्मी करियर में कई हिट फिल्मों में कई बड़े एक्टर्स के साथ काम किया. 'जुड़वा 2', 'किक', 'हाउसफुल 2' जैसी फिल्मों ने उनकी पॉपुलैरिटी में इजाफा किया.

अपनी मेहनत के दम पर जैकलिन फर्नांडिस कई करोड़ों की संपत्ति की मालकिन बन चुकी हैं. रिपोर्ट के मुताबिक एक्ट्रेस की नेटवर्थ 115 करोड़ रुपए हैं.

रिपोर्ट्स का कहना है कि अदाकारा श्री लंका में 4 एकड़ जमीन में फैली आइलैंड की मालकिन हैं जिसकी कुल कीमत करीब 6 करोड़ की है. इतना ही नहीं एक्ट्रेस का मुंबई के पाली हिल्स में आलीशान 5 बीएचके फ्लैट भी है. रिपोर्ट के मुताबिक एक्ट्रेस के पास 2.11 करोड़ की रेंज रोवर वोग, हम्मर एच 2, मर्सिडीज मायबाच, बीएमडब्लू 5 सीरीज और जीप कंपस जैसी लग्जरी गाड़ियों का भी कलेक्शन है. स्क्रीन पर जैकलीन को आखिरी बार 'हाउसफुल 5' में देखा गया था. अब उनके हाथ में 'फतेह' और 'वेलकम टू द जंगल' जैसी बड़ी फिल्में हैं.

# ममता बनर्जी ने दी खुदीराम बोस को श्रद्धांजलि केसरी 2 के मेकर्स की आलोचना की





पिछले दिनों 'केसरी चैप्टर 2' खुदीराम बोस को फिल्म में 'खुदीराम सिंह' के रूप में दिखाने के कारण विवाद में आई। इस बात को लेकर ममता बनर्जी पहले भी इस फिल्म की आलोचना कर चुकी हैं। हाल ही में खुदीराम बोस की पुण्यतिथि पर भी उन्होंने फिर इसी मुद्दे को उठाया है।

**ममता बनर्जी ने की 'केसरी चैप्टर 2' की आलोचना**

ममता ने खुदीराम बोस को देशभक्ति और बलिदान का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि फिल्म 'केसरी 2' में बंगाली क्रांतिकारियों का गलत चित्रण किया गया, जो असहनीय है। उन्होंने एक्स (ट्विटर) पर लिखा, 'हाल ही में एक हिंदी फिल्म में क्रांतिकारी खुदीराम को 'सिंह' कहा गया था। आजादी के लिए अपनी जान देने वालों का अपमान क्यों किया जा रहा है? मिदनापुर के हमारे अदम्य किशोर को पंजाब के सपूत के रूप में दिखाया गया है। यह असहनीय है।' वह आगे लिखती हैं, 'हमें खुदीराम बोस पर गर्व है।'

**ममता बनर्जी ने कहा हमेशा खुदीराम बोस का सम्मान किया**

खुदीराम बोस देश के सबसे कम उम्र के स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। 1908 में 18 साल की उम्र में उन्हें मुजफ्फरपुर बम कांड के लिए फांसी दी गई थी। ममता बनर्जी ने अपने ट्वीट में ही बताया कि राज्य सरकार ने खुदीराम बोस का हमेशा सम्मान किया है। उनके जन्मस्थान महाबनी में विकास कार्य किए। खुदीराम बोस की प्रतिमा की स्थापना की, पुस्तकालय का जीर्णोद्धार किया, सभागार और खुदीराम पार्क का पुनरुद्धार किया गया। कोलकाता में एक मेट्रो स्टेशन का नाम भी उनके नाम पर रखा गया है।

**क्या है पूरा मामला**

ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने भी पिछले दिनों फिल्म 'केसरी 2' को लेकर आपत्ति जाहिर की थी। पार्टी सदस्यों का कहना था कि बंगाल के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों, खासकर खुदीराम बोस और बरिंद्र कुमार घोष को गलत ढंग से दिखाया गया है। टीएमसी के मुताबिक, फिल्म में खुदीराम बोस को खुदीराम सिंह और बरिंद्र कुमार घोष को अमृतसर के बीरेंद्र कुमार के रूप में पेश किया गया। जून महीने में बिधाननगर दक्षिण पुलिस स्टेशन में फिल्म 'केसरी 2' के निर्माताओं के खिलाफ ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़कर दिखाने की शिकायत दर्ज की गई थी।

# 'बागी 4' में फुल एक्शन मोड में दिखे टाइगर श्रॉफ



टाइगर श्रॉफ के फैंस को उनकी आगामी फिल्म 'बागी 4' का लंबे समय से इंतजार था। आखिरकार मेकर्स ने इस फिल्म का टीजर जारी कर दिया। टीजर में टाइगर बेहद ही आक्रामक अंदाज में नजर आ रहे हैं और अपने दुश्मनों पर किसी भी प्रकार की दया ना दिखाते हुए उनपर जोरदार हमला कर रहे हैं। आइए देखें फिल्म का टीजर।

'बागी 4' के निर्माताओं ने फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है, इस टीजर की शुरुआत टाइगर श्रॉफ के एक डायलॉग से होती है कि जरूरत और जरूरी में फर्क होता है। इसके बाद टीजर में अभिनेता को बहुत ही गुस्से में हथियारों से दुश्मनों पर आक्रामक हमला करते देखा जाता है, जो काफी भयानक और रोंगटे खड़े कर देने वाला है। टीजर देखने के बाद नेटिजंस के मन में फिल्म को लेकर बेसब्री और बढ़ गई है।

**खलनायक की भूमिका में छाए संजय दत्त**

टीजर में संजय दत्त खलनायक की भूमिका में खतरनाक अंदाज में दिख रहे हैं और टाइगर श्रॉफ से उनकी जबरदस्त भिड़त हो रही है। इसके अलावा सोनम बाजवा के स्क्रीन प्रेजेंस ने ग्लैमर और एक्शन का शानदार तड़का लगाया है, जो दर्शकों को आकर्षित कर रहा है। इतना ही नहीं टीजर में हरनाज संधू भी एक्शन मोड में जबरदस्त अंदाज में दिख रही है। मशहूर 'बागी' फ्रैंचाइजी की चौथी किस्त का निर्देशन ए. हर्ष ने किया है और इसे साजिद नाडियाडवाल द्वार निर्मित किया गया है। इसमें टाइगर श्रॉफ, सोनम बाजवा, संजय दत्त और हरनाज संधू अहम किरदार में हैं। 'बागी 4' सितंबर 5 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# साउथ एक्टर राणा दग्गुबाती ईडी ऑफिस पहुंचे



एक्टर राणा दग्गुबाती अवैध बैटिंग एप से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में हैदराबाद जोनल ईडी ऑफिस में पेश हुए हैं। राणा अपने बॉडीगार्ड के साथ ईडी ऑफिस में देखे गए। मीडिया ने जब उन्हें कवर करने की कोशिश की तो बॉडीगार्ड से दूर हटने को कहा।

**इन एक्टर्स को भी भेजा गया था समन**

ईडी ने पिछले महीने चार साउथ एक्टर प्रकाश राज, विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती और लक्ष्मी मांचू को समन जारी किया था। अवैध बैटिंग एप से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए ईडी ने जोनल ऑफिस में अलग-अलग तारीखों पर पेश होने को कहा था। प्रकाश राज और देवरकोंडा पहले ही ईडी ऑफिस में पेश हो चुके हैं। विजय देवरकोंडा ने हाल ही में कहा था कि गेमिंग एप्स पूरी तरह से कानूनी हैं और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हैं।

**क्या है पूरा मामला**

ईडी के अनुसार इन एक्टर्स ने कथित तौर पर अवैध तरीके से पैसा जुटाने वाले ऑनलाइन सट्टेबाजी एप्स को अपना सपोर्ट दिया था। सूत्रों के अनुसार ही बैटिंग प्लेटफार्म पर अवैध सट्टेबाजी और जुए के जरिए से करोड़ों रुपये का अवैध पैसा हासिल किया गया है। जबकि इन सेलिब्रिटीज ने कहा है कि उन्हें बैटिंग एप्स के प्रोडक्ट, काम करने के तरीके के बारे में जानकारी नहीं थी। साथ ही इन मशहूर एक्टर्स ने यह भी दावा किया कि बैटिंग एप्स प्लेटफॉर्म की किसी भी गलत एक्टिविटी से इनका संबंध नहीं है।

# तमन्ना भाटिया का खुलासा, बोल्ड और इंटिमेट सीन की शूटिंग के पीछे के बताए राज



साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय से सभी के दिलों में खास जगह बना चुकीं तमन्ना भाटिया ने पहले अपनी किसी भी फिल्म में लिप-लॉक सीन नहीं करती थीं। लेकिन फिल्म लस्ट स्टोरीज में उन्होंने इस नियम को तोड़ा और कई बोल्ड सीन देकर चर्चा में आईं। हाल ही में फिल्मों में अपने इंटिमेट सीन को लेकर तमन्ना ने खुलकर बातचीत की।

**लस्ट स्टोरीज में कई बोल्ड सीन देकर चर्चा में आईं**

बोल्ड सीन को लेकर

**तमन्ना ने बताई खास बातें**

एक खबर के अनुसार, तमन्ना ने बताया कि पहले वह फिल्मों में बोल्ड और इंटिमेट सीन करने से बचती थीं, क्योंकि उन्हें लगता था कि इससे वह खुद को सीमित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि बोल्ड सीन पूरी तरह से बनावटी होते हैं और हर सीन को बहुत सावधानी से कोरियोग्राफ किया जाता है। सेट पर एक इंटिमेसी कोच मौजूद रहता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सबकुछ ठीक हो। पुरुष सह-कलाकारों को विशेष निर्देश दिए जाते हैं कि वे कुछ खास जगहों को न छुएं। तमन्ना ने यह भी कहा कि ऐसे सीन को बहुत सटीकता से फिल्माया जाता है, जैसे कोई डांस कोरियोग्राफी हो। सेट पर मौजूद हर व्यक्ति नियमों का पालन करता है और हर कदम को पहले से तय किया जाता है।

**तमन्ना का करियर और वर्कफ्रंट**

तमन्ना भाटिया ने मुख्य रूप से तेलुगु, तमिल और हिंदी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने 2005 में हिंदी फिल्म चांद सा रोशन चेहरा से अभिनय की शुरुआत की। तमन्ना जल्द ही एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ हॉरर फिल्म वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट में नजर आएंगी। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज हो सकती है।

# होटल रूम में हुआ ऑडिशन, डायरेक्टर ने की लाइन क्रॉस करने की कोशिश, जैस्मिन भसीन ने खुद को ऐसे बचाया



टीवी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन को शो दिल से दिल तक के लिए जाना जाता है. जैस्मिन कई बड़े शोज का हिस्सा रह चुकी हैं. हाल ही में उन्होंने डरावने ऑडिशन की घटना के बारे में बताया. ये घटना उनके करियर की शुरुआत में हुई थी. द हिमांशु मेहता शो में उन्होंने बताया कि एक डायरेक्टर ने लाइन क्रॉस करने की कोशिश की थी.

**होटल रूम में हुआ ऑडिशन**

जैस्मिन ने कहा, 'मैं ऑडिशन के लिए मुंबई आई थी. जुहू के एक होटल में मीटिंग थी. वहां बहुत सारी लड़कियां और एक्ट्रेसेस इंतजार कर रही थीं. वहां कई कोऑर्डिनेटर थे. हर कोई मीटिंग के लिए जा रहा था. जब मेरी बारी आई तो मैं ये देखकर डर गई कि एक आदमी शराब पी रहा है और उसने मुझे ऑडिशन देने के लिए कहा. कोऑर्डिनेटर भी कमरे से चला गया था. तो शुरू में मैं डर गई.'

**जैस्मिन के साथ की गलत हरकत की कोशिश**

आगे जैस्मिन ने कहा, 'उसने मुझे कहा कि मुझे ये एक सीन करना होगा तो मैंने कहा सर, ओके. मैं ये सीन तैयार करती हूं और कल आकर परफॉर्म करती हूं. तो उसने कहा नहीं, नहीं तुम्हें ये अभी करना होगा. उसने मुझे सीन के बारे में बताया- तुम्हारा लवर जा रहा है और तुम्हें उसे रोकना होगा. तो मैंने ये किया. फिर उसने कहा कि ऐसे नहीं और फिर उसने मुझे लॉक कर दिया और कुछ और करने की कोशिश करने लगा. लेकिन मैंने अपनी स्किल्स इस्तेमाल की और वहां से भाग गई. तो मैंने डिसाइड किया कि कोई भी मीटिंग होटल रूम में नहीं करूंगी. पूरी जिंदगी में कभी नहीं.'

# महिलाओं में आर्थराइटिस का खतरा पुरुषों से अधिक, पर क्यों?

पुरुषों की तुलना में महिलाओं में आर्थराइटिस का खतरा कहीं अधिक है। यह सिर्फ उम्र या कैल्शियम की कमी का मामला नहीं, बल्कि हार्मोनल बदलाव, इम्यून सिस्टम की प्रतिक्रियाएं और जीवनशैली से जुड़ी समस्याएं भी इसका खतरा बढ़ाने वाली हो सकती हैं।

आर्थराइटिस-जोड़ों में दर्द की समस्या, सभी उम्र के लोगों में देखी जा रही है। कुछ दशकों पहले तक इसे बस उम्र बढ़ने के साथ होने वाली दिक्कतों के तौर पर जाना जाता था हालांकि अब कम उम्र के लोग भी इसका शिकार हो रहे हैं। सुबह उठते ही जोड़ों में जकड़न, सीढ़ियां चढ़ते समय घुटनों में दर्द, या हाथ-पैरों की उंगलियों में सूजन को अक्सर आप नजरअंदाज कर देते हैं तो ये गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है। ये आर्थराइटिस के शुरुआती संकेत हो सकते हैं।

शोध बताते हैं कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं में आर्थराइटिस का खतरा कहीं अधिक है। यह सिर्फ उम्र या कैल्शियम की कमी का मामला नहीं, बल्कि हार्मोनल बदलाव, इम्यून सिस्टम की प्रतिक्रियाएं और जीवनशैली से जुड़ी समस्याएं भी इसका खतरा बढ़ाने वाली हो सकती हैं। क्या आप जानते हैं कि महिलाओं में आर्थराइटिस का खतरा पुरुषों की तुलना में अधिक होता है?

### महिलाओं में आर्थराइटिस के मामले

अमेरिकन कॉलेज ऑफ रूमेटोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता है कि एस्ट्रोजन हार्मोन हड्डियों और जोड़ों की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाता



है। मेनोपॉज (आमतौर पर 50 की उम्र) के बाद एस्ट्रोजन का स्तर कम होने से महिलाओं में हड्डियों और जोड़ों की मजबूती भी कम हो जाती है, जिससे आर्थराइटिस का खतरा बढ़ जाता है।

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एमआईएच) की रिपोर्ट के अनुसार, रुमेटाइड आर्थराइटिस एक ऑटोइम्यून डिजीज है जो महिलाओं में पुरुषों से 2-3 गुना ज्यादा अधिक देखी जाती है।

इसके अलावा गर्भावस्था और प्रसव के दौरान वजन बढ़ना और पेल्विक हड्डियों पर दबाव, आगे चलकर घुटनों और कूल्हों में



आर्थराइटिस की संभावना बढ़ा देता है।

### क्यों बढ़ता जा रहा है ये जोखिम?

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े बताते हैं कि 40 साल के बाद 60% महिलाओं में घुटनों के ऑस्टियोआर्थराइटिस के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। भारत में 70% महिलाएं विटामिन डी की कमी से जूझ रही हैं, जो जोड़ों की सेहत के लिए और भी दिक्कतें बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है।

हालांकि अच्छी बात ये है कि आप पहले से ही कुछ बातों का ध्यान रखकर आर्थराइटिस के जोखिमों को कम कर सकती हैं। शारीरिक गतिविधि की कमी, वजन बढ़ना और अनुचित खानपान आपमें गठिया का जोखिम बढ़ाने वाला हो सकता है, इसलिए जरूरी है कि आप लाइफस्टाइल को ठीक रखें।

### किन महिलाओं को ज्यादा सावधान रहना चाहिए?

सभी महिलाओं को आर्थराइटिस हो ये जरूरी नहीं है हालांकि कुछ लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए।

मेनोपॉज के बाद की महिलाओं को अधिक सावधान रहना चाहिए। हार्मोनल बदलाव जोड़ों को कमजोर करते हैं, जिससे आपको अधिक खतरा हो सकता है। इसके अलावा गर्भवती या हाल ही में मां बनी महिलाएं, जिनके परिवार में पहले से किसी को आर्थराइटिस की दिक्कत रही हो, अधिक वजन या मोटापा की शिकार महिलाओं में भी खतरा अधिक होता है, इन्हें विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

### आर्थराइटिस से बचे रहने के लिए क्या करें?

पौष्टिक आहार का सेवन जैसे कैल्शियम और विटामिन डी से भरपूर चीजें दूध, दही, पनीर, हरी सब्जियां खाना आपके लिए फायदेमंद है।


ओमेगा-3 फैटी एसिड (मछली, अखरोट, अलसी के बीज) और एंटी-इंफ्लेमेटरी फूड्स (हल्दी, लहसुन, अदरक) को भी आहार में शामिल करें।

नियमित व्यायाम करें: हल्की स्ट्रेचिंग और योग जैसे अभ्यास फायदेमंद हैं। वॉकिंग, साइकिलिंग और तैराकी से जोड़ों को लचीला बनाए रखा जा सकता है।

अधिक वजन होने से भी घुटनों पर दबाव बढ़ जाता है, इसलिए वजन कम करें।

हार्मोनल संतुलन बनाए रखने के लिए मेनोपॉज के बाद डॉक्टर से हड्डियों की सेहत को लेकर सलाह लें।

# अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड से हो सकती हैं इतनी सारी बीमारियां, बढ़ जाता है मौत का खतरा



जहर से कम नहीं अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स दिखने में जितने टेस्टी होते हैं, उतने ही खतरनाक भी साबित होते हैं. हमें पता भी नहीं चलता कि इन्हें खाने की आदत हमें गंभीर बीमारियों और समय से पहले मौत की ओर ले जा रही है.

आज की बिजी लाइफ में ज्यादातर लोग इंस्टेंट बनने वाला खाना पसंद करने लगे हैं. सुबह ऑफिस जल्दी पहुंचना हो या बच्चों को टिफिन देना हो, ऐसे में मार्केट में मिलने वाले रेडी-टू-ईट पैकेट्स, इंस्टेंट नूडल्स, बिस्किट्स, चिप्स, केक, डिब्बाबंद जूस और फ्रोजन फूड्स जैसे अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स हमारी डेली लाइफ के खाने का हिस्सा बन गए हैं, ये दिखने में जितने टेस्टी होते हैं, असल में उतने ही खतरनाक भी साबित हो सकते हैं. इन चीजों को खाने से हमें तुरंत भूख मिटाने में तो राहत मिलती है, लेकिन धीरे-धीरे ये शरीर में बीमारियों का जहर भरते जाते हैं. कई बार तो हमें पता भी नहीं चलता कि ये आदत हमें धीरे-धीरे गंभीर बीमारियों और समय से पहले मौत की ओर ले जा रही है. ऐसे में आइए जानते हैं कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड से हो कितनी सारी बीमारियां हो सकती हैं और इससे कितना मौत का खतरा बढ़ जाता है.

### क्या होते हैं अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स?

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स वे खाने की चीजें होती हैं जिन्हें बहुत ज्यादा प्रोसेस किया गया हो, जिसमें आर्टिशयल फलेवर्स, कलर्स, प्रिजर्वेटिव्स, और केमिकल्स डाले गए हों. इन फूड्स को तैयार करने में नेचुरल तत्वों का यूज बहुत कम और मशीनों व फैक्ट्रियों में बनने वाले केमिकल्स का यूज ज्यादा होता है. जैसे पैकेट वाले स्नैक्स, इंस्टेंट नूडल्स, बिस्किट, केक, पेस्ट्री, डिब्बाबंद जूस और कोल्ड ड्रिंक, फ्रोजन पिज्जा रेडी-टू-ईट खाना.

### अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड से हो कितनी सारी बीमारियां हो सकती हैं?

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन और दुनिया के कई हेल्थ एक्सपर्ट्स ने इस बात को बताया है कि अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स सेहत के लिए बहुत ही नुकसानदायक हैं. इनके लगातार सेवन से शरीर में हार्मोनल असंतुलन, सूजन,



वजन बढ़ना, और इम्यूनिटी कमजोर होने लगती है. एक बड़े अध्ययन में पाया गया कि ज्यादा प्रोसेस्ड फूड खाने से कई बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ जाता है.

### हार्ट अटैक और स्ट्रोक

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स में मौजूद ट्रांस फैट, नमक और केमिकल्स खून की नलियों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे दिल की बीमारियों और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा लगभग 50 प्रतिशत तक बढ़ जाता है.

### मोटापा

इन फूड्स में कैलोरी ज्यादा और पोषण कम होता है, जिससे शरीर में चर्बी जमा होती है और वजन तेजी से बढ़ता है. इससे मोटापा होने की संभावना 55 प्रतिशत तक बढ़ जाती है.

### नींद की समस्या

प्रोसेस्ड फूड्स में चीनी और कैफीन जैसे तत्व होते हैं, जो शरीर में नींद के नेचुरल प्रोसेस को बिगाड़ते हैं. इससे नींद न आने की समस्या 41 प्रतिशत तक बढ़ सकती है.

### टाइप-2 डायबिटीज

इन फूड्स में छिपी हुई शुगर और रिफाइंड कार्ब्स ब्लड शुगर को इंबैलेंस करते हैं. इससे इंसुलिन रेजिस्टेंस बढ़ता है और टाइप-2 डायबिटीज का खतरा 40 प्रतिशत तक बढ़ जाता है.


### डिप्रेशन

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स दिमाग में मौजूद रसायनों जैसे सेरोटोनिन को प्रभावित करते हैं, जिससे मूड बिगड़ता है और डिप्रेशन की संभावना 20 प्रतिशत तक बढ़ सकती है.

### कितना बढ़ जाता है मौत का खतरा?

ज्यादातर जो लोग रोजाना ज्यादा अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड खाते हैं, उनमें समय से पहले मौत का खतरा लगभग 30 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक बढ़ जाता है. क्योंकि ये फूड्स शरीर में सूजन और हाई ब्लड प्रेशर पैदा करते हैं, जो दिल और दिमाग को नुकसान पहुंचाते हैं. इन फूड्स में जरूरी पोषक तत्व नहीं होते, जिससे इम्यून सिस्टम कमजोर होता है. मोटापा, डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याएं मौत का खतरा बढ़ाती हैं. इनसे लीवर, किडनी और दिमाग पर लंबे समय में बुरा असर पड़ता है.

# पूरे शरीर की तुलना में तेजी से बूढ़ा हो रहा है दिल, पुरुषों में खतरा अधिक



हृदय रोगों का खतरा वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ता जा रहा है, सभी उम्र के लोग इसका शिकार हो रहे हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह से कम उम्र वालों में हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है, वह गंभीर चिंता बढ़ाने वाली है। आनुवांशिकता के अलावा लाइफस्टाइल और खान-पान में गड़बड़ी को इसका प्रमुख कारण माना जाता रहा है।

हृदय स्वास्थ्य को लेकर हाल ही में विशेषज्ञों की टीम ने बड़ा दावा किया है, इसमें कहा गया है कि अधिकांश वयस्कों का दिल उनके शरीर के बाकी हिस्सों की तुलना में तेजी से बूढ़ा हो रहा है। इसके चलते कम उम्र में हृदय स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं का जोखिम भी बढ़ता जा रहा है। जिन लोगों में हृदय रोगों का खतरा आनुवांशिक रूप से पहले से रहा है, उन्हें और भी सावधान हो जाना चाहिए।

### अधिकतर लोगों को अपने हार्ट हेल्थ की जानकारी नहीं

जामा कार्डियोलॉजी जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन के लिए शोधकर्ताओं ने 2011 से 2020 के बीच नेशनल हेल्थ एंड न्यूट्रिशियन एग्जामिनेशन के तहत 30 से 79 वर्ष की आयु के 14,000 से अधिक अमेरिकी लोगों पर अध्ययन किया गया। इस डेटा का उपयोग करके शोधकर्ताओं की टीम ने प्रतिभागियों के हार्ट एज को समझने की कोशिश की।

नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी में कार्डियोलॉजी की प्रोफेसर और अध्ययन की प्रमुख लेखिका डॉ. सादिया खान कहती हैं, कई लोग जिन्हें दिल का दौरा, स्ट्रोक या हार्ट फेलियर के जोखिम को कम करने के लिए दवाएं लेनी चाहिए और उपचार कराना चाहिए, वे नहीं कर रहे हैं। ये स्थिति आपके जोखिमों को और भी बढ़ाने वाली हो सकती है।

### हृदय की उम्र का पता लगाने वाला टूल

आपके हृदय की उम्र कितनी है, इसका पता लगाने के लिए शोधकर्ताओं ने एक नया मुफ्त ऑनलाइन परीक्षण विकसित किया है, दावा किया जा रहा है कि यह हृदय कितना स्वस्थ है और इसकी उम्र कितनी है इसका अनुमान लगाने और हृदय को स्वस्थ रखने में मददगार हो सकता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं,



रूटीन हेल्थ डेटा में रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल का स्तर, क्रॉनिक बीमारियों का खतरा और धूम्रपान जैसे जीवनशैली से संबंधित जोखिम कारक शामिल हैं, जिन्हें सेहत को नुकसान पहुंचाने वाला मार्कर माना जाता रहा है। इस टेस्ट में इन सभी चीजों का आकलन किया जाता है।

### हृदय रोग और इससे संबंधित जोखिम

अब तक, हृदय रोग के जोखिमों की गणना प्रतिशत में की जाती रही है, जिससे कई मरीज इस बात को लेकर अनिश्चित रहते थे कि उनमें संभावित रूप से घातक हृदय रोग विकसित होने की कितनी संभावना है। परंपरागत रूप से, डॉक्टर किसी मरीज के मेडिकल रिपोर्ट्स का आकलन करके बताते हैं कि आपके प्रोफाइल वाले दस में से आठ लोग अगले 10 वर्षों में हृदय की घटना से पीड़ित हो सकते हैं।

### पुरुषों का दिल तेजी से हो रहा है बूढ़ा

निष्कर्ष में विशेषज्ञों ने बताया, औसतन महिलाओं की जैविक हृदय आयु उनकी वास्तविक आयु से चार वर्ष अधिक थी। पुरुषों में ये परिणाम अधिक गंभीर थे। उनकी औसत आयु 50 वर्ष से कम होने के बावजूद, परीक्षण से पता चला कि उनका हृदय 56 वर्ष के व्यक्ति जैसा था।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा, जिस तरह से हमारी दिनचर्या और खान-पान की आदतें गड़बड़ होती जा रही हैं, वो निश्चित ही चिंता बढ़ाने वाली है। समय के साथ हमारा हार्ट हेल्थ खराब हो रहा है। हृदय समय से पहले बूढ़ा हो रहा है जिसपर अगर समय रहते ध्यान न दिया गया तो आने वाले वर्षों में हृदय स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं का खतरा और भी अधिक हो सकता है।

# नींद की कमी सेहत के लिए 'स्लो पॉइजन' शरीर में होने लगते हैं ये नकारात्मक बदलाव



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में, बहुत से लोग नींद को उतना महत्व नहीं देते जितना देना चाहिए, जबकि यह हमारे शरीर के लिए मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है। काम का दबाव, तनाव और आधुनिक जीवनशैली के चलते लोग अक्सर अपनी नींद से समझौता कर लेते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि यह आदत हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए कितनी खतरनाक साबित हो सकती है?

नींद की कमी केवल थकान तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे शरीर में कई गंभीर बीमारियों भी पनपती हैं। इसके अलावा जब कोई व्यक्ति रोज नींद से समझौता करता है तो इससे उसका सर्केडियन रिदम प्रभावित होता है और इस आदत की वजह से इनसोम्निया (अनिद्रा) जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इसलिए आइए इस लेख में जानते हैं कि अच्छी नींद क्यों जरूरी है और साथ ही ये भी जानेंगे कि नींद की कमी से हमारे शरीर को क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं?

### मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव

नींद का सीधा संबंध हमारे मानसिक स्वास्थ्य से है। जब हमें पर्याप्त नींद नहीं मिलती, तो हमारा दिमाग ठीक से काम नहीं कर पाता। इससे ध्यान केंद्रित करने में कमी आती है, याददाश्त कमजोर होती है और निर्णय लेने की क्षमता भी प्रभावित होती है।

लंबे समय तक नींद की कमी से मूड में चिड़चिड़ापन, तनाव और एंग्जाइटी जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। कई शोधों से यह भी पता चला है कि नींद की कमी, डिप्रेशन और अन्य मानसिक विकारों का जोखिम बढ़ा सकती है।

### शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खतरा

नींद की कमी का असर सिर्फ दिमाग पर ही नहीं, बल्कि पूरे शरीर पर पड़ता है। अच्छी नींद हमारे शरीर को ठीक करने और उसे दोबारा तरोताजा करने का काम करती है। जब हम सोते हैं तो हमारी मांसपेशियां और कोशिकाएं खुद को ठीक करती हैं।

पर्याप्त नींद न मिलने से हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे हम आसानी से बीमार पड़ सकते हैं। इसके अलावा यह शरीर में सूजन को बढ़ा सकती है, जो कई गंभीर बीमारियों, जैसे हृदय रोग और डायबिटीज, का कारण बन सकती है।

### वजन और हार्मोन में असंतुलन

नींद की कमी का एक और बड़ा दुष्प्रभाव शरीर के वजन पर पड़ता है। जब आप कम सोते हैं, तो भूख को नियंत्रित करने वाले हार्मोन, लेप्टिन और घ्रेलिन, का संतुलन बिगड़ जाता है। इससे आपकी भूख बढ़ जाती है और आपको मीठा व अनहेल्दी खाने की तीव्र इच्छा होती है। यह स्थिति मोटापे का कारण बन सकती है। इसके अलावा, नींद की कमी से इंसुलिन प्रतिरोध भी बढ़ सकता है, जिससे टाइप 2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है।

### अच्छी नींद के उपाय

अच्छी नींद हमारे अच्छे स्वास्थ्य के लिए मूलभूत आवश्यकता है। यह सिर्फ एक आदत नहीं, बल्कि एक आवश्यकता है। अगर आप नींद की कमी से जूझ रहे हैं, तो कुछ उपाय अपना सकते हैं। सोने का एक नियमित समय तय करें, सोने से पहले कैफीन और शराब का सेवन न करें, और अपने कमरे को ठंडा व शांत रखें। मोबाइल और लैपटॉप जैसे गैजेट्स से सोने से कम से कम एक घंटा पहले दूरी बना लें। यदि आपकी नींद की समस्या बनी रहती है, तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें, क्योंकि यह किसी अंदरूनी स्वास्थ्य समस्या का संकेत भी हो सकता है।

# डायबिटीज की सटीक जानकारी के लिए एचबीए1सी टेस्ट कराएं

दुनियाभर में जिस तरह से कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है, ये निश्चित ही चिंता का विषय है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों के लिए जरूरी है कि आप अपने जोखिमों को जानिए और बचाव के लिए निरंतर उपाय करते रहिए। नियमित अंतराल पर कुछ प्रकार के जांच आपको कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचाए रखने में मददगार हो सकते हैं।



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, 30 से अधिक उम्र के लोगों को डॉक्टर की सलाह पर हर छह महीने में शुगर की जांच जरूर कराते रहना चाहिए। अगर आपको डायबिटीज है या इसके लक्षण दिख रहे हैं, तो डॉक्टर अक्सर एक टेस्ट का नाम लेते हैं वह है एचबीए1सी (HbA1c टेस्ट)। ये कोई साधारण ब्लड टेस्ट नहीं, बल्कि आपके पिछले 2-3 महीनों के ब्लड शुगर कंट्रोल की पूरी कहानी बताने वाला टेस्ट है। इसे ग्लाइकेटेड हीमोग्लोबिन टेस्ट भी




कहते हैं।

डायबिटीज के निदान और इसके प्रबंधन के लिए इसे सबसे भरोसेमंद तरीका माना जाता है, क्योंकि कुछ महीनों में शुगर के एवरेज का पता लगाने में मदद मिलती है।

### क्या है इसका नॉर्मल रेंज?

अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन की गाइडलाइन्स के अनुसार, अगर आपका HbA1c 5.7% से 6.4% के बीच है तो ये प्रीडायबिटीज का संकेत है। 6.5% या उससे ज्यादा की रिपोर्ट डायबिटीज की पुष्टि करता है। यानी कि अगर आपकी रिपोर्ट 5.7% से कम रहती है तो ये अच्छा संकेत है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

अमर उजाला से बातचीत में दिल्ली स्थित एक अस्पताल में एंडोक्रिनोलॉजिस्ट डॉ अभिषेक सहायक बताते हैं, जिन लोगों का वजन ज्यादा है, हाई ब्लड प्रेशर या कोलेस्ट्रॉल की समस्या है, डायबिटीज की फैमिली हिस्ट्री रही हो या गर्भावस्था के दौरान शुगर हो गया हो उन्हें अपने डॉक्टर की सलाह पर नियमित रूप से ये टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। समय पर ये टेस्ट करवाने से डायबिटीज की जटिलताओं जैसे हृदय पर इसके असर, किडनी फेलियर और आंखों की रोशनी पर होने वाले असर को काफी हद तक रोका जा सकता है।

डॉ बताते हैं, इस टेस्ट के लिए सिर्फ खून का एक सैंपल लिया जाता है और रिपोर्ट में आपका औसत ब्लड शुगर प्रतिशत पता चल जाता है। ये टेस्ट आपको ब्लड शुगर स्कोर देता है ताकि आप समय रहते सही कदम उठा सकें और डायबिटीज के कारण शरीर पर होने वाले अन्य जोखिमों को कम कर सकें।

### ये टेस्ट काम कैसे करता है?

हमारे खून में हीमोग्लोबिन नाम का प्रोटीन होता है, जो ऑक्सीजन ले जाने का काम करता है। जब खून में शुगर की मात्रा ज्यादा हो जाती है तो उसका कुछ हिस्सा हीमोग्लोबिन से चिपक जाता है। ये टेस्ट मापता है कि आपके हीमोग्लोबिन का कितना प्रतिशत हिस्सा शुगर से जुड़ा हुआ है। चूंकि लाल रक्त कोशिकाएं करीब 3 महीने तक रहती हैं, इसलिए यह टेस्ट 2–3 महीनों का औसत शुगर लेवल बता देता है।

### इन बातों का भी रखिए ध्यान

डॉक्टर कहते हैं, अगर आप पहले से डायबिटीज के मरीज रहे हैं, तो साल में 2-4 बार यह टेस्ट करवाने की डॉक्टर आपको सलाह दे सकते हैं। HbA1c की रिपोर्ट कंट्रोल रहने से हार्ट, किडनी, आंख और नसों की बीमारियों का खतरा कम होता है।

हालांकि जिन लोगों में पहले से आयरन की कमी, खून की बीमारी या हाल ही में खून चढ़ाने जैसी स्थितियां रही हो उनका HbA1c टेस्ट रिपोर्ट गलत दिख सकता है। इस बारे में अपने डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।



# रूसी तेल को लेकर खोखली है ट्रंप की धमकी

## भारत पर नहीं पड़ेगा कोई असर, एक्सपर्ट ने बताया




नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय भारत से खफा है। उनकी नाराजगी इस बात को लेकर है कि भारत रूस से कच्चा तेल खरीद रहा है। इसी को लेकर उन्होंने भारत पर कुल 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। उन्होंने भारत को धमकी दी है अगर रूस से तेल खरीदना बंद नहीं किया और कार्रवाई की जा सकती है।

ट्रंप की इस धमकी को एक्सपर्ट ने खोखला बताया है। इस बारे में रॉयटर्स ने लेखक क्लिडे रसेल के माध्यम से बताया है कि कच्चे तेल के बाजार को ऐसा लग रहा है कि भारत के रूसी तेल खरीदने पर अमेरिका की धमकी का कोई असर नहीं होगा। बाजार मान रहा है कि कुछ खास नहीं होने वाला है। ट्रंप ने 6 अगस्त को भारत से आने वाले सामान पर 25% का अतिरिक्त टैक्स लगाने की बात कही थी। यह टैक्स 28 अगस्त से लागू होगा। ट्रंप ने यह फैसला भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने के विरोध में लिया था। अगर यह नया टैक्स लागू हो जाता है, तो कुछ भारतीय सामानों पर टैक्स की दर 50% तक पहुंच जाएगी। इससे अमेरिका में भारत से होने वाला आयात लगभग बंद हो जाएगा। साल 2024 में यह आयात करीब 87 अरब डॉलर था। यह कहना मुश्किल है कि ट्रंप भारत पर अतिरिक्त टैक्स लगाएंगे या नहीं। यूक्रेन में शांति समझौता होने की उम्मीद कम है। इसलिए भारत के पास टैक्स से बचने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि वह रूस से तेल खरीदना बंद कर दे। लेकिन कच्चे तेल की कीमतों को देखकर ऐसा नहीं लगता कि ऐसा कुछ होने वाला है। भारत पर ज्यादा टैक्स लगाने की ट्रंप की घोषणा के बाद से ब्रेंट क्रूड ऑयल के दाम गिर गए हैं। सोमवार को एशियाई बाजार में यह 65.81 डॉलर प्रति बैरल तक गिर गया, जो दो महीने में सबसे कम है। तेल की कीमतों को देखकर लगता है कि बाजार को तेल की सप्लाई में कोई खतरा नहीं दिख रहा है। बाजार मान रहा है कि भारत या तो रूस से पहले की तरह तेल खरीदता रहेगा, या फिर उसे आसानी से कहीं और से तेल मिल जाएगा। इससे तेल की सप्लाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा। रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीदने वाले सिर्फ दो देश भारत और चीन हैं। चीन दुनिया में सबसे ज्यादा तेल खरीदता है।

# 'यह नियामक के अधिकार क्षेत्र में नहीं'

## आईसीआईसीआई बैंक की न्यूनतम राशि वाले मामले में आरबीआई गवर्नर बोले

नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। बैंक खातों के लिए न्यूनतम शेष राशि की आवश्यकता से जुड़े मापदंड ऋणदाता खुद तय करते हैं और यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नियामकीय क्षेत्राधिकार में नहीं है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को यह बात कही। केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने यह बयान 1 अगस्त 2025 से आईसीआईसीआई बैंक की ओर से न्यूनतम औसत जमा राशि (एमएबी) बढ़ाकर 50000 रुपये करने के बाद दिया है।

**आरबीआई ने न्यूनतम शेष राशि का निर्णय बैंकों पर छोड़ा**

मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि आरबीआई ने न्यूनतम शेष राशि की आवश्यकता पर निर्णय लेने का काम बैंकों पर छोड़ दिया है। कुछ बैंकों ने इसे 10,000 रुपये रखा है, कुछ ने 2,000 रुपये, जबकि कुछ बैंक ने कोई आवश्यकता नहीं रखी है। यह नियामकीय क्षेत्राधिकार में नहीं है।

**आईसीआईसीआई बैंक ने न्यूनतम शेष राशि को पांच गुना बढ़ा दिया**

पिछले हफ्ते आईसीआईसीआई बैंक ने सभी ग्राहकों के लिए मासिक न्यूनतम औसत शेष राशि की अनिवार्यता बढ़ाए जाने के बाद उनसे इस पर टिप्पणी मांगी गई थी । 1 अगस्त या उसके बाद बचत खाते खोलने वाले महानगरीय और शहरी ग्राहकों को अब 50,000 रुपये का मासिक औसत बैलेंस रखना होगा। पहले यह सीमा 10,000 रुपये



थी, जो पुराने ग्राहकों के लिए न्यूनतम औसत बैलेंस बनी रहेगी।

**आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में आई एक प्रतिशत की गिरावट**

आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में सोमवार को 1% से अधिक की गिरावट आई। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब सार्वजनिक क्षेत्र के कई बैंकों ने न्यूनतम बैलेंस की अनिवार्यता को पूरी तरह से खत्म कर दिया है।

**एसबीआई समेत कई बैंकों ने न्यूनतम बैलेंस की अनिवार्यता समाप्त कर दी**

देश के सबसे बड़े ऋणदाता, भारतीय स्टेट बैंक ने 2020 में ही न्यूनतम बैलेंस की अनिवार्यता हटा दी थी, जिससे उसके सभी नियमित बचत खाते बिना किसी जुर्माने के प्रभावी रूप से शून्य-बैलेंस हो गए थे। पिछले कुछ महीनों में केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और बैंक ऑफ इंडिया ने भी ग्राहकों की सुविधा और वित्तीय समावेशन का हवाला देते हुए ऐसे नियमों को पूरी तरह से माफ कर दिया है।

# शेयर बाजार पर लौटा निवेशकों का भरोसा

## सेंसेक्स 746 अंक चढ़ा, निफ्टी 24500 के पार

नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। ताजा विदेशी पूंजी प्रवाह के बीच तेल, ऑटो और बैंकिंग शेयरों की भारी खरीदारी से सोमवार को बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की तेजी देखने को मिली। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 8 पैसे गिरकर 87.66 (अस्थायी) पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 746.29 अंक या 0.93 प्रतिशत उछलकर 80,604.08 अंक पर बंद हुआ। इसके 26 शेयरों में तेजी रही। कारोबार के दौरान यह 778.26 अंक या 0.97 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,636.05 अंक पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 221.75 अंक या 0.91 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,585.05 पर आ गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, इटर्नल, ट्रेंट, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख लाभ में रहीं। वहीं भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, भारती एयरटेल और मारुति पिछड़ गए। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार में तीन महीने के निचले स्तर के बाद राहत भरी तेजी देखी गई। सकारात्मक वैश्विक संकेत और एफआईआई की वापसी ने धारणा को बल दिया। निवेशक इस सप्ताह होने वाले अमेरिका-रूस शिखर सम्मेलन का सकारात्मक आकलन कर रहे हैं। इससे संभावना है कि भू-राजनीतिक तनाव में कमी आ सकती है। उन्होंने कहा कि हालांकि निकट भविष्य में सतर्कता अभी भी बनी रह सकती है, लेकिन अमेरिकी व्यापार और विकास पर पड़ने वाले प्रभाव का अधिक निश्चित आकलन अभी पूरी तरह से नहीं किया गया है।एशियाई बाजारों में, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। जापान में छुट्टी के कारण बाजार बंद रहे। यूरोपीय बाजार ज्यादातर गिरावट के साथ बंद हुए। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

**ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 66.29 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा**

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.45 प्रतिशत गिरकर 66.29 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 1,932.81 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। शुक्रवार को सेंसेक्स 765.47 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 79,857.79 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 232.85 अंक या 0.95 प्रतिशत गिरकर 24,363.30 पर बंद हुआ।

# अनिल अंबानी के इस पूर्व कर्मचारी की हुई जीत

## अब पत्नी को हर महीने नहीं देने होंगे 60,000 रुपये

नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशन के पूर्व कर्मचारी को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कर्मचारी की पत्नी से चल रहे मेंटेनेंस के मामले में जीत हुए है, जिससे उसे अपनी पत्नी को महीने में 60 हजार रुपये नहीं देने होंगे।



रिलायंस कम्युनिकेशन में पहले काम करने वाले एक कर्मचारी के खिलाफ उसकी पत्नी ने गुजारा भत्ता का केस फाइल किया था, जिस पर फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि पति की फाइनेंशियल, मानसिक और शारीरिक स्थिति ठीक नहीं है। वह यह भत्ता देने के योग्य नहीं है। कोर्ट ने यह भी मेंशन किया कि याचिका दायर करने वाली पत्नी की आर्थिक स्थिति ठीक है। वह दिल्ली के किसी अच्छे स्कूल में टीचर हैं। वहीं, कोर्ट ने यह भी कहा कि गुजारा भत्ता की याचिका तब दायर की गई। जब महिला को पता चला कि उसका पूर्व पति दूसरी शादी करने जा रहा है और उसने अपनी कोई प्रॉपर्टी बेची है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले की जांच की और पाया कि अपीलकर्ता 30 सालों से से ज्यादा समय से अपनी मर्जी से अलग रह रही हैं और इस लंबी अवधि के दौरान, उसे कभी भी अदालतों से कोई राहत या सहायता लेने की जरूरत महसूस नहीं हुई। दरअसल, जैसा कि दलीलों से स्पष्ट है, ऐसा प्रतीत होता है कि पत्नी ने पति की कथित तौर पर दूसरी शादी और संपत्ति की बिक्री से संबंधित लेन-देन की जानकारी मिलने पर यह कदम उठाया है।

# सोना 741 सस्ता , 1,00,201 प्रति दस ग्राम पर पहुंचा : चांदी की कीमतों में 424 रुपए की गिरावट, 1,14,308 प्रति किलो पहुंची



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमतों में आज (11 अगस्त) गिरावट देखने को मिल रही है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, सोमवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 741 रुपए घटकर 1,00,201 रुपए पर आ गया है। शुक्रवार को इसके दाम 1,00,942 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं, एक किलो चांदी 424 रुपए गिरकर 1,14,308 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले शुक्रवार को चांदी 1,14,732 रुपए किलो प्रति पर थी। शुक्रवार को सोने के दाम 1,01,406 प्रति 10 ग्राम के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया थे। वहीं, चांदी के दाम 23 जुलाई को अपने ऑल टाइम हाई 1,15,850 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गए थे।

**महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,430 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,280 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 93,750 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 1,02,280 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,750 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,280 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,800 रुपए है।

**हैदराबाद :** 10 ग्राम 24 कैरेट के लिए 1,03,310 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 94,700 रुपये है।

# दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**



श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- वर्षा
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426874
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126
दिशाशूल- उत्तर - गुड खाकर घर से निकले
तिथि- तृतीया 08-41 तक उपरान्त चतुर्थी
मास- भाद्रपद कृष्ण , मंगलवार 12 August
नक्षत्र- पूर्वभाद्रपद 11-51 तक उपरान्त उ.भाद्रपद
योग - सुकर्मा 18-53 तक धृति
करण- विष्टी (भद्रा) 08-41 तक उप बव
विशेष:- कज्जली सातुडी तीज
व्रत -त्यौहार बहुला चतुर्थी व्रत

**गृह स्थिति**

चन्द्र कुंभ, मंगल कन्या, गुरु मिथुन, शुक्र मिथुन

**लग्नारंभ समय**

04-10 बजे, 06-22 बजे, 08-29 बजे, 10-34 बजे, 12-44 बजे, 14-57 बजे, 17-04 बजे, 18-54 बजे, 20-32 बजे, 22-09 बजे, 23-53 बजे, 01-53 बजे

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल 15-32 से 17-07 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| रोग 06-01 - 07-35 शुभ | काल 18-40 - 20-07 अशुभ |
| उत्पात 07-35 - 09-10 शुभ | लाभ 20-07 - 21-32 शुभ |
| चंचल 09-10 - 10-46 शुभ | उत्पात 21-32 - 22-56 अशुभ |
| लाभ 10-46 - 12-21 अशुभ | शुभ 22-56 - 00-21 शुभ |
| अमृत 12-21 - 13-56 शुभ | अमृत.00-21 - 01-46 शुभ |
| काल 13-56 - 15-32 अशुभ | चंचल 01-46 - 03-10 शुभ |
| शुभ 15-32 - 17-07 अशुभ | रोग 03-10 - 04-35 अशुभ |
| रोग 17-07 - 18-40 शुभ | काल 04-35 - 06-01 अशुभ |

# एयर इंडिया का बड़ा फैसला, एक सितंबर से दिल्ली-वाशिंगटन फ्लाइट बंद करेगा

नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। एयर इंडिया 1 सितंबर 2025 से दिल्ली और वाशिंगटन, डी.सी. के बीच अपनी सेवाएं बंद कर देगी। यह फैसला कुछ खास वजहों से लिया गया है। एयर इंडिया के विमानों की संख्या में कमी आने वाली है। कंपनी अपने विमानों को बेहतर बनाने का काम कर रही है। पाकिस्तान के ऊपर से हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण भी उड़ानें प्रभावित हो रही हैं। इन सब कारणों से एयर इंडिया ने यह फैसला लिया है। यात्रियों को दूसरी उड़ानों में जगह दी जाएगी या उन्हें पूरा पैसा वापस मिलेगा। एयर इंडिया ने यह ऐलान ऐसे समय कयिा है जब अमेरिका से भारत के रशि्तों में खटास आई है। अमेरकिा ने भारत पर 25% अतरिक्ति टैरफि लगाए हैं। इससे भारतीय सामानों पर टैरिफ 50% हो जाएगा। एयर इंडिया ने सोमवार को यह घोषणा की। कंपनी के मुताबिक, कुछ जरूरी वजहों से दिल्ली और वाशिंगटन के बीच की उड़ानें सस्पेंड की जा रही हैं। कंपनी यह सुनिश्चित करना चाहती है कि एयर इंडिया का पूरा नेटवर्क ठीक से काम करे। एयर इंडिया के विमानों की संख्या कम होने वाली है। इसलिए यह फैसला लिया गया है। दरअसल, एयर इंडिया ने पिछले महीने अपने 26 बोइंग 787-8 विमानों को बेहतर बनाने का काम शुरू किया है। विमानों को नया रूप देने में काफी समय लगेगा। कम से कम 2026 के अंत तक कई विमान उपलब्ध नहीं रहेंगे। इसके अलावा, पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर रखा है। इससे एयर इंडिया की लंबी दूरी की उड़ानें प्रभावित हो रही हैं। उड़ानों के रास्ते लंबे हो गए हैं। काम करना मुश्किल हो गया है। एयर इंडिया ने कहा है कि जिन ग्राहकों ने 1 सितंबर 2025 के बाद वाशिंगटन के लिए टिकट बुक किया है, उनसे संपर्क किया जाएगा। उन्हें दूसरी उड़ानों में जगह दी जाएगी या उन्हें पूरा पैसा वापस मिलेगा। ग्राहक अपनी पसंद के अनुसार कोई भी विकल्प चुन सकते हैं। एयर इंडिया ने यह भी बताया है कि ग्राहक न्यूयॉर्क , नेवार्क , शिकागो और सैन फ्रांसिस्को के रास्ते वाशिंगटन, डी.सी. के लिए उड़ान भर सकते हैं। एयर इंडिया अलास्का एयरलाइंस, यूनाइटेड एयरलाइंस और डेल्टा एयर लाइन्स के साथ मिलकर यह सुविधा देगी। इससे ग्राहकों को एक ही टिकट पर अपनी मंजिल तक पहुंचने में आसानी होगी।




# आपका राशिफल

**मेष** — चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
अपने करियर को बढ़ाने वाली एकांत गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करें। आपकी कूटनीतिक कुशलता में वृद्धि हो सकती है, जिससे आपको काम की चुनौतियों से सफलतापूर्वक निपटने में मदद मिलेगी। हालाँकि, लाभहीन सट्टेबाज़ी से सावधान रहें क्योंकि इससे नुकसान हो सकता है। आज बहुत ज़्यादा सपने देखने से बचें।

**वृष** — ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
अपने आस-पास की खूबसूरती को निखारने की आपकी स्वाभाविक क्षमता आज चमकेगी। कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ आपकी सहजता टीम की गतिशीलता को बढ़ाती है। आत्मविश्वास में वृद्धि से चतुराईपूर्ण संचार को बढ़ावा मिलता है। रिश्तों में छोटी-मोटी उलझनें पैदा हो सकती हैं।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आप अपने करियर में साहसिक कदम उठाने के लिए तैयार हैं। मौलिक सोच प्रगति में सहायक होती है, खासकर जब योजनाओं को सावधानीपूर्वक तैयार किया जाता है। आप आंतरिक तनाव महसूस कर सकते हैं, इसलिए आराम करना न भूलें। योजना और स्वास्थ्य के बीच संतुलन बनाए रखने से आपकी निरंतर उन्नति सुनिश्चित होती है।

**कर्क** — ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज आपकी ऊर्जा और दृढ़ संकल्प मजबूत है, जो आपको अपने काम या पढ़ाई में आगे बढ़ने में मदद कर रहा है। आप अवसरों का पीछा करने और स्पष्ट रूप से सोचने के लिए प्रेरित हैं। यह तीव्र ध्यान आपको बेहतरीन परिणाम दे सकता है, लेकिन सावधान रहें कि बहुत जल्दी काम न करें या बहुत स्पष्ट रूप से न बोलें। सफलता के लिए केंद्रित और सावधान रहें।

**सिंह** — मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
कुछ बड़ी चीजे आपके कार्य क्षेत्र में आपका इंतजार कर रही है । आपको कुछ समय से अपने कार्य के प्रति प्रशंसा नहीं मिल रही थी ,ये पूरी तरह से आज गायब हो जाएगा और आपको उच्च वेतन और अधिक भत्तों के साथ एक दूसरी जगह नौकरी मिल सकती है जो आपकी सोच से परे थी , हालांकि इस नौकरी के लिए आपका स्थानांतरण हो सकता है।

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आपके करियर को बेहतर भावनात्मक बुद्धिमत्ता से लाभ मिलता है, जिससे आपको पेशेवर रिश्तों को अधिक सहानुभूति और अंतर्दृष्टि के साथ आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। जानकारी को प्रभावी ढंग से आत्मसात करें और संरेखित सोच और भावना पर ध्यान केंद्रित करें। आपके सावधान दृष्टिकोण से कई तरह की तरक्की मिलती है।

**तुला** — रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आपका स्वाभाविक करिश्मा निखरता है, जिससे आपके आस-पास के लोगों को प्रेरित और प्रोत्साहित करना आसान हो जाता है। आप साहसिक विचारों और स्पष्ट लक्ष्यों के साथ पहल करेंगे और उत्साह के साथ परियोजनाओं को आगे बढ़ाएँगे। भावनात्मक बुद्धिमत्ता अब एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**वृश्चिक** — तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आज आप अपने पेशेवर जीवन में एक तीव्र प्रेरणा महसूस कर सकते हैं, जो बढ़े हुए आत्मविश्वास और गहरी भावनात्मक अंतर्दृष्टि से प्रेरित है। आपका ईमानदार दृष्टिकोण दूसरों को चौंका सकता है, इसलिए चतुराई से काम लें। जबकि ऊर्जा के विस्फोट से अचानक उपलब्धियाँ मिल सकती हैं, थकान के क्षणों को नज़रअंदाज़ न करें।

**धनु** — ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
यह आपके व्यवसाय के खिलने के लिए के लिए एक शुष्क मौसम है, इसलिए अभी आप अपने व्यक्तित्व को सवारने का प्रयत्न कर सकते हैं। आप एक सक्रिय व्यक्ति हैं और आपकी अच्छी ग्राहक सेवा असंख्य बार आपके ग्राहकों को वापस लाने के लिए प्रेरित करेगी । आपके व्यय नियंत्रण में है क्योंकि आप हमेशा से सरल तरीको से अपने खर्चे का निर्वाह करते हैं ।

**मकर** — भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आप कुछ मिलनसार नए लोगों या विदेशी प्रतिनिधियों से आज के दिन मिल सकते हैं ! स्वतंत्र रूप से उन लोगों के साथ संवाद करे और जितनी उपयोगी जानकारी इकट्ठा कर सके करे क्योंकि यह आपकी परियोजना के पूरा होने में आप के लिए बहुत मददगार साबित होगा । किसी भी विचलित करने वाले परिदृश्य से परेशान न हो जो की आपके वरिष्ठ सहकर्मी ने आपके लिए बनाया हो ।

**कुंभ** — गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आपके कार्य जीवन में ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है, सहानुभूति, सहयोग और पेशेवर संबंधों के प्रति अधिक सहायक दृष्टिकोण को बढ़ावा मिलता है। विस्तार-उन्मुख कार्यों पर ध्यान दें। हालाँकि, जल्दबाजी से सावधान रहें, जो आवेगपूर्ण निर्णय ले सकता है। अतिशयोक्ति हो सकती है, लेकिन यह अप्रत्याशित सफलता भी ला सकती है।

**मीन** — दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज आपको अप्रत्याशित रूप से खोया धन मिल सकता है , जिससे आसानी से आप अपनी सभी वित्तीय प्रतिबद्धताओं को पूरा कर पायेंगे । यह आपकी वर्तमान वित्तीय स्थिति को काफी राहत प्रदान करने वाला होगा , हालांकि इस धन को बहुत बुद्धिमानी से खर्च करना होगा क्योंकि हो सकता है की आपका ये धन ख़त्म या कम हो जाये लेकिन आपके दायित्वों का निर्वाह पूरा न हो पाये ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# बिना सैलरी के ऐसे अरबों की कमाई करते हैं ये दिग्गज कारोबारी, शेयर बाजार से है कनेक्शन!

नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2025 में कई बड़ी कंपनियों के शीर्ष कारोबारी और प्रमोटर्स ने तनख्वाह लेने से परहेज़ किया, लेकिन उनकी कमाई करोड़ों में रही। यह पैसा उन्हें वेतन से नहीं, बल्कि डिविडेंड, बोनस और अन्य प्रोत्साहन से मिला।

इस सूची में इंफोसिस के नंदन नीलेकणी, रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी, शाश्वत के दीपिंदर गोयल, डिविस प्रयोगशालाएँ के मुरली कृष्णन प्रसाद दिवी, इंटरग्लोब एविएशन के राहुल भाटिया, डाबर इंडिया के मोहित बर्मन, टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स के समीर उत्तमलाल मेहता और ओबेरॉय रियल्टी के विकास ओबेरॉय शामिल हैं। डिविस प्रयोगशालाएँ के संस्थापक मुरली कृष्णन प्रसाद दिवी ने लगातार चौथे साल कोई वेतन नहीं लिया, लेकिन एफवाई25 में उन्हें 87.87 करोड़ रुपये का बोनस मिला।

कंपनी में उनकी 2.85% हिस्सेदारी से 1,500% डिविडेंड के रूप में 114 करोड़ रुपये और मिले। उनकी कुल संपत्ति 9.8 अरब डॉलर आंकी गई है। टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स के चेयरमैन समीर उत्तमलाल मेहता ने भी वेतन नहीं लिया, लेकिन 30 करोड़ रुपये कमीशन और टोरेंट पावर से 16.5 करोड़ रुपये बोनस कमाया।

मेहता परिवार की टोरेंट फार्मा में 68% और टोरेंट पावर में 51% हिस्सेदारी से उन्हें 1,950 करोड़ रुपये का डिविडेंड मिला। उनकी नेटवर्थ 7.7 अरब डॉलर है। ओबेरॉय रियल्टी के चेयरमैन विकास ओबेरॉय 2015 से वेतन नहीं ले रहे हैं। कंपनी में 58.5% हिस्सेदारी से उन्हें एफवाई25 के 80% फाइनल डिविडेंड में 170 करोड़ रुपये मिले। उनकी संपत्ति 4.8 अरब डॉलर है।

**मुकेश अंबानी की सैलरी जीरो**

इंफोसिस के नॉन-एग्जीक्यूटिव चेयरमैन नंदन नीलेकणी ने पूरे साल कोई वेतन नहीं लिया। कंपनी में उनकी 1.1% हिस्सेदारी से उन्हें 860% डिविडेंड के



आधार पर करीब 45.7 करोड़ रुपये मिले। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी महामारी के बाद से वेतन नहीं ले रहे हैं। एफवाई09 से एफवाई20 तक उनका वेतन 15 करोड़ रुपये सालाना तय था। एफवाई25 में रिलायंस के 7,446 करोड़ रुपये के डिविडेंड में से प्रमोटर हिस्सेदारी (50% से ज्यादा) के चलते उन्हें बड़ा हिस्सा मिला।

इंटरग्लोब एविएशन के मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल भाटिया ने अपने पूरे कार्यकाल में वेतन नहीं लिया। कंपनी में 37.5% हिस्सेदारी से उन्हें एफवाई25 में 145 करोड़ रुपये का डिविडेंड मिला। उनकी संपत्ति 8.5 अरब डॉलर है।

शाश्वत के संस्थापक दीपिंदर सिंह गोयल ने भी वेतन नहीं लिया। कंपनी में उनकी 3.83% हिस्सेदारी की कीमत करीब 11,200 करोड़ रुपये है। वहीं दाबर इंडिया के अमित बर्मन, मोहित बर्मन, साकेत बर्मन और आदित्य बर्मन ने एफवाई25 में वेतन नहीं लिया। उनकी संयुक्त 66% हिस्सेदारी से उन्हें 8 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 936 करोड़ रुपये का फाइनल डिविडेंड मिला।

**निवेशकों का भरोसा जीतना चाहती है कंपनियां**

यह रुझान बताता है कि बड़े कारोबारी वेतन की बजाय अपनी हिस्सेदारी से होने वाली कमाई और प्रदर्शन आधारित बोनस पर निर्भर हो रहे हैं। इससे न केवल वेतन खर्च कम होता है, बल्कि उनका मुनाफा सीधे कंपनी के नतीजों से जुड़ जाता है, जिससे शेयरधारकों का भरोसा भी बढ़ता है।

# फार्मा सेक्टर का है स्टॉक, 1 : 10 का स्टॉक स्प्लिट और 1:1 का बोनस, तभी तो शेयर पहुंच गया अपर सर्किट में

मुंबई, 11 अगस्त (एजेंसियां)। फार्मा सेक्टर की कंपनी वेलक्योर ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (बीएसई: 524661) का एक शेयर 10 हिस्सों में बंट जाएगा। इसके साथ ही कंपनी हर शेयर पर एक बोनस शेयर देने की घोषणा की है। इसके बाद बीएसई में इसके शेयर अपर सर्किट पर चले गए। शेयर बाजार को दी गई सूचना के मुताबिक वेलक्योर ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डाइरेक्टर्स की बैठक शुक्रवार, 22 अगस्त, 2025 को होगी। इस बैठक में स्टॉक स्प्लिट और बोनस इश्यू के प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा। कंपनी के वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के शानदार वित्तीय परिणामों के बाद, इस कदम का उद्देश्य तरलता बढ़ाना और शेयरधारिता का विस्तार करना है। प्रस्ताव के अनुसार, कंपनी ने अपने इक्विटी शेयरों को 1:10 के अनुपात में उप-विभाजन (स्टॉक स्प्लिट) करने का सुझाव दिया है। मतलब कि एक इक्विटी शेयर को दस इक्विटी शेयरों में विभाजित किया जाएगा। इसके साथ ही कंपनी ने 1:1 तक बोनस शेयर जारी करने का भी प्रस्ताव रखा है।कंपनी का कहना है कि यह प्रस्ताव बाजार में तरलता बढ़ाने, खुदरा भागीदारी बढ़ाने और निवेशकों के लिए सामर्थ्य में सुधार लाने की वेलक्योर की प्रतिबद्धता का हिस्सा हैं। यह प्रस्ताव बोर्ड के निर्णय और उसके बाद वैधानिक/शेयरधारक अनुमोदन के अधीन हैं। स्वीकृत होने पर, कंपनी सेबी लिस्टिंग दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं और लागू कानूनों के अनुसार, रिकॉर्ड तिथियों और कार्यान्वयन



समय-सीमा की अलग से घोषणा करेगी। कंपनी का कहना है कि यह प्रस्ताव बाजार में तरलता बढ़ाने, खुदरा भागीदारी बढ़ाने और निवेशकों के लिए सामर्थ्य में सुधार लाने की वेलक्योर की प्रतिबद्धता का हिस्सा हैं। यह प्रस्ताव बोर्ड के निर्णय और उसके बाद वैधानिक/शेयरधारक अनुमोदन के अधीन हैं। स्वीकृत होने पर, कंपनी सेबी लिस्टिंग दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं और लागू कानूनों के अनुसार, रिकॉर्ड तिथियों और कार्यान्वयन समय-सीमा की अलग से घोषणा करेगी। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा हाल ही में की है। इस दौरान कंपनी का ऑपरेटिंग रेवेन्यू तेज़ी से बढ़ते हुए 299.91 करोड़ रुपये पर चला गया। यह पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 21.21 करोड़ रुपये था। तिमाही आधार पर यह करीब 1300% की वृद्धि दर्शाता है। इसी तरह कंपनी का नेट प्रोफिट भी 2.50 करोड़ रुपये से बढ़कर 23.29 करोड़ रुपये पर चला गया है। यह 830% की वृद्धि को दर्शाता है। वेलक्योर ड्रग्स के शेयर बीते शुक्रवार को बीएसई 10.09 पर बंद हुए थे। आज सुबह इसके शेयर पांच फीसदी चढ़ते हुए 10.59 रुपये पर खुले।

# हजारीबाग का बभनबे पहाड़ खिसका

## इलाके में फैला मिट्टी और बड़े पत्थर, 500 मीटर दूर रहने वाले ग्रामीण भयभीत



हजारीबाग, 11 अगस्त (एजेंसियां)। हजारीबाग जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बभनबे पहाड़ पर सोमवार सुबह अचानक भूस्खलन हो गया। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण पहाड़ का बड़ा हिस्सा खिसककर नीचे आ गया, जिससे भारी मात्रा में मिट्टी और पत्थर गिर पड़े।

घटना स्थल से करीब 500 मीटर की दूरी पर कई ग्रामीणों के घर स्थित हैं। हालांकि, इस हादसे में कोई जनहानि या बड़ा नुकसान नहीं हुआ, लेकिन लोगों के मन में भय का माहौल है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह का दृश्य उन्होंने पहले सिर्फ उत्तराखंड या अन्य पहाड़ी राज्यों में देखा था, लेकिन इस बार की बारिश ने हजारीबाग में भी पहाड़ खिसकने की घटनाओं को जन्म दिया है।

**प्रशासन की सख्ती, लोगों को सतर्क रहने की हिदायत**

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। मुफस्सिल थाना प्रभारी कुणाल किशोर ने बताया कि घटना हाल ही में हुई है और एहतियातन प्रभावित इलाके में लोगों की आवाजाही रोक दी गई है। प्रशासन ने कहा कि फिलहाल किसी तरह की जनहानि या संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन बारिश जारी रहने से खतरा पूरी तरह टला नहीं है। आपदा प्रबंधन दल को अलर्ट पर रखा गया है और मौसम विभाग की चेतावनी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भू-विशेषज्ञों के अनुसार, लगातार बारिश से पहाड़ की मिट्टी ढीली हो जाती है, जिससे भूस्खलन की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। यदि आने वाले दिनों में बारिश का दौर जारी रहा, तो बभनबे पहाड़ के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह की घटनाएं हो सकती हैं।

इस बीच, ग्रामीणों ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। फिलहाल लोग अपने घरों में सतर्क रहते हुए मौसम की हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं।

# दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

## नेता प्रतिपक्ष ने कहा- जनता में असुरक्षा का माहौल, पुलिस प्रशासन सत्ता की कठपुतली

रांची, 11 अगस्त (एजेंसियां)। रांची के हिंदपीढ़ी के भट्ठी चौक पर रविवार दोपहर एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को अपने X हेंडल पर लिखा-राज्य में लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं ने आम जनता में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है।

अपराध पर नियंत्रण करने के बजाय पुलिस प्रशासन सत्ता की कठपुतली बन चुका है। राजनीतिक विरोधियों को फर्जी मुकदमों में फंसाना और जबरन वसूली करना ही झारखण्ड पुलिस की प्राथमिकता बन गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस अधिकारियों की जवाबदेही जनता के प्रति नहीं, बल्कि केवल सत्ता के प्रति सीमित रह गई है।

दरअसल, हिंदपीढ़ी के भट्ठी चौक पर हुई घटना में मृतक की पहचान हिंदपीढ़ी के ग्वाला टोली निवासी साहिल गद्दी उर्फ कुरकुरे (19) के रूप में हुई की गई। वह 25 दिन पहले ही जेल से बाहर आया था। मृतक की मां बेबी खातून ने जेल में बंद पूर्व पार्षद मो. असलम पर हत्या कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने असलम के भाई मो. आसिफ को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। उधर, हत्या के बाद लोग आक्रोशित हो गए। आरोपी शूटर नदी ग्राउंड निवासी मो. अरमान के घर को आग लगा दी। पूर्व पार्षद के कार्यालय में भी तोड़फोड़ की। घटना के बाद इलाके में तनाव है। हिंदपीढ़ी के हर चौक-चौराहे में पुलिस को तैनात कर दिया गया है। सोमवार को भी लोगों ने हंगामा किया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, साहिल गद्दी अपने भाई मयूर गद्दी का मोबाइल ठीक कराने जा रहा था। तभी भट्ठी चौक पर अरमान ने उसे रोका। बातचीत की। फिर सीने में सटाकर गोली मार दी।

# सरकारी-अस्पताल में 5 घंटे बिना इलाज के रखा, मां-बच्चे की मौत

## महिला की फर्श पर डिलीवरी, रायगढ़ में बीमार-पत्नी को उठाकर पैदल चला पति

सूरजपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के 3 अलग-अलग जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली की तस्वीर सामने आई है। पहला मामला बलौदाबाजार जिले का है जहां समय पर इलाज नहीं मिलने से एक गर्भवती महिला और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। मामला लवन थाना क्षेत्र का है।

दूसरा मामला सूरजपुर जिले का हैं जहां गर्भवती महिला ने अस्पताल के फर्श पर बच्चे को जन्म दिया। भटगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के लिए आई महिला 4 घंटे तक दर्द से तड़पती रही।

हॉस्पिटल में न नर्स मिली, न ही ड्यूटी डॉक्टर। मजबूरन सास ने फर्श पर ही असुरक्षित तरीके से प्रसव करवाया।

वहीं, तीसरा मामला रायगढ़ जिले का है। जहां खराब सड़क के कारण बीमार पत्नी को उठाकर पति लगभग 1 किलोमीटर तक पैदल चला।

पड़ोसी की मदद से पति ने कीचड़ से भरी सड़क को पार किया। बाद में जब साफ रास्ता मिला, तो ऑटो से महिला को अस्पताल पहुंचाया गया। मामला कापू थाना क्षेत्र का है।

जिले के लवन में रहने वाली संतोषी साहू (34 साल) की डिलीवरी का समय आ गया था। रविवार (10 अगस्त) की रात परिजन सबसे पहले उसे पलारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां उन्हें 5 घंटे तक बिना इलाज के रखा गया।

डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। परिजनों का आरोप है कि जिला अस्पताल में भी 3 घंटे तक कोई सर्जन नहीं आया। वहां केवल दो इंजेक्शन लगाए गए। जब संतोषी की हालत बिगड़ी, तो सर्जन ने ऑपरेशन करने से मना कर दिया।

जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें चंदा देवी निजी अस्पताल भेज दिया गया। चंदा देवी अस्पताल ने महज आधे घंटे में 3000 रुपए का बिल बनाकर उन्हें रायपुर के लिए रेफर कर दिया।

रास्ते में उन्हें पलारी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# भूपेश बोले-आरएसएस के आदेश पर भाजपा ने नहीं मनाया आदिवासी दिवस

## कहा- आदिवासी सीएम होने के बावजूद एक भी कार्यक्रम नहीं हुआ, पहचान मिटाई जा रही



बिलासपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर जिले के कोटा में आयोजित आदिवासी सम्मेलन में राज्य सरकार और आरएसएस पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि आदिवासी बाहुल्य राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री तो है। लेकिन, सरकार की ओर से विश्व आदिवासी दिवस पर कोई भी कार्यक्रम नहीं कराया गया।

उन्होंने कहा कि सीएम विष्णुदेव साय ने आदिवासी दिवस मनाने के लिए प्रोटोकाल जारी किया था। लेकिन, संघ कार्यालय से आदेश आ गया कि आदिवासी दिवस नहीं मनाना है, इसलिए उन्होंने कहीं भी कार्यक्रम आयोजित नहीं कराया।

कोटा के डीकेपी हाई स्कूल मैदान में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल शामिल हुए। जहां उन्होंने कहा कि सम्मेलन में बड़ी संख्या में हजारों की संख्या में लोग आए हैं, बहुत उत्साह भी है। लेकिन, चिंता इस बात की है आदिवासियों को जो अधिकार अधिकार गवर्नमेंट ने दिया है, उन अधिकारों का हनन हो रहा है।

पेशा कानून का कोई पालन नहीं हो रहा है। वन अधिकार और पर्यावरण अधिनियम का उल्लंघन हो रहा है। इस प्रदेश में आदिवासियों का रोजगार भी छीना जा रहा है। आदिवासियों और उनकी पहचान मिटाने का काम भी किया जा रहा है।

भूपेश बघेल ने भाजपा की साय सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में गरीब-किसान, आदिवासी सब परेशान हैं। बिजली का बिल सांय-सांय बढ़ रहा है।

कांग्रेस ने घोषित किया था सार्वजनिक अवकाश

भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी सरकार ने 9 अगस्त 2019 को विश्व आदिवासी दिवस पर छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की थी, जिसके बाद हर साल विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

लेकिन, भाजपा की सरकार विश्व आदिवासी दिवस पर कोई भी कार्यक्रम नहीं की। आदिवासी मुख्यमंत्री होने के बाद भी आदिवासी दिवस पर एक भी कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ।

कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में खाद की कालाबाजारी हो रही है। किसान परेशान हैं। फिर भी सरकार चुप है। क्योंकि यहां, किसान और आदिवासियों की सरकार नहीं, बल्कि व्यापारियों की सरकार है।

उन्होंने गौठान योजना पर कहा कि तकलीफ दायक बात ये है कि 2 साल पहले जो गौठान चल रहा था, उसको बंद कर दिए। अब उसी को फिर से शुरू कर रहे हैं, घटिया स्तर पर शुरू कर रहे हैं।

# सड़क हादसे में एक की मौत

## आठ लोग हुए घायल, मच गई चीख-पुकार

धमतरी, 11 अगस्त (एजेंसियां)। धमतरी जिले में फिर एक सड़क हादसा हुआ है। जिसके चलते एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि लगभग आठ लोग घायल हो गए है। इस घटना से वाहन में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 10 अगस्त को पटेल समाज का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सिहावा गए थे। कार्यक्रम होने के बाद सभी तूफान वाहन से वापस लौट रहे थे, तभी सिक्सलेन विशाखापट्टनम रोड से वापस आ रहे थे कि राजपुर के आगे सड़क पर रखे मुरुम के ऊपर वाहन चढ़ने से वाहन पलट गया।

इस हादसे के बाद वाहन में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। दुर्घटना में मेघा निवासी बुजुर्ग सुखाऊ राम पटेल 65 वर्ष पुत्र बुधराम की मौत हो गई। जबकि लगभग आठ लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर कुरूद और मगरलोड पुलिस पहुंच गई थी।

घायलों को 108 एंबुलेंस से कुरूद इलाज के लिए भेजा गया। मृतक का शव पंचनामा के बाद मगरलोड पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायलों में कुमार पटेल 58 वर्ष पुत्र ठाकुर राम ग्राम मंदरौद, मनोज पटेल 46 वर्ष पुत्र भीषण पटेल ग्राम खैरा, पुरुषोत्तम पटेल 32 वर्ष पुत्र ललित पटेल ग्राम मेघा, तुलसीराम पटेल 45 वर्ष पुत्र गुलाब राम ग्राम कोकड़ी, नीरज पटेल 35 वर्ष पुत्र थनेश्वर पटेल ग्राम सेलदीप इसके अलावा लगभग चार लोग और घायल हैं।

बताया जा रहा है कि मृतक सुखाऊ राम पटेल वाहन मालिक था, इनका कोई रिश्तेदार वाहन चला रहा था। ग्रामीणों ने बताया है कि सिक्स लेन निर्माण के दौरान ठेकेदार की बड़ी लापरवाही है। सड़क के बीचों बीच मुरूम रख दिया गया है। वहां पर लगभग सड़क पूरा बन चुका है और कई वाहन आना-जाना भी कर रहे हैं। रात के अंधेरे में बीच में रखा मुरूम नहीं दिखा। इस पर चढ़ने के बाद वाहन पलट गया। सड़क अभी पूरी बनी भी नहीं है और हादसे होने लगे हैं।

# 44 हजार से ज्यादा ग्रामीणों को आसानी से मिलेगी बैंकिंग सुविधा

## जशपुर के 23 ग्राम पंचायतों को सीएम ने दी बड़ी सौगात



जशपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले को बड़ी सौगात दी है। सीएम साय ने जिले में 3 नए छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंकों का लोकार्पण किया है। इस दौरान सीएम ने कहा कि राज्य और जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इससे किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों को वित्तीय सेवाएं उनके ही गांव में सुलभ होंगी। सीएम विष्णुदेव सायने कहा बैंकिंग सेवाएं न केवल आर्थिक गतिविधियों को गति देती हैं, बल्कि शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का भी आधार बनती हैं। बगिया ग्राम में मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से सीएम साय ने जशपुर विकासखंड के ग्राम आरा, पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम कुडेक़ेला और बगीचा विकासखंड के ग्राम छिछली में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की नई शाखाओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री साय ने कार्यकम को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि जशपुर जिले में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के तीन नई शाखाओं के शुरू होने से 23 ग्राम पंचायतों और 48 आश्रित ग्रामों के लगभग 44 हज़ार लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। अब ग्रामीणों को बैंकिंग कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय और धन की बचत होगी। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि जशपुर जिले की 268 पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र शुरू किए गए हैं, जिनके माध्यम से अब तक लगभग 15 करोड़ रुपये का लेन-देन हो चुका है। आगामी पंचायत दिवस तक जिले की सभी पंचायतों में ये सुविधा केंद्र प्रारंभ करने की योजना है। इन केंद्रों से ग्रामीणों को उनके गांव में ही बैंकिंग, बीमा और सरकारी योजनाओं से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध होंगी। ग्राम कुडेक़ेला से वर्चुअली जुड़ी विधायक गोमती साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनधन योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे लोगों में वित्तीय जागरूकता बढ़ी है और अब 3 नए ग्रामीण बैंकों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में गति आएगी।

# अवैध प्लाटिंग करने वाले 17 लोगों पर एफआईआर

रायपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी रायपुर में अवैध प्लाटिंग करने वाले जमीन कारोबारियों पर निगम ने अब सख्ती करना शुरू कर दिया है। नगर निगम के अधिकारियों ने कॉलोनी विकास अनुज्ञा और नगर निगम की अनुमति के प्लाट वाले तीन परिवार के 17 आरोपियों पर एफआईआर कराया है। मामला गुढ़ियारी थाना क्षेत्र का है। आरोपियों पर पावर ऑफ अटॉर्नी या एग्रीमेंट के जरिए बिल्डरों और दलालों से मिलीभगत कर बिना अनुमति प्लाटिंग और बिक्री करने का आरोप है। यह शिकायत सहायक अभियंता अरविंद राहुल ने थाने में की थी। बता दें कि 13 महीने पहले तहसीलदार ने पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी, नगर निगम ने अब जाकर केस दर्ज कराया है। थाने में दर्ज एफआईआर के मुताबिक, आरोपियों ने गुलमोहर पार्क के पीछे खसरा नंबर 844/1 रकबा 0.9054 हेक्टेयर जमीन पर बिना कॉलोनी विकास अनुज्ञा और नगर निगम की अनुमति के प्लाट बेचे है। आरोपियों ने जिन परिवारों को जमीन बेची उन्हें सड़क, नाली, बिजली जैसी सुविधाएं देने का झांसा दिया है। बताया जा रहा है आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस भी दर्ज हो सकता है।

स्वामी नरेन्द्र, जय प्रकाश, अजय, रमा, ललिता, अनिता, सविता सोनकर, महेश कुमार, रवि प्रकाश, भीमा उर्फ सोहन लाल, राम दुलारे और ईश्वर कुमार, संतोषी बाई, शिवकुमार, महेंद्र साहू, शिवबाई साहू और भावाबाई साहू के खिलाफ छग नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292(ग) केस दर्ज हुआ है।

# आरक्षक की आत्महत्या के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

## उधार दी गई रकम के ब्याज के लिए कर रहा था प्रताड़ित

दुर्ग, 11 अगस्त (एजेंसियां)। पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र के न्यू सिविल लाइन में एक आरक्षक की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पूर्व में भी कर्जा एक्ट के मामले में भिलाई भट्टी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। आरक्षक ने आरोपी से 10 लाख उधार लिए थे और उसका मूलधन वापस कर दिया था उसके बावजूद वह ब्याज के पैसों के लिए आरक्षक को परेशान कर रहा था, जिससे आहत होकर आरक्षक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

नवआरक्षक मृतक सुरेन्द्र साहू ने आरोपी हरिश मिश्रा से 10 लाख रुपये उधार लिए थे। सुरेन्द्र साहू ने पूरे पैसे वापस दिए थे, इसके बावजूद आरोपी हरिश कुमार मिश्रा मूलधन व ब्याज के पैसों को लेकर लगातार पैसों की मांग मोबाइल के माध्यम से प्रताड़ित करता था। दिनांक 6 अगस्त को भी आरोपी ने मोबाइल से लगातार फोन कर प्रताड़ित किया, जिससे तंग आकर सुरेन्द्र ने आत्महत्या कर ली। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई थी। जांच के दौरान पुलिस को मृतक के मोबाइल पर आरोपी के द्वारा लगातार कॉल करना और मैसेज में बातचीत की बात सामने आई। इसके बाद आरोपी की पतासाजी कर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसमें आरोपी ने नवआरक्षक सुरेन्द्र साहू को लगातार परेशान करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। आरोपी हरीश मिश्रा पूर्व में भी ब्याज रकम की अवैध उगाही के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। वहीं मारपीट के दो मामलों में भी गिरफ्तार हो चुका है। इसके साथ ही पूर्व में आरोपी भिलाई नगर, तिल्दा नेवरा क्षेत्र में अलग-अलग दुर्घटना करने से दो व्यक्ति की मृत्यु हुई थी। इसके अलावा आरोपी के विरुद्ध दुर्ग भिलाई एवं रायपुर के थानों में अन्य अपराध दर्ज है। आरोपी से कर्जा देने लेने के संबंध में पुलिस ने दस्तावेज बरामद किया है।

# रवि यादव को गोली मारने के तीन आरोपी गिरफ्तार

## आपसी विवाद में आरोपियों ने किया था हमला, स्कूटी और मोबाइल बरामद



जमशेदपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। जमशेदपुर के पूर्वी सिंहभूम स्थित परसुडीह थाना क्षेत्र के किताडीह ग्वालापट्टी में 5 अगस्त को हुए गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में समीर कुमार सिंह उर्फ पांडु, विवेक साह व संजय वर्मा उर्फ संजू वर्मा शामिल है।

सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने सोमवार को बताया कि 5 अगस्त की शाम रवि यादव को कुछ युवकों ने गोली मारकर घायल कर दिया था। इस संबंध में परसुडीह थाना में कांड संख्या 102/25 दर्ज किया गया था।

जांच में पता चला कि घायल रवि यादव और निहाल तिवारी के बीच कुछ माह पूर्व मारपीट हुई थी। समझौते के बावजूद निहाल तिवारी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर रवि यादव की हत्या की योजना बनाई।

घटना के दिन निहाल तिवारी और समीर कुमार सिंह उर्फ पांडु स्कूटी पर सवार होकर किताडीह ग्वालापट्टी नाला के पास पहुंचे। रवि यादव ने समीर को देख अपनी गाड़ी रोक दी और उससे झगड़ा करने लगा। इसी दौरान निहाल तिवारी ने अपने बैग से पिस्टल निकालकर रवि यादव पर पांच से छह राउंड फायर कर दिया। इससे रवि गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले के बाद दोनों स्कूटी से फरार हो गए।

पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई स्कूटी और मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है।

# युवक बोला-महिलाओं को अर्धनग्न कर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

## कांकेर में धर्मांतरित परिवारों से मारपीट एसपी से शिकायत, बिलासपुर में मकान सील

बिलासपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में धर्मांतरित परिवार को चिन्हित कर ग्रामीणों ने मारपीट की है। पीड़ितों के अनुसार महिलाओं को अर्धनग्न कर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। थानेदार ने एफआईआर भी नहीं लिखी, जिस वजह से पीड़ित सोमवार को एसपी ऑफिस पहुंचे। मामला ताडोकी थाना क्षेत्र के ग्राम हवेचुर का है।

पीड़ित महिला के बेटे ने बताया कि घटना के बाद से उसकी मां अब तक बेहोश है। वहीं दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल है। इसके अलावा एक युवक के कान का पर्दा फट गया है। ग्रामीणों ने 8 परिवार के 36 लोगों से मारपीट की है।

पीड़ितों ने एसपी से दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इसके अलाव बिलासपुर जिले में सोमवार को फिर धर्मांतरण पर बवाल हुआ है। हिंदू संगठनों के अनुसार किराए के मकान में प्रार्थना सभा की आड़ में 8 से 10 महिलाओं का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र के बंधवापारा का है। आरोप है कि प्रार्थना सभा का संचालन संध्या तिवारी नाम की महिला कर रही थी, जो खुद को पास्टर बताती है।

# पुलिस एनकाउंटर में मारा गया सूर्या हांसदा

## कई संगीन मामलों में था फरार, चार बार लड़ चुका था विधानसभा चुनाव

गोड्डा, 11 अगस्त (एजेंसियां)। गोड्डा में सोमवार को पुलिस से एनकाउंटर में अपराधी सूर्या हांसदा मारा गया। मुठभेड़ बोआरीजोर थाना क्षेत्र स्थित ललमटिया धमनी पहाड़ में हुई। सूर्या के पास से कई हथियार और खोखा बरामद हुआ है। सूर्या कई संगीन मामलों में फरार चल रहा था और रविवार शाम ही उसकी गिरफ्तारी हुई थी।

सूत्रों के अनुसार, सूर्या हांसदा छिपा कर रखे हथियार को बरमाद करवाने के लिए पुलिस के साथ ललमटिया धमनी पहाड़ पहुंच था।

इस दौरान सूर्या हांसदा के गैंग के सदस्य वहां पहले से मौजूद थे। उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर सूर्या को छुड़ाने की कोशिश की। इसी बीच सूर्या हांसदा ने पुलिस का हथियार छीन कर भागने की कोशिश की, पर पुलिस ने सूर्या हांसदा को एनकाउंटर में मार गिराया। सूर्या अब तक चार बार विधानसभा चुनाव लड़ चुका था। हालांकि उसे इलेक्शन में जीत नहीं मिल पाई थी।

गोड्डा एसपी मुकेश कुमार ने सूर्य नारायण हांसदा उर्फ सूर्या हांसदा के एनकाउंटर में मारे जाने की पुष्टि की है। सूर्या हांसदा की मां नीलमुनि मुर्मू ने बताया कि रविवार शाम को देवघर के मोहनपुर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव से उनके बेटे सूर्या की गिरफ्तारी हुई थी। उन्होंने बताया कि शाम करीब 5 बजे सादे लिबास में बाइक से आए पुलिसकर्मियों ने सूर्या को उसकी मौसी के घर नावाडीह से पकड़ा और अपने साथ ले गए।

सूर्या हांसदा का कई राजनीतिक दलों से संबंध रहा है। वह बोरियो विधानसभा से चार बार चुनाव लड़ चुका है। पहली बार 2009 में झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) से चुनाव लड़ा था। दूसरी बार 2014 में भी जेवीएम से चुनाव लड़ा। तीसरी बार 2019 में भाजपा ने उसे टिकट दिया था। इस चुनाव में वह दूसरे स्थान पर रहा था।

2024 में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर उसने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उसने जेएलकेएम पार्टी से चुनाव लड़ा, लेकिन वह किसी भी चुनाव में जीत हासिल नहीं कर पाया था।

गौरतलब है कि हाल ही में साहिबगंज के मिर्जा चौकी थाना और गोड्डा के ललमटिया थाना में सूर्या हांसदा के खिलाफ कई संगीन अपराधों में संलिप्त रहने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस के मुताबिक, सूर्या 27 मई की रात ईसीएल राजमहल कोल परियोजना ललमटिया में हुए गोलीकांड का मुख्य सूत्रधार था। इसके अलावा साहिबगंज के मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र में पोकलेन मशीन और डंपर में आग लगाने के मामले भी उसका नाम सामने आया था।

# वृद्ध दंपती की हत्या मामले में चार गिरफ्तार

चाईबासा, 11 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिमी सिंहभूम के सुदूर और नक्सल प्रभावित गुदड़ी थाना क्षेत्र में डायन बिसाही के संदेह में एक वृद्ध दंपती की हत्या कर दोनों का शव नदी में फेंके जाने का मामला सामने आया है। घटना बुधवार की बताई जा रही है, लेकिन वृद्ध दंपती के घर में और कोई सदस्य नहीं होने के कारण घटना की सूचना पुलिस को जल्द नहीं मिली।

गुदड़ी बाजार के पास निर्माणाधीन पुलिया के पास नदी में रविवार को वृद्ध महिला का शव पुलिस ने बरामद किया, जिसके गले और सिर में धारदार हथियार से हमला करने का जख्म है। महिला का शव नदी में जहां मिला है, उसके पास कुल्हाड़ी भी बरामद हुई है। मृत महिला के पति का शव अब तक बरामद नहीं हुआ है और पुलिस उसकी खोजबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक हत्या की वजह डायन बिसाही का संदेह या जमीन विवाद हो सकता है। पुलिस ने इस हत्याकांड के मामले में एक नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जिसमें कमर गांव निवासी बिरसा बरजो, सेगो बरजो, लोकनाथ बरजो और एक नाबालिग शामिल है।

चारों के खिलाफ डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पोड़ाहाट चक्रधरपुर के एसडीपीओ शिवम प्रकाश के नेतृत्व में इस कांड का उद्भेदन और अपराधियों कीगिरफ्तारी के लिए एक टीम का गठन किया गया था।

# भारत बोला- परमाणु हथियार लहराना पाकिस्तान की आदत

## हमें सुरक्षा करना आता है, आसिम मुनीर ने कहा था- सिंधु पर बांध बना तो मिसाइल मारेंगे

टेक्सास, 11 अगस्त (एजेंसियां)। भारत ने सोमवार को पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर की परमाणु धमकी का जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा- परमाणु हथियार लहराना पाकिस्तान की पुरानी आदत है। भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल के आगे नहीं झुकेगा। हमें अपनी सुरक्षा करना आता है।

किसी मित्र देश की धरती से की गई ये टिप्पणी खेदजनक है। दुनिया देख सकती है कि ऐसे बयान कितने गैरजिम्मेदाराना हैं। ये बातें उस देश पर भी शक पैदा करती हैं, जहां परमाणु हथियारों का सुरक्षित होना तय नहीं है और सेना का आतंकियों से संबंध माना जाता है।

**मुनीर बोले- हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं**

दरअसल, मुनीर इस वक्त अमेरिका के दौरे पर हैं। द प्रिंट की रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा था कि हम भारत में सिंधु नदी पर डैम बनने का इंतजार करेंगे, और भारत जब ऐसा कर लेगा तो फिर


आसिम मुनीर

10 मिसाइल मारकर उसे गिरा देंगे। मुनीर ने कहा कि सिंधु नदी भारत की फैमिली प्रोपर्टी नहीं है, हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं है। आसिम मुनीर ने कहा था, 'भारत के सिंधु जल समझौता रद्द करने के फैसले से 25 करोड़ लोगों के लिए भुखमरी का खतरा पैदा हो सकता है।' उन्होंने कहा, 'हम एक परमाणु संपन्न राष्ट्र हैं और अगर हमें लगता है कि हम डूब रहे हैं, तो हम आधी दुनिया को अपने साथ ले जाएंगे।'

आसिम मुनीर ने ये धमकी, टाम्पा के ग्रैंड हयात होटल में पाकिस्तान मूल के कारोबारी अदनान असद की तरफ से रखे गये एक डिनर कार्यक्रम में दी है, जिसमें करीब 120 पाकिस्तानी डायस्पोरा के सदस्य मौजूद थे।

फील्ड मार्शल मुनीर अमेरिका की मध्य कमान (सेंटकाम) के कमांडर जनरल माइकल कुरिल्ला के सेवानिवृत्ति समारोह में शामिल होने फ्लोरिडा आए थे। इस समारोह में इजराइल के रक्षा बलों का एक प्रतिनिधि भी मौजूद था। यह दो महीने में उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा है।

इससे पहले वे 14 जून को वॉशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल हुए थे। इसके अलावा मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ व्हाइट हाउस में दो घंटे की लंच मीटिंग की थी।

**ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया**

मुनीर ने भारत-अमेरिका के बीच हाल के टैरिफ तनाव पर मजाक उड़ाते हुए कहा कि पाकिस्तान को विश्व शक्तियों के बीच संतुलन बनाने की मास्टर-क्लास देनी चाहिए।

मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार के लिए नामित किया, क्योंकि हम अच्छे काम की तारीफ करते हैं।

पाकिस्तान सरकार ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 2026 के नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट किया था। पाकिस्तान का कहना है कि भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ट्रम्प की कूटनीतिक पहल और मध्यस्थता ने एक बड़े युद्ध को टालने में मदद की।

पाकिस्तानी सरकार ने अपने ऑफिशियल स्टेटमेंट में कहा था कि ट्रम्प ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद दोनों से बात कर संघर्षविराम में अहम भूमिका निभाई। इससे दो न्यूक्लियर ताकत वाले देशों के बीच युद्ध की आशंका टल गई।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले- चीन पर टैरिफ लगाना मुश्किल

## राष्ट्रपति ट्रम्प अभी भी सोच रहे, यूएस-चीन टैरिफ डेडलाइन में सिर्फ 1 दिन बाकी

वॉशिंगटन, 11 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने चीन पर ज्यादा टैरिफ लगाने के सवाल पर कहा कि ऐसा कदम उठाना ज्यादा मुश्किल और नुकसानदेह हो सकता है।

फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में वेंस ने कहा कि चीन पर टैरिफ लगाने का विचार चल रहा है, लेकिन अभी कोई पक्का फैसला नहीं हुआ है।

वेंस ने कहा कि चीन के साथ रिश्ते सिर्फ तेल के मुद्दे तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कई और मामलों को प्रभावित करते हैं, इसीलिए मामला ज्यादा मुश्किल है।

अमेरिका ने चीन पर फिलहाल 30% टैरिफ लगा रखा है। 12 अगस्त को इसकी समय सीमा खत्म हो रही है।

**चीन ने जुलाई में 83 हजार करोड़ का तेल खरीदा**

अमेरिकी उपराष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है जब जुलाई में चीन ने रूस से 10 अरब डॉलर से ज्यादा का तेल खरीदा है। हालांकि इस साल अब तक की कुल खरीद 2024 की तुलना में 7.7% कम है।

चीन ने रूस से तेल खरीदने के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि किसी भी देश के साथ आर्थिक और ऊर्जा सहयोग करना चीन का कानूनी अधिकार है। वह अपने राष्ट्रीय हितों के मुताबिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।



ट्रम्प के वरिष्ठ सलाहकार पीटर नवारो ने इससे पहले कहा था कि चीन पर और ज्यादा टैरिफ लगाया जाएगा, इसकी संभावना कम है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसा करने से अमेरिका को भी नुकसान हो सकता है।

**भारत पर अमेरिका ने एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पिछले सप्ताह रूस से तेल खरीदने की दलील देकर भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50% हो गया। एक्स्ट्रा टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा।

भारत ने इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे गलत बताया। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसका तेल आयात पूरी तरह बाजार के हिसाब से तय होता है और यह उसके 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए जरूरी है।

पिछले महीने ट्रम्प ने रूस पर भी 100% टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रम्प ने जुलाई में कहा था कि अगर मॉस्को 50 दिन के भीतर यूक्रेन के साथ पीस डील नहीं करता है तो वह रूस पर 100% टैरिफ लगाएंगे।

इसके अलावा रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर सेकेंडरी टैरिफ भी लगाएंगे।

**ब्रिक्स देशों पर 500% टैरिफ का प्रस्ताव लंबित**

अमेरिका की सीनेट में एक ऐसा प्रस्ताव लंबित है जिसमें कहा गया है कि जो भी देश या कंपनियां रूस से तेल खरीदेंगी, उन पर 500% तक का भारी टैरिफ लगाया जाएगा।

इसका मकसद रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाना है ताकि वह यूक्रेन युद्ध में नरमी दिखाए और अपने सबसे बड़े कमाई के जरिए यानी तेल को बेचने में मुश्किलों का सामना करे।

इस प्रस्ताव को अब तक 100 में से 80 से ज्यादा सीनेटरों का समर्थन मिल चुका है, इसलिए इसके पास होने की संभावना काफी ज्यादा है।

उम्मीद है कि सितंबर में इस पर वोटिंग होगी। अगर यह पास हो गया तो राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह कानून बन जाएगा और रूस से तेल खरीदना बहुत महंगा पड़ जाएगा, जिससे रूस की आमदनी में बड़ी गिरावट आ सकती है।

# समलैंगिक जोड़े को सरेआम 80 कोड़े मारने की सजा

जकार्ता, 11 अगस्त (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के रूढ़िवादी अकेह प्रांत में एक शरिया अदालत ने समलैंगिक जोड़े को सार्वजनिक तौर पर कोड़े मारने की सजा सुनाई। सजा के तहत दोनों पुरुषों को यौन कृत्य में शामिल होने के लिए 80-80 कोड़े मारे जाएंगे। अकेह में शरिया कानून लागू है और समलैंगिक संबंधों की इजाजत नहीं है। अकेह की इस्लामी धार्मिक पुलिस ने आरोपी जोड़े को यौन कृत्य करते हुए पकड़ा और अब शरिया अदालत ने दोनों को सजा सुनाई है। अकेह की राजधानी बांदा में स्थित इस्लामी शरिया अदालत ने बंद दरवाजों के पीछे सुनवाई की। अगर मामला व्याभिचार से जुड़ा है तो शरिया अदालत को अधिकार है कि वह सुनवाई में लोगों की पहुंच को सीमित कर सकती है।

रिपोट्र्स के अनुसार, 20 और 21 साल के दो पुरुषों को अप्रैल में गिरफ़्तार किया गया था। दोनों बांदा के एक सार्वजनिक पार्क के शौचालय में साथ जाते देखे गए थे। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी इस्लामी धार्मिक पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शौचालय का दरवाजा तोड़ा तो कथित तौर पर दोनों आपत्तिजनक स्थिति में पाए गए थे। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। अकेह को मुस्लिम बहुल इंडोनेशिया के अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक रूढ़िवादी माना जाता है और यह एकमात्र राज्य है जहां इस्लामी शरिया कानून लागू है। सोमवार को अकेह की शरिया अदालत द्वारा दिया गया फैसला, समलैंगिकता के लिए सार्वजनिक रूप से कोड़े मारने की सजा का पांचवां मामला है। साल 2015 में अकेह में इस्लामी कानून लागू किए गए थे। इस्लामी कानून लागू करने के लिए अकेह में लंबे समय तक अलगाववादी विद्रोह हुआ। इस विद्रोह को खत्म करने के लिए इंडोनेशिया की सरकार ने अकेह को इस्लामी कानून लागू करने की रियायत दी थी।

# श्रीलंकाई सांसद बोले-भारत का मजाक मत उड़ाओ, वो हमारा दोस्त

## हमारे मुश्किल में उसने मदद की, ट्रम्प के टैरिफ के खिलाफ भारत का समर्थन किया

कोलंबो, 11 अगस्त (एजेंसियां)। श्रीलंका के सांसद हर्षा डी सिल्वा ने 50% टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत का समर्थन किया है। व्यापार मुद्दे पर भारत-अमेरिका में बढ़े तनाव पर बहस के दौरान श्रीलंका की संसद में हर्षा ने कहा कि हमारी सरकार भारत के साथ खड़े होने की बजाय मजाक कर रही है।

हर्षा ने कहा- 'भारत का मजाक मत उड़ाओ। जब हम मुश्किल में थे, तब केवल भारत ने हमारी मदद की थी। अभी खेल खत्म नहीं हुआ है। भारत को उम्मीद थी कि टैरिफ 15% तक कम होगा, और हमें भी यही उम्मीद थी।'

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर अपनी बात दोहराते हुए लिखा, 'मैंने सरकार को भारत का मजाक उड़ाने के लिए लताड़ा। भारत हमारा सच्चा दोस्त है, जिसने हमारे सबसे कठिन समय में हमारा साथ दिया। हमें उनके संघर्ष का सम्मान करना चाहिए, न कि उसका मजाक उड़ाना चाहिए। भारत का



साहस पूरे एशिया को प्रेरित करता है।'

**आर्थिक संकट के समय भारत ने श्रीलंका की मदद की**

श्रीलंका 2022 में खराब आर्थिक संकट से जूझ रहा था। श्रीलंका के पास विदेशी मुद्रा खत्म हो गई थी, जिसके कारण वह जरूरी सामान जैसे ईंधन, दवाइयां, और खाना आयात नहीं कर पा रहा था।

इस दौरान भारत ने श्रीलंका का साथ दिया था। भारत ने श्रीलंका को लगभग 5 अरब डॉलर की आर्थिक मदद दी, जिसमें 3.3 टन चिकित्सा सामग्री जैसे दवाइयां और जरूरी मेडिकल सामान शामिल थे।

इसके अलावा, भारत ने 400 मिलियन डॉलर की मुद्रा स्वैप दी, ताकि श्रीलंका को तुरंत पैसे की कमी से राहत मिले। भारत ने 3.1 अरब डॉलर का कर्ज भी दिया, जिससे श्रीलंका खाना, ईंधन और दवाइयां जैसी जरूरी चीजें खरीद सका। साथ ही, भारत ने पेट्रोलियम, ट्रेन, बसें और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए अनुदान और सामान भी दिया।

**श्रीलंका पर 20% टैरिफ**

अमेरिका ने श्रीलंका के सामानों पर 20% टैरिफ लगाया है, जो 7 अगस्त 2025 से लागू हो गया है। पहले अप्रैल 2025 में 44% टैरिफ की घोषणा की गई थी, जिसे बाद में जुलाई में 30% और फिर 31 जुलाई 2025 को 20% तक कम कर दिया गया।

यह कमी श्रीलंका की व्यापारिक वार्ताओं और अमेरिका के साथ व्यापार और सुरक्षा प्रतिबद्धताओं के बाद हुई। यह टैरिफ श्रीलंका के निर्यात, खासकर कपड़ा और रबर जैसे क्षेत्रों को प्रभावित करेगा, जो अमेरिका में सालाना करीब 3 अरब डॉलर का व्यापार करते हैं।

पूर्व अमेरिकी एनएसए बोले थे- ट्रम्प के टैरिफ का उल्टा असर

श्रीलंका के अलावा हर्षा डी सिल्वा अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने भी भारत पर ट्रम्प के 50% टैरिफ को गलत बताया था। बोल्टन ने 9 अगस्त को कहा था कि ट्रम्प की नीतियों से भारत, अमेरिका से दूर होता जा रहा है। उन्होंने भारत पर कुल 50% टैरिफ लगाने के फैसले को 'भारी भूल' बताया। बोल्टन ने आशंका जाहिर की है कि रूस को कमजोर करने के लिए भारत पर लगाया गया एक्स्ट्रा टैरिफ कहीं उल्टा न पड़ जाए।

# पीओके के गिलगित-बाल्टिस्तान में बाढ़ की तबाही

इस्लामाबाद, 11 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित क्षेत्र में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई हुई है। गिलगित बालटिस्तान के दान्योर नाला इलाके में रविवार रात हुए भूस्खलन में नौ लोगों की मौत की खबर है।

भूस्खलन की चपेट में आए लोग एक क्षतिग्रस्त नहर की मरम्मत के काम में जुटे थे। इसी दौरान मिट्टी का एक बड़ा ढेर मजदूरों पर गिर गया, जिसमें दबकर कई की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि घटना के बाद स्थानीय अस्पतालों में आपात स्थिति घोषित कर दी गई है और स्थानीय लोगों की मदद से बचाव अभियान चलाया जा रहा है। अस्पताल के अधिकारियों ने नौ लोगों की मौत की पुष्टि की है और आशंका जताई है कि अभी और लोग मलबे में फंसे हो सकते हैं। एक अन्य घटना में, बीते

## भूस्खलन में नौ लोगों की मौत

शुक्रवार को शिशपर ग्लेशियर से एक हिमनद झील में गिर गया, जिससे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अचानक बाढ़ आ गई। इस बाढ़ में पाकिस्तान को चीन से जोड़ने वाला कराकोरम राजमार्ग का एक हिस्सा बह गया। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, बाढ़ से सुरक्षा दीवार तबाह हो गई और बाढ़ का पानी खेतों में भर गया। साथ ही 50 से ज्यादा घर भी खतरे में आ गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि हसनाबाद नल्ला में साल 2018 के बाद ये सबसे भीषण बाढ़ आई है। बाढ़ से सिंचाई और पीने के पानी की व्यवस्था को नुकसान हुआ है।

इससे हजारों लोग पीने के पानी से भी मोहताज हो गए हैं। हुनजा के अलियाबाद और नजदीकी गांवों की बड़ी आबादी का मुख्य सड़क से कनेक्शन कट गया है।

# अमेरिकी नॉन-वेज दूध की वजह से भारत पर टैरिफ

## कनाडा में इस पर 300% तक टैरिफ, स्विट्जरलैंड कोरिया और आइसलैंड में भी एंट्री नहीं

वॉशिंगटन/नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका ने भारत पर सबसे ज्यादा कुल 50% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। दोनों देशों के बीच पिछले 4 महीने से ट्रेड डील पर बातचीत चल रही थी, जो नाकामयाब रही। इसके पीछे की बड़ी वजह भारत का कृषि और डेयरी के मामले में अमेरिका से समझौते से इनकार करना भी है।

हालांकि भारत समेत 5 देश ऐसे हैं, जिन्होंने ट्रम्प सरकार से कृषि और डेयरी को लेकर कोई समझौता नहीं किया। इन देशों में भारत, साउथ कोरिया, कनाडा, स्विट्जरलैंड और आइसलैंड जैसे देश शामिल हैं।

**भारत मांसाहारी गाय का दूध लेने को तैयार नहीं**

अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे



किसान लगे हुए हैं।

भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा, धार्मिक भावना भी जुड़ी हुई हैं।

अमेरिका में गायों को बेहतर पोषण के लिए जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) को उनके खाने में मिलाया जाता है। भारत ऐसी गायों के दूध को 'नॉन वेज मिल्क' यानी मांसाहारी दूध मानता है।

**भारत मॉडिफाइड फसलों पर पाबंदी हटाने के पक्ष में नहीं**

इसके साथ ही अमेरिका चाहता है कि गेहूं, चावल, सोयाबीन, मक्का और फलों जैसे सेब, अंगूर आदि को भारत के बाजार में कम टैक्स पर बेचा जा सके। वह चाहता है कि भारत इन पर अपनी इम्पोर्ट ड्यूटी को कम करे।

वहीं, भारत अपने किसानों की सुरक्षा के लिए इन पर हाई टैरिफ लगाता है, ताकि सस्ते आयात से भारतीय किसान प्रभावित न हों।

इसके अलावा, अमेरिका जीएमओ फसलों को भी भारत में बेचने की कोशिश करता रहा है, लेकिन भारत सरकार और किसान संगठन इसका कड़ा विरोध करते हैं।

**भारत में मॉडिफाइड फसलों का विरोध क्यों?**

जीन बदलकर बनाई गई फसल को जेनेटिकली मॉडिफाइड ऑर्गैनिज्म्स (जीएमओ ) कहते हैं। अमेरिका दुनिया में जीएमओ फसलों का सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है। भारत ने कपास के अलावा बाकी सभी मॉडिफाइड फसलों पर रोक लगा रखी है। ये मॉडिफाइड फसलें वैज्ञानिक तरीके से बनाई जाती हैं।

# फिलीपींस को धमकाने के चक्कर में चीन का बेड़ा गर्क

बीजिंग, 11 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण चीन सागर में चीन और फिलीपींस के बीच तनाव अब संघर्ष में बदलता नजर आ रहा है। सोमवार को एक फिलीपीनी नौका को खदेड़ने के दौरान चीनी तटरक्षक बल के दो जहाज आपस में टकरा गए। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है, हालांकि, चीन ने इस मुद्दे पर चुप्पी साध रखी है।

चीनी तटरक्षक बल ने कहा है कि उसने उसने दक्षिण चीन सागर में एक विवादित स्थल से फ़िलिपीनी जहाजों को खदेड़ने के लिए जरूरी कदम उठाए हैं।

हालांकि, इस दौरान जहाजों के टक्कर से संबंधित कोई जानकारी नहीं दी गई है। चीनी तटरक्षक बल के प्रवक्ता गान यू ने एक बयान में कहा कि चीनी तटरक्षक बल ने कई फिलिपीनी तटरक्षक बल और सरकारी जहाजों को वापस लौटने पर मजबूर कर दिया।

# अमेरिका की राजधानी से सभी बेघरों को हटाएंगे ट्रम्प

## कहा- कोई नरमी नहीं बरतूंगा, वॉशिंगटन डीसी का साफ-सुथरी रहना जरूरी

वॉशिंगटन, 11 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वॉशिंगटन डीसी में बेघर लोगों को तुरंत राजधानी खाली करने का आदेश है। उन्होंने कहा कि यह फैसला अपराध की समस्या से निपटने के लिए लिया जा रहा है।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया साइट ट्रुथ सोशल पर लिखा कि बेघर लोगों को 'तुरंत' राजधानी से बाहर जाना होगा। बेघरों को रहने की जगह दी जाएगी, लेकिन वह जगह राजधानी से काफी दूर होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अपराधियों को कहीं भेजने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उन्हें सीधे जेल में डाला जाएगा।

उन्होंने सोशल मीडिया पर तंबुओं और गंदगी की तस्वीरें शेयर करते हुए कहा कि अब 'मिस्टर नाइस गाय (नरमी बतरने)' का समय नहीं है। अब राजधानी वॉशिंगटन को वापस साफ और सुरक्षित बनाना होगा।

ट्रम्प ने पहले भी कहा था कि शहरों से बेघर लोगों को हटाकर बाहर की सस्ती जमीन पर 'अच्छी गुणवत्ता वाले' टेंट में बसाया जाएगा। यहां उन्हें शौचालय और डॉक्टर की सुविधा मिलेगी।

ट्रम्प ने 24 जुलाई को एक आदेश पर हस्ताक्षर किए थे जिससे बेघर लोगों को गिरफ्तार करना आसान हो गया है। पिछले हफ्ते ट्रम्प ने दावा किया था कि वॉशिंगटन में अपराध पूरी तरह से बेकाबू हो गया है।

इस वजह से उन्होंने 450 अधिकारियों को शहर में तैनात किया था। इसमें संघीय एजेंसियों जैसे पार्क पुलिस, डीईए, एफबीआई और यूएस मार्शल के अफसर शामिल थे। वॉशिंगटन डीसी की मेयर म्यूरियल बोसर ने ट्रम्प के दावों का विरोध करते हुए कहा कि पिछले दो साल में हिंसक अपराध को कम करके 30 साल के निचले स्तर पर लाया गया है। उन्होंने माना कि 2023 में अपराध बढ़ा था, लेकिन अब वैसी स्थिति नहीं है। उन्होंने व्हाइट हाउस के अधिकारी स्टीफन मिलर के उस बयान की भी आलोचना की जिसमें उन्होंने वाशिंगटन को 'बगदाद से भी ज्यादा हिंसक' कहा था, और इसे झूठा और बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया बताया।

वॉशिंगटन डीसी में हाल के महीनों में नस्लीय भेदभाव से जुड़े घृणा अपराधों में तेजी आई है। 9 अगस्त को बाल्टीमोर में हुई सामूहिक गोलीबारी में कम से कम 6 लोगों की मौत हुई, जिनमें एक बच्चा भी शामिल था।

उसी दिन न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में गोलीबारी की एक घटना हुई, जिसमें तीन लोग घायल हुए और आरोपी एक नाबालिग था। ये घटनाएं ऐसे समय हो रही हैं जब अमेरिका में आव्रजन के नियम सख्त किए जा रहे हैं और उल्लंघन करने वालों को गिरफ्तार करने की धमकी दी जा रही है।

# कोलंबियाई राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मिगुएल उरीबे की मौत

## चुनावी रैली के दौरान बनाया गया था निशाना

बोगोटा, 11 अगस्त (एजेंसियां)। कोलंबिया की राजनीति को हिला देने वाली घटना में, दक्षिणपंथी विपक्ष के संभावित राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और सीनेटर मिगुएल उरीबे की सोमवार को मौत हो गई। 39 वर्षीय उरीबे को 7 जून को राजधानी बोगोटा में एक चुनावी रैली के दौरान गोली मारी गई थी। उन्हें तीन गोलियां लगीं, जिनमें से दो सिर पर थीं।

कोलंबियाई पुलिस ने जुलाई में इस हमले के मामले में पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया था, जिनमें एक 15 वर्षीय नाबालिग शूटर भी शामिल है। पुलिस के अनुसार, इस हमले की योजना एल्डर जोस आर्तेआगा हर्नान्देज ने बनाई थी, जो लंबे आपराधिक रिकॉर्ड वाला अपराधी है और इंटरपोल की सूची में भी दर्ज है। हर्नान्देज ने हमले से पहले, हमले के दौरान और बाद की पूरी रणनीति तय की थी।

**हमले की साजिश और पैसों का सौदा**

कोलंबिया के रक्षा मंत्री पेद्रो सांचेज ने बताया कि हर्नान्देज ने इस हमले की सुपारी लगभग 2.5 लाख अमेरिकी डॉलर के बराबर रकम में दी थी। पुलिस के अनुसार, उसने शूटर को भर्ती किया और हथियार उपलब्ध कराए। इस घटना ने देश में सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर चुनावी रैलियों के दौरान नेताओं की सुरक्षा को लेकर।

मिगुएल उरीबे, डेमोक्रेटिक सेंटर पार्टी के सदस्य थे और उन्होंने अक्टूबर 2023 में 2026 के राष्ट्रपति चुनाव में उतरने का ऐलान किया था। वे कोलंबिया में दक्षिणपंथी राजनीति के उभरते चेहरे माने जाते थे। उनकी मौत से पार्टी और समर्थकों को बड़ा झटका लगा है। कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह हमला सिर्फ एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि कोलंबिया की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर हमला है।

पुलिस अभी भी मामले में गहराई से जांच कर रही है, ताकि हमले के सभी पहलुओं को उजागर किया जा सके। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इस घटना की निंदा की है और कोलंबिया से राजनीतिक हिंसा पर कड़ा रुख अपनाने की अपील की है।

# विदेशी अपराधियों को सजा मिलते ही देश वापस भेजेगा ब्रिटेन

## डिपोर्ट के बाद होगी अपील, सूची में भारत शामिल

लंदन, 11 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन ने विदेशी अपराधियों पर सख्ती बढ़ाते हुए अपनी 'डिपोर्ट नाऊ अपील लेटर' योजना का दायरा तीन गुना कर दिया है। इस नई सूची में भारत भी शामिल हो गया है, जिसके तहत अपराधियों को सजा मिलने के बाद अपील से पहले ही देश से बाहर भेज दिया जाएगा। यूके का कहना है कि यह कदम उनके इमीग्रेशन सिस्टम के दुरुपयोग को रोकने और सुरक्षा मजबूत करने के लिए उठाया गया है।

यूके होम ऑफिस के मुताबिक, पहले यह योजना केवल 8 देशों पर लागू थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 23 देशों तक कर दिया गया है। भारत के अलावा इस सूची में ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, केन्या, लेबनान, मलेशिया और कई अन्य देश शामिल किए गए हैं। इस योजना के तहत, अपराधियों को अपने देश से वीडियो लिंक के जरिए अपील करने का मौका मिलेगा, लेकिन वे यूके में रहकर यह प्रक्रिया नहीं कर पाएंगे।

ब्रिटेन की गृह मंत्री यवेट कूपर ने कहा कि लंबे समय से विदेशी अपराधी अपील प्रक्रिया खींचकर यूके में वर्षों तक रुक जाते हैं, जिससे टैक्सपेयर पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। अब इस सिस्टम में सुधार करते हुए स्पष्ट संदेश दिया जा रहा है कि कानून का सम्मान होना चाहिए और अपराधियों को तुरंत उनके देश भेजा जाएगा। विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कहा कि इस योजना से सड़कों को सुरक्षित बनाने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग मजबूत करने में मदद मिलेगी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई 2024 से अब तक करीब 5,200 विदेशी नागरिकों को यूके से निकाला गया है, जो पिछले साल की तुलना में 14% अधिक है। नए कानून के तहत, अधिकांश विदेशी अपराधियों को अब केवल 30% सजा काटने के बाद ही देश से बाहर भेजा जा सकेगा। आतंकवादियों, हत्यारों और उम्रकैद की सजा भुगत रहे अपराधियों पर यह नियम लागू नहीं होगा। यूके सरकार ने पांच मिलियन पाउंड खर्च कर 80 जेलों में विशेषज्ञ स्टाफ की तैनाती की है, ताकि तेजी से अपराधियों को निकाला जा सके।



# जनसुनवाई में बोले सीएम- समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

## कई मामलों में मौके पर मिली राहत

जयपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित नियमित जनसुनवाई में कहा कि जन आकांक्षाओं की पूर्ति और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण ही उनकी सरकार के सुराज का केन्द्र बिंदु है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की प्रत्येक परेशानी का समय पर समाधान किया जाए और उसका फॉलोअप भी सुनिश्चित हो।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनता से जुड़े कामों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो कार्मिक लापरवाही बरतेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं के निस्तारण के साथ-साथ परिवादियों को उसकी प्रगति की जानकारी भी दी जाए।



जनसुनवाई में आए कई लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। गरीब, किसान, महिलाएं, युवा, दिव्यांग और बुजुर्गों को प्राथमिकता देते हुए उनकी शिकायतों का निपटारा किया गया। बीकानेर से आए विशेष योग्यजन जगदीश प्रसाद ने धार्मिक स्थलों की यात्रा की इच्छा जताई लेकिन आर्थिक तंगी का जिक्र किया। इस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल अधिकारियों को निर्देश देकर निःशुल्क धार्मिक यात्रा की व्यवस्था कराई, जिस पर जगदीश ने आभार व्यक्त किया।

इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, गृह, राजस्व, सिंचाई, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल और ऊर्जा विभागों से जुड़ी शिकायतें भी सुनी गईं और कई मामलों में तत्काल राहत प्रदान की गई।

# मुख्यमंत्री कार्यालय को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी, गहन तलाशी शुरू

## आरोपी को पकड़ा

जयपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान की राजधानी जयपुर में एक बार फिर मुख्यमंत्री कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी ने सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासन में हड़कंप मचा दिया है। अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर यह धमकी दी, जिसके बाद अशोक नगर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।

सूचना मिलते ही अशोक नगर थानाधिकारी के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस बल, फायर ब्रिगेड, और एंबुलेंस सीएमओ पहुंचे।

पुलिस ने पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। वहीं, पुलिस ने बताया- फोन करने वाले युवक को डिटेन कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। खबर के मुताबिक आरोपी को पकड़ लिया गया है, उसे मानसिक रोगी बताया जा रहा है।



बता दें, यह पहली बार नहीं है जब सीएमओ को इस तरह की धमकी मिली हो। इससे पहले भी कई बार मुख्यमंत्री कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं।

इसके अलावा, जयपुर में स्कूलों, सवाई मानसिंह स्टेडियम, मेट्रो स्टेशन, और अन्य सार्वजनिक स्थानों को भी 2025 में कई बार ऐसी धमकियां मिल चुकी हैं, जो ज्यादातर झूठी साबित हुई हैं।

पुलिस ने सीएमओ परिसर और आसपास के इलाकों में गहन तलाशी अभियान शुरू किया है। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड को भी तैनात किया गया है। फिलहाल, कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां किसी भी जोखिम से बचने के लिए सतर्क हैं।

# हाईकोर्ट ने आसाराम को फिर से दी अंतरिम जमानत



जोधपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात और राजस्थान में नाबालिग से रेप के मामलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 86 वर्षीय आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट ने एक बार फिर राहत दी है। हाईकोर्ट ने उनकी स्वास्थ्य स्थिति को आधार मानते हुए उनकी अंतरिम जमानत को 29 अगस्त 2025 तक बढ़ा दिया है। यह फैसला 8 अगस्त को दायर की गई उनकी अपील पर सुनवाई के बाद लिया गया। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट ने भी स्वास्थ्य कारणों से उनकी अंतरिम जमानत को इसी तारीख तक बढ़ाया था।

**मेडिकल रिपोर्ट्स पर कोर्ट का फैसला**

आसाराम की ओर से उनके वकील निशांत बोड़ा ने हाल की मेडिकल रिपोर्ट्स कोर्ट में पेश की थीं। इन रिपोर्ट्स में उनकी गंभीर स्वास्थ्य स्थिति का हवाला दिया गया था। कोर्ट ने इन दस्तावेजों का अध्ययन करने के बाद अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया।

आसाराम वर्तमान में इंदौर के जूपिटर हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती हैं। गुजरात हाईकोर्ट के पिछले आदेश में सामने आया था कि उनके खून में 'ट्रोपोनिन लेवल' असामान्य रूप से उच्च है, जो हृदय से संबंधित गंभीर समस्याओं का संकेत देता है। उनके इलाज कर रहे चिकित्सकों ने उनकी स्थिति को क्रिटिकल बताया है।

**डॉक्टरों का पैनल गठित करने का आदेश**

राजस्थान हाईकोर्ट के जज दिनेश मेहता और विनीत कुमार माथुर की खंडपीठ ने आसाराम की स्वास्थ्य स्थिति की गहन जांच के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने अहमदाबाद के सरकारी अस्पताल में एक विशेषज्ञ चिकित्सक पैनल गठित करने का आदेश दिया है, जिसमें दो हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट) शामिल होंगे।

यह पैनल आसाराम की बताई गई बीमारियों, खास तौर पर हृदय संबंधी समस्याओं की विस्तृत जांच करेगा। कोर्ट ने विशेष रूप से 'ट्रोपोनिन' की उच्च मात्रा पर ध्यान देने को कहा है, क्योंकि यह हृदय के लिए खतरनाक हो सकता है। इस पैनल को अपनी जांच पूरी कर जल्द से जल्द कोर्ट को विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

**आजीवन कारावास की मिली है सजा**

आसाराम को 2018 में जोधपुर की एक विशेष अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराया था और आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके अलावा, गुजरात में भी एक अन्य दुष्कर्म मामले में उन्हें सजा सुनाई गई थी। इन मामलों में उनकी सजा को चुनौती देने वाली याचिकाएं विभिन्न अदालतों में लंबित हैं। हालांकि, उनकी खराब स्वास्थ्य स्थिति के कारण बार-बार अंतरिम जमानत की मांग की जा रही है, जिसे कोर्ट ने समय-समय पर मंजूर किया है।

# जोजरी बचाओ आंदोलन

## प्रदूषित पानी के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना

बालोतरा, 11 अगस्त (एजेंसियां)। जोधपुर की औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला रासायनिक और दूषित पानी लगातार बालोतरा जिले में तबाही मचा रहा है। इस गंभीर मुद्दे पर अब जनआंदोलन का बिगुल बज चुका है। ग्रामीणों ने घोषणा की है कि 11 अगस्त से डोली टोल प्लाजा के पास अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। आंदोलन में बड़ी संख्या में किसान, आमजन, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

आंदोलन के मुख्य सूत्रधार आरएलपी नेता थानसिंह डोली ने बताया कि 14 अगस्त को नागौर सांसद एवं आरएलपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल विशेष रूप से इस धरने में शामिल होंगे। उनके आगमन से आंदोलन को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। थानसिंह डोली के अनुसार 2008 से बरसात के मौसम में जोधपुर से भारी मात्रा में रासायन युक्त पानी छोड़ा जाता है, जो जोजरी नदी के जरिए धवा, डोली, कल्याणपुर समेत कई गांवों तक पहुंचता है। यह दूषित पानी खेतों, घरों और यहां तक कि स्कूलों में भर जाता है, जिससे ग्रामीणों के जीवन पर गंभीर असर पड़ता है।

उन्होंने याद दिलाया कि ग्रामीण वर्षों से इस समस्या के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। कई बार धरना-प्रदर्शन, सड़क जाम और हाल ही में नेशनल हाईवे अवरोधन भी किया गया लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के आश्वासन केवल कागजों तक सीमित रह गए। डोली ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक दल का निजी एजेंडा नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण, जीव-जंतु और मानवता की रक्षा के लिए जनयुद्ध है। उन्होंने सभी नागरिकों, किसानों और युवाओं से अपील की कि वे राजनीति से ऊपर उठकर इस मुहिम में शामिल हों, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

आरएलपी सांसद हनुमान बेनीवाल के नेतृत्व में 14 अगस्त को होने वाले जोजरी बचाओ आंदोलन में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक प्रदूषित पानी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो जाता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

# प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण कुमार जानू ने अपनी ही पार्टी पर साधा निशाना

## छह साल के लिए निष्कासित

झुंझुनू, 11 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण कुमार जानू को पार्टी से 6 साल के लिए निकाल दिया गया है। यह कार्रवाई भाजपा की प्रदेश अनुशासन समिति द्वारा की गई है। जानू पर पार्टी के अनुशासन तोड़ने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। अनुशासन समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जानू को 20 जून को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसमें उनसे पार्टी विरोधी गतिविधियों और बयानों को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया था। तय समय सीमा में जानू की ओर से संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। इसके बाद समिति ने कार्रवाई कर दी।

**पार्टी के खिलाफ कर रहे थे पोस्ट**

नोटिस जारी होने के बाद कृष्ण कुमार जानू लगातार सोशल मीडिया पर पार्टी लाइन से हटकर पोस्ट करते हुए संगठन पर सवाल उठा रहे थे। जानू ने कहा, मुझे राजेंद्र राठौड़ के बयान के बाद ही इशारा मिल गया था, लेकिन पार्टी के अंदर हो या बाहर हो, मैं सवाल उठाता रहूंगा। दरअसल प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण कुमार जानू ने फेसबुक पर भाजपा जिलाध्यक्ष पद पर जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि की नियुक्ति के बाद एक पोस्ट किया था। इसके बाद सियासी बवाल मच गया था।



**फेसबुक पर किया था पोस्ट**

इस पोस्ट में प्रदेश भाजपा प्रवक्ता कृष्ण कुमार जानू ने जिलाध्यक्ष की दौड़ में शामिल 6 भाजपा नेताओं ओमेंद्र चारण, दिनेश धाबाई, विक्रम सैनी, विकास लोटिया, सरजीत चौधरी और योगेंद्र मिश्रा के नाम लिखकर पूछा था कि झुंझुनूं जिलाध्यक्ष की ऐसी कौन सी योग्यताएं थीं, जो आप पूरी नहीं कर रहे थे और जिनका नॉमिनेशन किया गया है वह आप सबसे से ज्यादा योग्य हैं क्या? हम सब कार्यकर्ताओं को यह बात मान लेनी चाहिए।

**कृष्ण कुमार को नोटिस**

इसी पोस्ट में कृष्ण कुमार जानू ने आगे लिखा कि प्रदेश नेतृत्व जिला अध्यक्ष नियुक्त करने से पहले कौन सी योग्यताओं का अवलोकन करता है? अगर महिला कोटे में भी अध्यक्ष बनना था तो सर्वश्रेष्ठ और योग्यतम कार्यकर्ता यही थे क्या? इस पोस्ट पर अलग-अलग कमेंट के जरिए भाजपा की फजीहत हो रही थी। जिसके बाद आज भाजपा की प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने कृष्ण कुमार जानू को नोटिस दिया है।

**बीजेपी नेता से मांग था स्पष्टीकरण**

नोटिस में ओंकार सिंह लखावत ने लिखा है कि कृष्ण कुमार जानू के खिलाफ आरोप है कि उन्होंने समय-समय पर पार्टी की रीति-नीति और निर्णयों के खिलाफ सार्वजनिक रूप से अपनी टिप्पणियां की हैं। इसी नोटिस में आगे लिखा है कि कृष्ण कुमार जानू ने भाजपा झुंझुनूं जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि की नियुक्ति के संबंध में सार्वजनिक रूप से टिप्पणी की है, जो पार्टी के अनुशासनहीनता की परिभाषा में आता है। इसलिए कृष्ण कुमार जानू से कहा गया है कि वे अपना इस संदर्भ में स्पष्टीकरण लखावत के पत्र प्राप्ति के सात दिन के अंदर अंदर प्रस्तुत कर दें।

# पूर्व सीएम के पीएसओ ने मोटी रकम देकर खरीदा था पेपर

## पुलिस लाइन से भागे एसआई की तलाश जारी

जयपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पीएसओ राजकुमार ने बेटे के लिए मोटी रकम देकर पेपर खरीदा था। सूत्रों के अनुसार राजकुमार पूर्व में भी एक मंत्री का पीएसओ रह चुका है।

वर्ष 2008 में उक्त मंत्री के विधानसभा क्षेत्र के लाइजनिंग अधिकारी कुंदन पाण्ड्या से उसकी मुलाकात हुई थी। कुंदन की बाबूलाल कटारा (पूर्व आरपीएससी सदस्य) से पहचान थी, जिससे पेपर मिलने की जानकारी राजकुमार को थी। उसने कुंदन से बेटे भरत के लिए सौदा तय किया। रकम कितनी दी गई, इस संबंध में एसओजी पूछताछ कर रही है।

सीकर पुलिस लाइन से भागे एसआइ रविन्द्र की तलाश जारी

पेपर लेने के बाद एसआइ बने रविन्द्र को राजकुमार ने पेपर उपलब्ध कराया था। रविन्द्र सीकर पुलिस लाइन से भागने के बाद लगातार ठिकाने बदल रहा है और एसओजी उसकी तलाश कर रही है।

**गिरफ्तार एसआइ सत्येन्द्र भी रह चुका विधायक का पीएसओ**

पेपर लीक मामले में गिरफ्तार एसआइ सत्येन्द्र यादव भी 2014 से 2023 तक एक मंत्री के आवास पर गार्ड, अन्य मंत्री और एक विधायक का पीएसओ रह चुका है। बाद में उसका चयन एसआइ में हुआ था।

# फर्जीवाड़ा करके बने सरकारी टीचर

## एसओजी ने 123 पर केस दर्ज की, नियुक्ति रद्द करने के आदेश

जयपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं में फर्जीवाड़े के मामले लगातार सामने आते जा रहे हैं। रीट परीक्षा में बड़ी संख्या में फर्जी प्रमाण पत्रों के साथ परीक्षा देने और सरकारी नौकरी हासिल करने की जानकारी सामने आई है, जिसके चलते फर्जी डॉक्यूमेंट से 123 लोग सरकारी टीचर बन गए। अब स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने इन शिक्षकों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र का मामला दर्ज किया है। शिक्षा निदेशालय ने सभी जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर इन 123 अभ्यर्थियों की सेवाएं तत्काल समाप्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही इनसे अब तक मिली वेतन राशि की रिकवरी का भी आदेश हुआ है। विभाग का कहना है कि रिकवरी की प्रक्रिया तेज की जाएगी ताकि सरकारी खजाने को हुए नुकसान की भरपाई हो सके।

एसओजी की जांच में डमी कैंडिडेट बैठाने के साथ-साथ फोटो, हस्ताक्षर और रीट प्रमाण पत्रों में गड़बड़ी पाई गई है। राज्य सरकार ने पिछले साल सभी विभागों को निर्देश दिया था कि वे साल 2019 से 2024 के बीच नियुक्त हुए कर्मचारियों की शैक्षणिक योग्यता, आवेदन पत्र, फोटो और हस्ताक्षरों का मिलान करते हुए वेरिफिकेशन करें। इसके बाद प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर ने संभाग स्तर पर 4 सदस्यीय जांच समितियां गठित कीं। इन समितियों ने बीकानेर, चूरू, जयपुर, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, भरतपुर और पाली संभाग से प्राप्त जांच रिपोर्टों के आधार पर इन शिक्षकों की भर्ती में गंभीर अनियमितताएं पाईं।

जांच में शैक्षणिक दस्तावेज और रीट प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए। इनमें सिग्नेचर और रीट सर्टिफिकेट में भी गड़बड़ी पाई गई। जांच रिपोर्ट के अनुसार कई कैंडिडेट ने अध्यापक परीक्षा (लेवल 1 और 2) 2018 और 2022 में फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए। कुछ मामलों में डमी कैंडिडेट को परीक्षा में बैठाया गया।

हस्ताक्षर और रीट सर्टिफिकेट में विसंगतियां सामने आईं। उदाहरण के तौर पर टीचर देशराज (पाली), हिमांशु मित्तल (जालौर) व जितेंद्र सिंह (जालौर) के फोटो और हस्ताक्षर आवेदन पत्रों से मेल नहीं खाए, वहीं कुछ मामलों में डिग्री और रीट प्रमाण पत्र पूरी तरह संदिग्ध पाए गए।

यह भी खुलासा हुआ है कि सबसे ज्यादा संदिग्ध शिक्षक जालौर जिले से सामने आए हैं। इनमें लोकेश कुमार साउ (दुधा की बेरी), रेखा मीणा (जीतपुरा), रुचिका शर्मा (पावली), प्रकाश भादू (कोलियां की बेरी) सहित अन्य लोग शामिल हैं।

इनमें से कुछ 2016 और 2021 की भर्तियों में चयनित हुए थे और वर्तमान में विभिन्न स्कूलों में कार्यरत हैं। एसओजी ने 123 शिक्षकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में इस प्रकार के और भी नाम सामने आने की संभावना है।

# पत्नी का गला काटकर मारा

## पुलिस को चकमा देने के लिए खुद को किया घायल

अजमेर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। अजमेर जिले में पत्नी की गला रेतकर हत्या के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। शुरुआत में इसे अज्ञात लुटेरों की वारदात बताया जा रहा था, लेकिन पुलिस जांच में सामने आया कि इस हत्या के पीछे कोई लुटेरे नहीं, बल्कि महिला का अपना पति ही था। आरोपी पति का नाम रोहित सैनी है, जो भाजपा सिलोरा मंडल का महामंत्री भी है। पुलिस के अनुसार मृतका संजू और उसके पति रोहित के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते रोहित ने अपने एक साथी के साथ मिलकर पत्नी की हत्या की साजिश रची। वारदात को लूट जैसा दिखाने के लिए उसने मौके पर चाकू, ज्वेलरी और अन्य सामान छोड़ दिया। घटना के दिन राखी बांधकर पीहर से लौटते समय पति-पत्नी बाइक पर सवार थे। रास्ते में प्लान के तहत रोहित ने पत्नी पर हमला किया और खुद को भी घायल कर लिया, ताकि पुलिस को भ्रमित कर सके। उसने कहानी गढ़ी कि बाइक सवार बदमाशों ने लूट के इरादे से उनकी पत्नी के गले से आभूषण छीनने की कोशिश की और उसका गला काट दिया। हालांकि, पुलिस की कड़ी पूछताछ में रोहित ने सच्चाई कबूल कर ली। फिलहाल उसके साथी की तलाश जारी है।यह मामला सामने आने के बाद राजनीति में भी तूफान मच गया। कांग्रेस ने कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोला। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। चाहे आम हो या खास, कोई भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर आरोप लगाया कि वे गृह मंत्री होते हुए भी जिम्मेदारी नहीं ले रहे हैं और जनता असुरक्षित महसूस कर रही है।

### तालाब में डूबने से एक ही परिवार के 3 चचेरे भाइयों की मौत

टोंक, 11 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के टोंक जिले में तालाब में डूबने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई। डिग्गी थानाधिकारी हरिमन मीणा के मुताबिक पीपलू उपखंड क्षेत्र में चौगाई ग्राम पंचायत के सौंधीफल निवासी अंकेश बैरवा (15) अपनी भैंसों को निकालने के लिए तालाब में उतरा था, तभी वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के लिए सुनील बैरवा (15) और विकास बैरवा (14) भी तालाब में कूद गए, लेकिन उन्हें तैरना नहीं आता था, जिसकी वजह से तीनों की मौत हो गई। हादसे की सूचना ग्राम पंचायत प्रशासक दुर्गा नरेंद्र सिंह को दी गई। जिन्होंने डिग्गी थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शवों को तालाब से बाहर निकाला। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए पीपलू सामुदायिक अस्पताल लाया गया। पुलिस ने बताया कि अंकेश, विकास और सुनील तीनों 10वीं कक्षा के छात्र थे।

### युवक की हत्या के 4 आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। उदयपुर के फलासिया थाना क्षेत्र में 7 अगस्त को हुए युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। इस हत्याकांड में शामिल चार वयस्क आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि पांच नाबालिगों को डिटेन किया गया है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी अश्विन ने पूछताछ में बदले की भावना से हत्या करने की बात स्वीकार की है।

### दंपति ने पंखे पर फंदा लगा की आत्महत्या

झालावाड़, 11 अगस्त (एजेंसियां)। झालावाड़ के सुनेल के घाणा चौक के समीप पाटलिया मोहल्ला निवासी एक दंपति ने अपनी बीमारी के चलते घर के कमरे में पंखे पर फंदा लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस को मौके पर एक सुसाइड नोट मिला जिसमें वजह लिखी थी। मृतक के पुत्र जगदीश धाकड़ ने बताया कि सोमवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे जब वह उठकर आया तो कमरे में उसके पिता लालचंद धाकड़ (65 वर्ष) और माता सीता बाई (60 वर्ष) दोनों ही पंखे पर झूल रहे थे। वह तुरंत आस-पास के लोगों को बुलाकर लाया। सभी मिलकर दोनों को नीचे उतारा। फिर तेजी के साथ सुनेल चिकित्सालय लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर आई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया। वहीं थानाधिकारी विष्णु सिंह मय जाप्ता भी मौके पर पहुंचे।

### सरकारी नौकरी के लिए फर्जी तलाक का खेल

#### आरएसएसबी अध्यक्ष ने लिया सख्त एक्शन का फैसला

जयपुर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान की सरकारी भर्तियों में गड़बड़ियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। एक ओर रीट परीक्षा से बने 123 शिक्षकों पर फर्जीवाड़े का शिकंजा कसा जा रहा है, तो दूसरी ओर आरक्षण के 'तलाकशुदा कोटे' में कागजों पर टूटे रिश्ते, असल में एकजुट जिंदगियां सामने आ रहे हैं। एसओजी और भर्ती बोर्ड की जांचों ने यह साफ कर दिया है कि कागजी खेल, डमी उम्मीदवार और झूठे दस्तावेज, सरकारी नौकरियों की साख पर गहरे दाग छोड़ रहे हैं।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने खुलासा किया है कि तलाकशुदा महिलाओं के लिए आरक्षित 2 प्रतिशत कोटे का दुरुपयोग हो रहा है। शिकायतों के अनुसार, कुछ महिलाएं, सरकारी नौकरी पाने के लिए फर्जी तलाक लेकर कोटे से चयन करा रही हैं और नौकरी लगते ही फिर से पति के साथ रहने लगती हैं।

अब तक ऐसे 12 से ज्यादा मामलों की आंतरिक जांच शुरू हो चुकी है, जिनके पूरे होने पर फाइलें एसओजी को भेजी जाएंगी। बोर्ड के मुताबिक, इस कोटे की कटऑफ अन्य श्रेणियों से कम होने के कारण फर्जीवाड़े का लालच बढ़ रहा है और असली तलाकशुदा महिलाएं चयन से वंचित हो रही हैं।

# केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने समन्वय प्लेटफॉर्म और साइबर कमांडो कार्यक्रम पर समीक्षा बैठक की



नई दिल्ली, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार ने गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) द्वारा शुरू किए गए समन्वय प्लेटफ़ॉर्म और साइबर कमांडो कार्यक्रम पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। समन्वय प्लेटफ़ॉर्म विभिन्न राज्य पुलिस एजेंसियों की समन्वय आवश्यकताओं को पूरा करता है। इसका प्रतिबिम्ब मॉड्यूल देश भर के पुलिस थानों को संदिग्ध अपराधियों के सटीक स्थान और साइबर अपराधियों द्वारा उपयोग किए जाने वाले बैंकिंग और दूरसंचार संसाधनों का विवरण प्रदान करता है।

साइबर अपराध अंतरराज्यीय सहायता अनुरोध मॉड्यूल साइबर अपराध के मामलों में पुलिस स्टेशन-दर-पुलिस स्टेशन सीधा सहयोग प्रदान करता है। यह प्लेटफ़ॉर्म जिला पुलिस अधीक्षकों को आपराधिक उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाने वाले सिम कार्ड और उपकरणों को तुरंत ब्लॉक करने का अधिकार भी देता है। इसका बैंकिंग मॉड्यूल जाँच अधिकारियों को सीसीटीवी फुटेज और बैंक स्टेटमेंट का शीघ्रता से अनुरोध करने और प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है। तकनीकी-कानूनी सहायता सेवा जटिल मामलों को संभालने के लिए जांच उपकरण और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करती है। प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित साइबर कमांडो कार्यक्रम का उद्देश्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय पुलिस संगठनों में पुलिस अधिकारियों का एक उच्च कुशल संवर्ग तैयार करना है जो आईटी अवसंरचना की रक्षा करने, साइबर घटनाओं का जवाब देने और उन्नत डिजिटल फोरेंसिक जाँच करने में सक्षम हों। राष्ट्रीय पुलिस विश्वविद्यालय, आईआईटी, आईआईआईटी, डीआईएटी और आरआरयू में प्रशिक्षित 407 साइबर कमांडो का पहला बैच पहले ही तैनात किया जा चुका है। इस वर्ष के अंत में एक बड़े बैच का प्रशिक्षण शुरू होने वाला है। वर्तमान में, कार्य-संचालन नियमावली और निरंतर कार्यभार, प्रतिक्रिया, प्रशिक्षण और समन्वय के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म विकसित किया जा रहा है। गृह राज्य मंत्री ने आई4सी की पहलों की सराहना की और निर्देश दिया कि नागरिक सभी प्रयासों के केंद्र में रहें।

उन्होंने गृह मंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में संगठन के कार्यों को जनता तक पहुंचाने और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर, विशेष रूप से स्थानीय भाषाओं में, बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियानों के माध्यम से निवारक उपायों को बढ़ाने के महत्व पर बल दिया।

# सीरवी समाज कोरेमुला का वार्षिक सम्मेलन 24 से



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कोरेमुला स्थित सीरवी समाज की आस्था के केन्द्र श्री आईमाता मंदिर में समाज बन्धुओं के सान्निध्य में श्री आईमाताजी के 610वें अवतरण दिवस ग्यारवां वार्षिक सम्मेलन के तहत आगामी 24 व 25 अगस्त को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 24 अगस्त को रात्रि जागरण व सोमवार 25 अगस्त को पूजा-अर्चना व महाप्रसादी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संरक्षक प्रभुराम परिहारिया, अध्यक्ष कालूराम काग, सचिव डायाराम लचेटा ने बताया कि समाज बन्धुओं के सान्निध्य में दो दिवसीय भादवा सुदी बीज महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके तहत 24 अगस्त को श्री आईमाता मंदिर को विशेष फूलों व लाइटिंग से सजाकर माई का विशेष श्रृंगारकर किया जाएगा।

रात 9.11 बजे से जागरण होगा, जिसमें पुखराज सैणचा एण्ड पार्टी (राजस्थान) भजन प्रस्तुत करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर 3.15 से रात 8.30 बजे तक होंगे। सोमवार, 25 अगस्त को सुबह 9.15 बजे ज्योत प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना, स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समाज के बाल कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम सुबह 10 बजे से धर्मसभा का आयोजन कर कालूराम काग की अध्यक्षता में मुख्य अतिथियों, पधारे मेहमानों का स्वागत किया जाएगा। अवसर पर समाज बन्धुओं व भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था मंदिर प्रांगण में रहेगी। समाजबंधुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया गया है।

# 'संस्कृत' भारत के गौरवशाली अतीत और असीम भविष्य के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु : राज्यपाल

## राजभवन में संस्कृत दिवस मनाया गया



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने सोमवार को संस्कृत अकादमी के सहयोग से राजभवन सामुदायिक भवन, संस्कृत में संस्कृत दिवस मनाया।

इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित विद्वानों, शिक्षाविदों और विभिन्न गुरुकुलों के छात्रों ने परंपरा और युवा भागीदारी का जीवंत संगम देखा। इस अवसर पर बोलते हुए, राज्यपाल ने संस्कृत को राष्ट्र की आत्मा बताया। उन्होंने इसकी शुद्धता, सार्वभौमिकता और वैश्विक ज्ञान में अपार योगदान की प्रशंसा की और कहा कि इसने हजारों वर्षों से भारतीय कला, दर्शन, विज्ञान, चिकित्सा, साहित्य और शासन को आकार दिया है। इसकी निरंतर प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कहा कि संस्कृत कृत्रिम बुद्धिमत्ता और कोडिंग जैसे आधुनिक क्षेत्रों को भी प्रेरित करती है। राज्यपाल ने पाणिनि, आचार्य कणाद, भास्कराचार्य, ब्रह्मगुप्त और कौटिल्य जैसे महान विद्वानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और इस भाषा की शुद्धता को ज्ञान के साधकों के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति बताया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उल्लेख करते हुए, उन्होंने संस्कृत को "भारत के गौरवशाली अतीत और असीम भविष्य के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु" बताया और युवाओं से आग्रह किया कि वे इसे केवल कर्मकांडों की भाषा के रूप में न देखें, बल्कि एक लोकभाषा- एक जनभाषा के रूप में देखें जो समाज को ज्ञान, करुणा और संकल्प की ओर ले जा सके। समारोह में अमृत विद्यालय, सिकंदराबाद और जीवा गुरुकुलम, कुकटपल्ली द्वारा भगवद् गीता पाठ दयानंद गुरुकुलम, हैदराबाद द्वारा अष्टाध्यायी पाठ वेदपाठशाला, जुबली हिल्स द्वारा पाणिनीय शिक्षा पाठ की उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियां हुईं। राज्यपाल ने संस्कृत अकादमी के निदेशक प्रो. पेन्ना मधुसूदन को भाषा के प्रचार-प्रसार में उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और आयोजन टीम के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में उस्मानिया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कुमार मोलुगरम, संस्कृत अकादमी के पूर्व निदेशक प्रो.के. नीलकंठम, राज्यपाल के संयुक्त सचिव जे. भवानी शंकर और राजभवन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

# सरकार ने 5 महीने से भी कम समय में पार कर ली छमाही उधारी सीमा



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के बढ़ते राजकोषीय दबाव का एक स्पष्ट संकेत यह है कि तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने वित्तीय वर्ष के साढ़े चार महीने से भी कम समय में अपने वार्षिक बाजार उधारी लक्ष्य का आधा आंकड़ा पार कर लिया है। मंगलवार को लिए गए नवीनतम बाजार उधार के साथ, इस वित्तीय वर्ष के दौरान आरबीआई से कुल बाजार उधारी 31,900 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है, जो पूरे वर्ष के लिए राज्य के बजट में अनुमानित 54,009 करोड़ रुपये के 59 प्रतिशत से अधिक है। रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार ने इस हफ़्ते भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) की सिक्योरिटी बॉन्ड नीलामी में हिस्सा लेकर 1,000 करोड़ रुपये का एक और ऋण हासिल किया। 7.19 प्रतिशत की ब्याज दर पर 35 साल की अवधि के लिए उधार ली गई यह राशि बढ़ते कर्ज़ के ढेर में और इज़ाफ़ा करती है।

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, राज्य ने अकेले 2024-25 की पहली तिमाही में 17,400 करोड़ रुपये उधार लिए। दूसरी तिमाही में, सरकार ने 12,000 करोड़ रुपये के नए ऋणों की मंज़ूरी मांगी, लेकिन 11 अगस्त तक 14,500 करोड़ रुपये जुटाए थे, जिसमें जुलाई में 8,500 करोड़ रुपये और अगस्त में अब तक 6,000 करोड़ रुपये शामिल हैं, जिससे कुल उधारी 31,900 करोड़ रुपये हो गई। राजकोषीय विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि शुरूआती वर्षों में इस तरह की आक्रामक उधारी सरकार के वित्तीय लचीलेपन को बाद में सीमित कर सकती है, खासकर अगर राजस्व लक्ष्य से पीछे रहता है।

विपक्षी दलों की आलोचना के बीच भारी उधारी का दौर जारी है कि कांग्रेस सरकार बिना किसी स्पष्ट आर्थिक विकास रणनीति और बिना किसी नई परियोजना को शुरू किए, ऋण-वित्तपोषित खर्च को प्राथमिकता दे रही है।

# सीरवी समाज कोरेमुला बडेर में जन्माष्टमी 16 को

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सीरवी समाज कोरेमुला बडेर में जन्माष्टमी का आयोजन 16 अगस्त को किया जाएगा। कोरेमुला बडेर के संरक्षक प्रभुराम परिहारिया अध्यक्ष कालुराम काग सचिव डायाराम लचेटा ने बताया कि भगवान कृष्ण के जन्म की खुशी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सांय 7 बजे को भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना की जाएगी, इसके अलावा भजन-कीर्तन, रात्रि में 12.05 कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव झूला झुलाया जाएगा। प्रसादी वितरण भी होगा।

# किसी भी समस्या का समाधान बातचीत से हो सकता है : सिनेमैटोग्राफी मंत्री

## हम हैदराबाद को फिल्म हब बनाने जा रहे हैं : कोमटि रेड्डी वेंकट रेड्डी



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के सड़क, भवन और सिनेमैटोग्राफी मंत्री कोमटि रेड्डी वेंकट रेड्डी ने आज सचिवालय में फिल्म निर्माताओं और विभिन्न फिल्म संघों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की। मंत्री ने विभिन्न संघों के सदस्यों से लंबित मुद्दों को सुलझाने में सरकार के साथ सहयोग करने का अनुरोध किया क्योंकि राज्य में फिल्म कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शूटिंग रुकी हुई है। मंत्री ने कहा कि फिल्म कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए एक समिति का गठन किया जाएगा और यह समिति सभी पक्षों के साथ चर्चा करेगी और समस्याओं के समाधान के लिए कदम उठाएगी। मंत्री ने उम्मीद जताई कि बुधवार से शूटिंग फिर से शुरू हो जाएगी। मंत्री ने हैदराबाद को एक वैश्विक फिल्म केंद्र के रूप में विकसित करने के सरकार के लक्ष्य को दोहराया। उन्होंने कहा कि सरकार फिल्म और मनोरंजन क्षेत्र में हैदराबाद की ब्रांड छवि को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य में कई खूबसूरत जगहें हैं, इसलिए इनका इस्तेमाल बेहतरीन फिल्म शूटिंग स्थलों के रूप में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल स्थानीय लोगों की आय बढ़ेगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। सरकार फिल्म कर्मियों की समस्याओं के प्रति सहानुभूति रखती है। साथ ही, मंत्री ने कहा कि सरकार फिल्म उद्योग की समस्याओं का स्थायी समाधान खोजने पर विचार कर रही है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि हड़ताल करना सही तरीका नहीं है। मंत्री ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी गरीब फिल्म कर्मियों को घर उपलब्ध कराने और उन्हें बुनियादी सुविधाएं प्रदान करके उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य के प्रति सकारात्मक हैं। एफडीसी के अध्यक्ष दिल राजू ने कहा कि सभी दलों के बीच एकता आवश्यक है। उन्होंने सभी से राज्य सरकार की आकांक्षाओं के अनुरूप हैदराबाद को एक वैश्विक फिल्म केंद्र बनाने में सरकार के कार्यों को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की अपील की। बैठक में गृह विभाग के विशेष मुख्य सचिव रवि गुप्ता और विभिन्न फिल्म एसोसिएशनों के सदस्यों ने भाग लिया।

# पार्षद ने समस्याओं का जायजा लिया



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पिछले तीन दिनों से हो रही घनघोर बारिश के कारण जामबाग मंडल के नागरिकों को अनेक तरह की परेशानियों का सामना करना पड रहा है। नागरिकों की परेशानी को देखते हुए जामबाग पार्षद ने अधिकारियों संग प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर समस्याओं के हल के लिए निर्देश दिया।

जायसवाल ने कहा कि भाजपा टीम जामबाग डिवीजन के प्रत्येक निवासी के साथ खड़ी है और सभी के लिए सुरक्षा, स्वच्छता और आराम सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

दौरे के समय उनके साथ जामबाग मंडल अध्यक्ष राज कुमार, मयूर कालेकर, आनंद भोरे, रघु, प्रवीण जैन, संदीप जैन, श्रीकांत राजू, महेश यादव, श्रीमती राधिका मैडम (कार्यकारी), सुधाकर (विकास अधिकारी), कुलशेखर (सहायक अभियंता) भारत सेवा विभाग के साथ स्थिति का निरीक्षण करने के लिए प्रभावित क्षेत्रों का व्यक्तिगत रूप से दौरा किया।

# मन की शांति जीवन की सबसे बड़ी दौलत

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्र-संत महोपाध्याय ललितप्रभ सागर ने कहा कि मन की शांति जीवन की सबसे बड़ी दौलत है। वह समृद्धि व्यर्थ है जिसमें शांति का अमृत न हो। मन की शांति का मूल्य क्या है यह किसी ऐसे समृद्ध व्यक्ति से जाकर पूछें जो समृद्धि का तो सिकंदर है लेकिन मन की शांति की झोली खाली है।

वे सोमवार को एग्जिबिशन ग्राउंड में आयोजित मन की शांति के लिए क्या करें क्या न करें विषय पर प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आप तभी तक शांत न रहें जब तक सब कुछ आपके अनुकूल हो रहा है, अपितु अपनी शांति को तब भी बरकरार रखने का प्रयास करें जब निमित्त अशांतिदायक हो जाए। व्यर्थ की चिंता का त्याग कीजिए। विश्वास रखिए जो चोंच देता है वह चुग्गा भी देता है। जो कल देगा, वह कल के जीने की व्यवस्था में भी स्वत: सहयोगी बनेगा। अगर आपकी भूलने की आदत है तो इसका सही उपयोग कीजिए और उन बातों को अवश्य भूल जाइए जो आपके मन को अशांत कर रही हैं। अपनी मुस्कान को बढ़ाइए। मुस्कान चेहरे के सौन्दर्य को बढ़ाती है और गुस्सा उसे मिट्टी में मिला देता है। गुस्से को जीवन से माइनस कीजिए और मुस्कान को प्लस। सच में आप प्लस में रहेंगे।

उन्होंने कहा कि अशांत मन सूखे तालाब की तरह है जिसमें पानी तो सूख जाता है, पर पीछे मिट्टी की दरारें रह जाती हैं। अपने मन को प्रसन्न रखिए, उसमें प्रेम का पानी डालते रहिए ताकि अन्तर्मन का खेत हरा-भरा रहे। सफलता चाहिए तो जो पसंद है उसे हासिल कीजिए, पर शांति चाहिए तो हासिल है उसी को पसंद करना शुरू कर दीजिये।

संत प्रवर ने कहा कि व्यर्थ के ऊहापोह मत पालिए। 'यह प्लॉट उस समय मैंने पांच लाख में न बेचा होता तो आज पांच करोड़ का हो जाता' यह सोच-सोच कर अपने मन को दु:खी मत कीजिए। जब जिसके साथ जो होना है तब उसके साथ वह स्वत: हो जाता है। जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति कीजिए, पर तृष्णा के मायाजाल में मत उलझिये। अतितृष्णा इंसान को अशांति का अनुयायी बना देती है।

अपने आपको गैस का सिलेण्डर न बनाएं जो हर समय भभकता रहे, खुद को सदा शरबत का प्याला बनाएं जिससे सबके दिलों में मिठास घुलती रहे। जीवन में सदा प्रसन्न रहें। कुछ भी हाथ से चले जाने पर खेद मत कीजिए। इस मंत्र को याद करके सदा शांत रहिए -जो मेरा है वो जायेगा नहीं और जो चला गया वो मेरा था ही नहीं।

उन्होंने कहा कि जीवन में विपरीतताओं का आना 'पार्ट ऑफ लाइफ' है, पर उन विपरीतताओं का धैर्य और शांति से सामना करना 'आर्ट ऑफ लाइफ' है।

यदि आप हर हाल में शांति और धैर्य से पेश आते हैं तो इससे बड़ी सफलता और कोई नहीं हो सकती। स्वयं का शांतिमय होना घर, समाज और अध्यात्म की सबसे बड़ी सेवा है। जो स्वयं शांतिमय होते हैं, वही दूसरों को शांति का सुकून दे सकते हैं। जो अपने अन्तर्मन को शांतिमय और आनंदमय बनाते हैं, वे कमल के फूल की तरह खिल उठते हैं। ऐसे लोग जहां भी रहते हैं, उनसे शांति और आनंद का स्वर्ग ही स्थापित होता है। इस अवसर पर डॉ. मुनि शांतिप्रिय सागर जी महाराज ने नवकार महामंत्र की सामूहिक प्रार्थना करवाई।

# श्री शिव महापुराण कथा कल से





हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। रामनिवास ब्रिजगोपाल भूतडा परिवार (फाईनकैब) द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में बुधवार 13 अगस्त से शमशाबाद हाईवे पर स्थित पूरन सन्स् फार्म, गगन पहाड पर पूज्य पं. प्रदीपजी मिश्रा के मुखारविन्द से किया जा रहा है। जो 17 अगस्त तक चलेगा। उपरोक्त जानकारी भूतड़ा परिवार के ब्रिजगोपाल भूतड़ा द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ती में दी गई।

उन्होंने बताया सिहोर वाले बाबा के नाम से पहचाने जाने वाले पं. मिश्राजी अपनी कथाओं के माध्यम से लोगों को बताएंगे कि कैसे अपनी समस्याओं के हल के लिए महादेव को एक लोटा जल अर्पित करने से विपदाओं से छुटकारा प्राप्त हो जाता है। कथा का आयोजन बरसात को देखते हुए 2 लाख 50 हजार फिट का वाटरप्रूफ विशाल पण्डाल बन कर तैयार हो चुका है। कथा अपराहन ठीक एक 1-00 बजे आरम्भ होगी। कथा स्थल पर वृद्धजनों के लिए वील चेयर का इंतजाम भी रखा गया है तथा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से कार्यक्रम स्थल पहुंचने हेतु बसों की व्यवस्था भी की गई है। बाहर गांव से पधारे भक्तों के आवास की व्यवस्था भी पण्डाल में ही रखी गयी है एवं पधारने वाले भक्तों से आग्रह किया गया है कि वे अपने साथ कीमती सामान ना लायें एवं लाये गये सामान की सुरक्षा भी उनको ही करनी होगी। कार से आने वालों के लिए कथा स्थल पर पार्किंग व्यवस्था नहीं रहेगी उन्हें अपनी-अपनी कारों की पार्किंग सेलेब्रेशन कन्वेंशन, अनमोल एवलान टावर्स में करनी होगी।

कार्यक्रम में पधारने हेतु प्रदेश ही नहीं अपितु कर्नाटक, आन्ध्र प्रदेश आदि प्रदेशों में भूतड़ा परिवार के सदस्यों द्वारा जाकर निमंत्रण भी बांटे गए हैं। सभी से आग्रह किया गया है कि कार्यक्रम आरम्भ होने से 15 मिनिट पूर्व पधारकर अपना-अपना स्थान ग्रहण कर व्यवस्था बनाए रखने में अपना योगदान प्रदान करें।

# कृषि अनुसंधान सेवा हेतु 115वां आधारभूत पाठ्यक्रम का उद्घाटन



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आईसीएआर-राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंध अकादमी (एनएआरएम) में सोमवार को कृषि अनुसंधान सेवा हेतु 115वें आधारभूत पाठ्यक्रम (एफओसीएआरएस) का उद्घाटन किया गया।

आईसीएआर का यह प्रमुख कार्यक्रम कृषि अनुसंधान सेवा (एआरएस) के नवनियुक्त वैज्ञानिकों को उन्मुख और प्रशिक्षित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, ताकि उन्हें भारत की कृषि चुनौतियों का समाधान करने के लिए आवश्यक व्यावसायिक कौशल, दृष्टिकोण और सहयोगात्मक मानसिकता से सुसज्जित किया जा सके। 11 अगस्त से 25 नवंबर, 2025 तक आयोजित होने वाले इस पाठ्यक्रम में कुल 108 नवनियुक्त वैज्ञानिक शामिल हुए।

देश भर से कुल 108 परिवीक्षाधीन, जिनमें 73 पुरुष और 35 महिलाएं हैं, 22 राज्यों और 35 कृषि विषयों का प्रतिनिधित्व करते हैं। डॉ. छबीलेंद्र राउल, सदस्य, केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण, इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सचिव, मत्स्य विभाग, मत्स्य पालन मंत्रालय तथा पूर्व विशेष सचिव, डेयर एवं सचिव, आईसीएआर, नई दिल्ली थे। उन्होंने 1960 के दशक में खाद्यान्न की कमी से लेकर आत्मनिर्भरता और खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने तक भारत की यात्रा का वर्णन किया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को संबोधित करते हुए, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और मशीनीकरण के सामाजिक-आर्थिक निहितार्थों को समझते हुए पोषण सुरक्षा और गुणवत्ता सुधार पर ध्यान केंद्रित करने की वर्तमान आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने परिवीक्षाधीन वैज्ञानिकों से मौलिक और अनुप्रयुक्त अनुसंधान करने का आग्रह किया जिससे किसानों और समग्र समाज को ठोस लाभ मिल सके। डॉ. जयकृष्ण जेना, उप महानिदेशक (मत्स्य विज्ञान एवं कृषि शिक्षा), आईसीएआर, नई दिल्ली (जो मुख्य अतिथि थे) ने आधुनिक कृषि प्रणालियों में चुनौतियों और अवसरों के बारे में जानकारी साझा की।

उन्होंने उनसे समर्पण और गर्व के साथ काम करने का आग्रह किया। दुनिया के सबसे बड़े कृषि अनुसंधान संगठनों में से एक के रूप में आईसीएआर की वैश्विक प्रतिष्ठा पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने प्रतिभागियों से अपने पेशेवर सफर में नवाचार और दृढ़ता को अपनाने की वकालत की। डॉ. गोपाल लाल, कार्यवाहक निदेशक, एनएआरएम ने आईसीएआर प्रणाली के तहत किए गए प्रभावशाली अनुसंधान पहलों के बारे में बात की, एफओसीएआरएस के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला और प्रतिभागियों को निष्ठा की शपथ दिलाई, जिससे देश की कृषि उन्नति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और मजबूत हुई। इससे पहले, पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ.डी. दामोदर रेड्डी ने सभा का स्वागत किया। उन्होंने एफओसीएआरएस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, एआरएस के लिए इसके महत्व और युवा वैज्ञानिकों के करियर को आकार देने में एनएआरएम की भूमिका पर प्रकाश डाला। पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ.एम. रमेश नाइक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। अकादमी के वैज्ञानिकों और कर्मचारियों ने उद्घाटन समारोह में भाग लिया।

# सड़क हादसे में 3 की मौत

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सोमवार को आउटर रिंग रोड कीसरा पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, तीनों लोग आउटर रिंग रोड पर पैदल जा रहे थे, तभी संदेह है कि एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक पूछताछ के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया। मामला दर्ज कर लिया गया है।

## भारतीय स्टेट बैंक द्वारा एकलव्य ग्रामीण विकास फाउंडेशन

# कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत दान देकर ग्रामीण शिक्षा को दिया बढ़ावा : चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। देश की अग्रणी बैंक भारतीय स्टेट बैंक- एसबीआई अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने कहा कि, देश की अग्रणी बैंक भारतीय स्टेट बैंक द्वारा एकलव्य ग्रामीण विकास फाउंडेशन (ईजीवीएफ) को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत दान देकर ग्रामीण शिक्षा को बढ़ावा दिया है।

इस संदर्भ में, अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने 10 अगस्त, 2025 को एकलव्य ग्रामीण विकास फाउंडेशन (ईजीवीएफ) को महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। एसबीआई ने ग्रामीण शिक्षा और सशक्तिकरण को मजबूत करने के लिए कंप्यूटर, भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं की स्थापना सहित 50 लाख मूल्य का शैक्षिक बुनियादी ढांचा दान किया।

इस कार्यक्रम में आगे बोलते हुए, एसबीआई अध्यक्ष चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जहां भारतीय रिजर्व बैंक बैंकों को शुद्ध लाभ का 17 सीएसआर के लिए आवंटित करने का निर्देश देता है, वहीं एसबीआई लंबे समय से इस क्षेत्र में अग्रणी रहा है, और ऐसे दिशानिर्देश लागू होने से बहुत पहले ही नियमित सीएसआर गतिविधियां शुरू कर चुका है।

एसबीआई की सीएसआर रणनीति दो-आयामी दृष्टिकोण अपनाती है, जिसमें एसबीआई फ़ाउंडेशन और उसके 17 सर्किल्स माध्यम है।

ग्राम सेवा कार्यक्रम समग्र ग्राम विकास को बढ़ावा देता है, जबकि विकलांग व्यक्तियों के लिए उत्कृष्टता केंद्र कौशल निर्माण और सहायता के माध्यम से नियोजित और बेरोजगार दोनों व्यक्तियों को सशक्त बनाता है। अपने सर्किलों के माध्यम से, एसबीआई स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, पर्यावरण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अखिल भारतीय सीएसआर पहल करता है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# एशिया कप के लिए हार्दिक का फिटनेस टेस्ट होगा

## सूर्या एनसीए में एक हफ्ते और रुकेंगे, 9 सितंबर से खेला जाएगा टूर्नामेंट

मुंबई, 11 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप के दिन करीब हैं. ऐसे में उन खिलाड़ियों की फिटनेस टेस्ट शुरू हो गई है, जो उस मल्टीनेशनल टूर्नामेंट में भारत का खिताब डिफेंड करने के लिए उतर सकते हैं. हालांकि, बड़ा सवाल ये है कि क्या उन खिलाड़ियों की फिटनेस, उन्हें ऐसा करने की इजाजत देगी? क्या वो खिलाड़ी एशिया का किंग बनने की क्रिकेट लड़ाई में उतरने को पूरी तरह तैयार हैं? क्या कहती है उन खिलाड़ियों की फिटनेस रिपोर्ट? इस मामले में हार्दिक पंड्या, श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव को लेकर बड़ा अपडेट आया है.



**हार्दिक पंड्या का 11- 12 अगस्त को फिटनेस टेस्ट**

हार्दिक पंड्या फिटनेस टेस्ट में पास होंगे या फेल? अगले 48 घंटों के अंदर पता चल जाएगा. रिपोर्ट के मुताबिक, इस मामले में 11 और 12 अगस्त उनके लिए बेहद अहम है. फिटनेस टेस्ट देने के लिए हार्दिक पंड्या, बेंगलुरु स्थित एनसीए पहले ही पहुंच चुके हैं. एनसीए पहुंचने की जानकारी हार्दिक पंड्या ने सोशल मीडिया के जरिए भी दी थी.

**श्रेयस अय्यर ने पास किया फिटनेस टेस्ट**

श्रेयस अय्यर को लेकर खबर आ रही है कि उन्होंने अपना फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है. उनका टेस्ट 27 से 29 जुलाई के बीच हुआ था. श्रेयस अय्यर ने अपना आखिरी टी20 इंटरेशनल मैच साल 2023 में खेला था. मगर उनके एशिया कप से टीम में वापसी की उम्मीद जताई जा रही है. भारत के इस मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज ने घरेलू टूर्नामेंट और आईपीएल में लगातार परफॉर्म करके खुद के टीम में वापसी की संभावनाओं को जगाया है.

**सूर्यकुमार यादव पूरी तरह फिट नहीं**

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को लेकर अपडेट है कि वो अभी पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं. उन्हें रिकवर होने में अभी एक और हफ्ता लग सकता है. मतलब वो एक और हफ्ते तक फीजियो और मेडिकल स्टाफ की निगरानी में एनसीए में ही रहेंगे. सूर्यकुमार यादव का जून की शुरुआत में हार्निया का ऑपरेशन किया गया था.

एशिया कप का आगाज 9 सितंबर से यूएई में हो रहा है. 21 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम का ऐलान जल्दी ही हो सकता है.

# 'सर, हम तो पैदा भी नहीं हुए थे'

## मोहम्मद सिराज ने सैयद किरमानी से क्यों कहा ऐसा ?

हैदराबाद, 11 अगस्त (एजेंसियां)। मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। सिराज लगातार भारत के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। हैदराबाद में आयोजित हुए सैयद किरमानी की आत्मकथा स्टम्प्ड, लाइफ बिहाइंड एंड बियॉन्ड द ट्वेंटी-टू यार्ड्स' इवेंट के दौरान मोहम्मद सिराज ने सैयद किरमानी की प्रशंसा की।





PTI

**सिराज ने की तारीफ**

सैयद किरमानी की किताब को लेकर आयोजित हुए इवेंट में मोहम्मद सिराज ने कहा कि सर, जब आपने 1983 का विश्व कप जीता था, तब हम पैदा भी नहीं हुए थे। यह आपकी एक प्रेरक और प्रेरणादायक कहानी रही है। मैंने कई खिलाड़ियों से सुना है कि विकेट के पीछे आपकी सजगता शानदार थी। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए सब कुछ के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। इसके बाद किरमानी ने मोहम्मद सिराज के हालिया प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा कि आपने वाकई बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। मेरी तरफ से आपको बधाई। आपने अपने उत्साह से देश का नाम रोशन किया है। दिल से निकली आक्रामकता से। मैं आपकी सफलता की कामना करता हूं। बता दें कि यह किताब पाठकों को किरमानी के शानदार क्रिकेट करियर और मैदान से परे उनके जीवन के बारे में बहुत कुछ बयां करती है।

**चर्चा में सिराज**

सिराज ने इंग्लैंड दौरे पर 23 विकेट झटके थे। उन्होंने ओवल में खेले गए आखिरी टेस्ट मैच की पहला पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट अपने नाम किए थे। पांचवें मैच के आखिरी दिन सिराज ने 3 विकेट लेकर भारत की जीत में अहम रोल प्ले किया था। इसके अलावा उन्होंने दूसरे मैच की पहली पारी में 6 विकेट भी लिए थे।

# टिम डेविड ने सूर्यकुमार यादव का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा

## टी20 में पहली बार खेला ज्यादा गेंदें

मेलबोर्न, 11 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ ऑलराउंडर टिम डेविड ने सूर्यकुमार यादव का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया है. साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले पहले टी20 के बाद ये कमाल की उपलब्धि उनके नाम हुई. टिम डेविड ने ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका के बीच खेले पहले टी20 में जो किया, उसके बाद उन्होंने सिर्फ सूर्यकुमार यादव का रिकॉर्ड ही नहीं तोड़ा बल्कि ऑस्ट्रेलिया की जीत के हीरो भी बने. इतना ही नहीं, उन्होंने अपने टी20 करियर की सबसे ज्यादा गेंदें भी एक पारी में इसी मुकाबले में फेस की.



**टिम डेविड ने पहली बार खेली इतनी ज्यादा गेंदें**

साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 178 रन बनाए. इसमें 83 रन अकेले टिम डेविड के बल्ले से निकले. इस पारी के दौरान टिम डेविड ने 12 बाउंड्रीज लगाईं, जिसमें से 8 सिर्फ छक्के रहे. मगर उसके बावजूद उन्होंने इतनी गेंदें खेली, जितनी टी20 करियर में पहले कभी किसी इनिंग में नहीं खेली.

**11 छक्केलगाना भी नहीं आया काम, शतक से चूका, मैच भी गंवाया**

टिम डेविड ने अपनी इनिंग में 52 गेंदों का सामना किया. ये पहली बार है जब उन्होंने 50 से ज्यादा गेंदें खेली है. इससे पहले उन्होंने सबसे ज्यादा 46 गेंद किसी एक टी20 इनिंग में 2020 में हॉन्ग-कॉन्ग के खिलाफ खेली थी.

**टिम डेविड ने तोड़ा सूर्यकुमार का वर्ल्ड रिकॉर्ड**

अब सवाल है कि टिम डेविड ने सूर्यकुमार यादव का बनाया कौन सा वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा है? ये वर्ल्ड रिकॉर्ड टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट का है. साउथ अफ्रीका के खिलाफ 10 अगस्त को खेले पहले टी20 के बाद टिम डेविड अब सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाज बन गए हैं. सूर्यकुमार यादव का स्ट्राइक रेट टी20 इंटरनेशनल में 167.07 का है. जबकि टिम डेविड की स्ट्राइक रेट 167.37 की हो चुकी है.

**ऑस्ट्रेलिया ने साउथ अफ्रीका को हराया**

साउथ अफ्रीका की टीम के सामने 179 रन का लक्ष्य था. लेकिन, उसका पीछा करते हुए वो 20 ओवर में 9 विकेट पर 161 रन ही बना सके. ऑस्ट्रेलिया ने मुकाबला 17 रन से जीता और इसी के साथ 3 टी20 की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल की. साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 में प्लेयर ऑफ द मैच ऑस्ट्रेलिया की ओर से टिम डेविड को चुना गया.

# ईस्ट दिल्ली ने वेस्ट दिल्ली को 2 रनों से हराया

## 21 साल के युवा बल्लेबाज ने पलटा मैच का पासा



नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली प्रीमियर लीग 2025 में मैच नंबर 17 ईस्ट दिल्ली राइडर्स बनाम वेस्ट दिल्ली लायंस के बीच 10 अगस्त को खेला गया। इस मैच में ईस्ट दिल्ली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वेस्ट दिल्ली को 2 रनों से पराजित कर दिया। ईस्ट दिल्ली की ओर से 21 साल के अर्पित राणा ने अर्धशतकीय पारी खेली थी। हालांकि आखिरी ओवर में ईस्ट दिल्ली ने रोमांचक जीत हासिल कर ली।

**ईस्ट दिल्ली ने बनाए थे 158 रन**

ईस्ट दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 158 रन बनाए थे। सलामी बल्लेबाद अर्पित राणा ने कमाल कर दिया। उन्होंने 47 गेंदों में 71 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 7 चौके के अलावा 3 छक्के शामिल थे। इसके अलावा सुजल सिंह ने 9 गेंदों में 7 रन बनाए। वहीं नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने उतरे हार्दिक शर्मा ने भी 37 गेंदों में शानदार 50 रनों की पारी खेली। दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज खासा प्रभावित नहीं कर सका।

लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्ट दिल्ली 2 रनों से पीछे रह गई। सलामी बल्लेबाज कृष यादव ने 39 गेंदों में 44 और अंकित कुमार ने 42 रनों का योगदान दिया। हालांकि नितीश राणा ने 2 गेंदों में 0 रन बनाए। वह खाता खोल तक नहीं खोल सके। नितीश अब तक खेले गए मुकाबले में खासा प्रभावित नहीं कर सके हैं। इसके अलावा आयुष दोसेजा ने 26 और मयंक गुसाईं ने 27 रनों का योगदान दिया। वेस्ट दिल्ली की टीम 7 विकेट के नुकसान पर 156 रन ही बना सकी।

वेस्ट दिल्ली की ओर से मनन भारद्वाज ने 4 ओवर में 26 रन खर्च कर 3 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया। इसके अलावा नितीश राणा को 2 सफलता मिली। वहीं ईस्ट दिल्ली की ओर से मयंक रावत को 2 और रौनक वाघेला को भी 2 विकेट मिले।

# वेस्टइंडीज 6 साल बाद पाकिस्तान को हराने में कामयाब, सीरीज 1-1 से बराबर



तारूबा, 11 अगस्त (एजेंसियां)। रोस्टन चेज के हरफनमौला प्रदर्शन और शेरफेन रदरफोर्ड की तेज पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को दूसरे वनडे में पांच विकेट हरा दिया. पहले मैच में मेजबान को 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था. तीन मैचों की सीरीज अब 1-1 से बराबर हो गई है. इस वजह से सीरीज का तीसरा और निर्णायक मैच 12 अगस्त को खेला जाएगा. खास बात ये है कि कैरेबियाई टीम छह साल बाद पाकिस्तान को वनडे में हराने में कामयाब हुआ.

कैरेबियाई टीम ने आखिरी बार 2019 विश्व कप में सरफराज अहमद की अगुवाई वाली पाकिस्तानी टीम को सात विकेट से हराया था. इसके बाद, दोनों देशों ने 2022 में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली, जिसमें पाकिस्तान ने विपक्षी टीम पर क्लीन स्वीप किया. अब, सीरीज का पहला मैच हारने के बाद, वेस्टइंडीज ने मेहमान टीम पर आसान जीत के साथ वापसी की.

**चेज और रदरफोर्ड ने जीत में अहम भूमिका निभाई**

बारिश से प्रभावित दूसरे मैच में 35 ओवरों में 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोस्टन चेज ने 47 गेंदों में 49 रनों की पारी खेली. जबकि रदरफोर्ड ने 33 गेंदों में 45 रन बनाकर पारी को गति प्रदान की और वेस्टइंडीज ने पांच गेंद शेष रहते मैच जीत लिया.

इससे पहले वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. सलामी बल्लेबाज साइम अयूब और अब्दुल्ला शफीक ने पावरप्ले में बाउंड्री लगाई, लेकिन बीच में कई डॉट बॉल भी रहीं. पाकिस्तान नियमित अंतराल पर विकेट गंवाता रहा, और इसलिए रन बनाना उनके लिए एक समस्या बन गया. टीम 37 ओवरों में केवल 171/7 रन ही बना पाई.

लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले चार ओवरों में ही सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग (1) और एविन लुईस (7) के विकेट गंवा दिए. हालांकि, शाई होप (32), रदरफोर्ड (45) और चेज (नाबाद 49) ने उपयोगी पारियां खेलकर टीम को जीत दिलाई. चेज को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला, जिससे टीम पाकिस्तान पर जीत हासिल करने में सफल रही.

### बाबर बिना खाता खोले आउट

सैम अयूब के सस्ते में पवेलियन लौटने के बाद बाबर आजम नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने उतरे। बाबर से हर कोई बड़ी पारी की उम्मीद कर रहा था। हालांकि, वह अपने फैन्स को निराश कर गए। बाबर की पारी का अंत सिर्फ 3 गेंदों में ही हो गया। दो गेंदों को डिफेंड करने के बाद बाबर जायडेन सील्स की अंदर आती हुई गेंद पर पूरी तरह से गच्चा खा गए। बॉल हल्के से हवा में लहराई और बाबर गेंद की लाइन को पूरी तरह से मिस कर गए। गेंद बैट और पैड के बीच में से निकल गई और उनके स्टंप पर जा टकराई। बाबर को ना चाहते हुए भी बिना खाता खोले पवेलियन लौटना पड़ा। जायडेन सील्स ने मैच में बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 7 ओवर के स्पेल में सिर्फ 23 रन देकर 3 विकेट चटकाए।

# अन्नू-कुजूर और मुरली चमके - भारत की पहली विश्व महाद्वीपीय टूर प्रतियोगिता में उम्मीदों पर खरे उतरे

भुवनेश्वर, 11 अगस्त (एजेंसियां)। स्टार धावक अनिमेष कुजूर, अनुभवी भाला फेंक एथलीट अन्नू रानी और लंबी कूद के दिग्गज एथलीट मुरली श्रीशंकर ने भारत की पहली विश्व एथलेटिक्स महाद्वीपीय टूर प्रतियोगिता में अपनी अपनी स्पर्धाओं में जीत हासिल कर उम्मीदों पर खरे उतरे। विश्व एथलेटिक्स की कांस्य स्तर की यह प्रतियोगिता सुचारू रूप से चली, लेकिन इसमें वैश्विक दिग्गजों की भागीदारी काफी कम थी।





कुजूर का प्रदर्शन हालांकि नाटकीयता से भरा रहा। 22 वर्षीय इस एथलीट ने सुबह अपनी 100 मीटर की हीट रेस में कुछ कदम के बाद ही दौड़ना बंद कर दिया था।, वह आधे घंटे बाद अपनी 200 मीटर की हीट रेस में दौड़े और 20.99 सेकंड के समय के साथ फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। उन्होंने शाम के सत्र में 200 मीटर फाइनल में 20.77 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। कोरिया के को सेउंघवान (20.95 सेकंड) और एक अन्य भारतीय खिलाड़ी रागुल कुमार (21.17 सेकंड) ने तीसरा स्थान हासिल किया।

कुजूर के नाम 100 मीटर (10.18 सेकंड) और 200 मीटर (20.32 सेकंड) दोनों में राष्ट्रीय रिकॉर्ड हैं। श्रीशंकर का मुकाबला उभरते हुए किशोर शाहनवाज खान से था। खान ने फरवरी में उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। 17 वर्षीय खान चौथे प्रयास में 8.04 मीटर की छलांग लगाकर शीर्ष पर थे, जबकि श्रीशंकर 7.95 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर थे।

26 साल के श्रीशंकर ने हालांकि अपने अंतिम प्रयास में 8.13 मीटर की छलांग लगाकर रोमांचक अंदाज में स्वर्ण पदक जीता। यह चोट के कारण लंबे समय से बाहर रहने के बाद वापसी पर उनका लगातार चौथा खिताब है। वह हालांकि तोक्यो विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफिकेशन मार्क 8.27 मीटर को हासिल करने में नाकाम रहे।

महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में एशियाई खेलों की चैंपियन अन्नू रानी ने चौथे प्रयास में 62.01 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता। इससे सितंबर में होने वाली तोक्यो विश्व चैंपियनशिप में जगह बनाने की उनकी संभावना मजबूत हो गई। वह 64 मीटर के स्वतः क्वालीफिकेशन से दूर है लेकिन 'रोड टू तोक्यो' सूची में 30 वें पायदान पर है। इसमें सूची में शीर्ष 36 स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं। उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 63.22 मीटर है। उन्होंने इसे 2022 में हासिल किया था। कलिंगा स्टेडियम में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में भारतीय प्रतिभागियों द्वारा 80 मीटर का आंकड़ा मुश्किल से पार कर पाने से दर्शक निराश हुए। श्रीलंका के रोमेश थरंगा पथिरागे ने 86.50 मीटर के अपने पहले प्रयास के साथ पुरुषों का भाला फेंक का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 85.50 मीटर के विश्व चैंपियनशिप के स्वतः क्वालीफिकेशन को भी पार कर लिया।

भारत के 20 वर्षीय शिवम लोहकरे ने 80.73 मीटर के साथ रजत पदक जीता। श्रीलंका के सुमेधा रणसिंघ 80.65 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। भारत के रोहित यादव (80.35 मीटर) और एशियाई चैंपियनशिप के रजत विजेता सचिन यादव (79.80 मीटर) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। शैली सिंह ने 6.28 मीटर के औसत प्रदर्शन वाले छलांग के साथ महिलाओं की लंबी कूद स्पर्धा जीती।

भारतीय पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने श्रीलंका (3:08.22) के बाद दूसरे स्थान पर रहकर निराश किया। टी. संतोष कुमार, विशाल टी.के., अमोज जैकब और धर्मवीर चौधरी की भारतीय चौकड़ी ने तीन मिनट 08.37 सेकंड का समय लिया। मलयेशिया के मुहम्मद अजीम बिन ने 10.35 सेकंड में 100 मीटर की दौड़ जीतकर मीट के सबसे तेज धावक का ख़िताब हासिल किया।

अभिषया राजराजन ने 11.57 सेकंड के समय के साथ महिलाओं की 100 मीटर फाइनल जीती। इस एक दिवसीय प्रतियोगिता में 15 से अधिक देशों के 150 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसकी पुरस्कार राशि 25,000 डॉलर थी।

# हरमनप्रीत बोली टीम वर्ल्ड कप सूखा खत्म करने को तैयार

## विमेंस वर्ल्ड कप ट्रॉफी लॉन्च हुई; 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में टूर्नामेंट

नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सोमवार को कहा कि उनकी टीम मिथक तोड़कर अगले महीने शुरू हो रहे महिला वनडे विश्व कप में आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अभी तक कोई विश्व खिताब नहीं जीत पाई है हालांकि कुछ अवसरों पर वह इसके करीब पहुंची थी। इसमें 2017 में इंग्लैंड में खेला गया वनडे विश्व कप भी शामिल है जिसमें भारत उपविजेता रहा था।




हरमनप्रीत ने वनडे विश्व कप ट्रॉफी के अनावरण समारोह में कहा, 'हम उस मिथक को तोड़ना चाहते हैं जिसका सभी भारतीय इंतजार कर रहे हैं। विश्व कप हमेशा खास होता है। मैं हमेशा अपने देश के लिए कुछ खास करना चाहती हूं। जब भी मैं युवी भैया (युवराज सिंह) को देखती हूं तो मुझे काफी प्रेरणा मिलती है।' इस अवसर पर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह और हरमनप्रीत की टीम के साथी भी उपस्थित थे। भारतीय टीम का हाल में प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। उसने इंग्लैंड दौरे में टी20 और वनडे सीरीज जीती थी। वह 30 सितंबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले 14 सितंबर से खिताब की प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच की घरेलू सीरीज खेलेगी और हरमनप्रीत ने कहा कि इससे उनकी टीम को खुद को परखने का मौका मिलेगा।

हरमनप्रीत ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है और हमें इससे अपनी स्थिति का पता चलता है। यह सीरीज (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे) हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ेगा। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं जिसके परिणाम सामने आ रहे हैं।' हरमनप्रीत ने 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 171 रन की जोरदार पारी खेल कर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। उस पारी की यादें अब भी उनके जेहन में ताजा है।

# नेशनल स्पोर्ट गवर्नेंस बिल लोकसभा से पास

## खेल मंत्री बोले- आजादी के बाद का सबसे बड़ा खेल सुधार

नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। सोमवार को लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल और नेशनल एंटी-डोपिंग संशोधन बिल 2025 को मंजूरी मिल गई। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इसे आजादी के बाद भारतीय खेलों में सबसे बड़ा सुधार करार दिया। वहीं विपक्ष ने बिहार में मतदाता सूची संशोधन और कथित वोट धोखाधड़ी को लेकर जोरदार विरोध जारी रखा। नेशनल स्पोर्ट्स बिल को पहली बार 1975 में लाने की कोशिश की गई थी, लेकिन राजनीतिक कारणों के चलते यह बिल बार-बार संसद तक पहुंच नहीं पाया। वर्षों तक लंबित रहने के बाद अब यह बिल आखिरकार संसद में पास होकर भारतीय खेलों के लिए एक नए युग की शुरुआत कर रहा है।




संसद में सुबह हंगामे के कारण सत्र स्थगित हो गया था, लेकिन दोपहर 2 बजे पुनः शुरू होने पर नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल और नेशनल एंटी-डोपिंग संशोधन बिल दोनों पास कर दिए गए। विपक्ष के अधिकांश नेता उस समय चुनाव आयोग के कार्यालय की ओर मार्च करते हुए हिरासत में थे, जिससे वे सदन में मौजूद नहीं थे। बहस के दौरान कुछ विपक्षी सांसदों ने बिल का समर्थन भी किया, लेकिन बाद में वापस आकर नारेबाजी शुरू कर दी। अंततः हंगामे के बीच दोनों बिल वॉयस वोट से पारित किए गए।

बिल पास होने के बाद केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इसे आजादी के बाद खेलों में सबसे बड़ा सुधार बताया। उन्होंने कहा कि यह बिल खेल संघों में जवाबदेही, न्याय और बेहतर गवर्नेंस को सुनिश्चित करेगा। मांडविया ने यह भी कहा कि बिल भारत के खेल तंत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन उन्हें अफसोस है कि विपक्ष इस प्रक्रिया में शामिल नहीं हुआ। नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, 2025 में संशोधन करते हुए खेल मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि बीसीसीआई अब भी सूचना का अधिकार के दायरे में नहीं आएगा। यह बिल केवल उन खेल संगठनों पर लागू होगा जो सरकारी अनुदान और सहायता प्राप्त करते हैं, जबकि बीसीसीआईको सरकार से कोई अनुदान नहीं मिलता। पिछले वर्षों में कई संगठन बीसीसीआई को आरटीआई के दायरे में लाने की मांग करते रहे हैं, लेकिन फिलहाल यह संभव नहीं हुआ है।

# रातभर 30 से 50 मिमी हुई बारिश, शहर में ठंड और नमी



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। रातभर हुई भारी बारिश के कारण सोमवार सुबह हैदराबाद में ठंड और नमी रही। रविवार रात हैदराबाद, रंगारेड्डी और मेडचल-मलकजगिरी जिलों में 30 मिमी से 50 मिमी के बीच बारिश दर्ज की गई। रविवार देर रात, जीएचएमसी के अंतर्गत उत्तरी, पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्रों में बिजली कड़कने के साथ तेज़ गरज के साथ बारिश हुई। मेडचल-मलकजगिरी और रंगारेड्डी जिलों में गरज के साथ बारिश का सबसे ज़्यादा असर देखा गया, जो सोमवार तड़के तक जारी रहा। तेलंगाना राज्य विकास योजना सोसाइटी (टीएसडीपीएस) के वर्षा मापक स्टेशनों ने संकेत दिया कि सोमवार (सुबह 8.30 बजे) तक, उप्पल (मेडचल-मलकजगिरी) जिले के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में अधिकतम 47.8 मिमी बारिश हुई, कुथबुल्लापुर मंडल के अंतर्गत गजुलारामरम (31 मिमी), सेरिलिंगमपल्ली मंडल के अंतर्गत हैदराबाद विश्वविद्यालय क्षेत्र (30.5 मिमी), कुशाईगुडा (कपड़ा) और मलकजगिरी (25.8 मिमी), सेरिलिंगमपल्ली के अंतर्गत चंदनगर (24.8 मिमी), काकतीय हिल्स माधापुर में 22 मिमी बारिश हुई। रविवार रात हैदराबाद के लगभग पूरे पूर्वी हिस्से में भारी बारिश हुई, जिसमें घाटकेसर, कीसरा, भुवनगिरी, कापरा, सैनिकपुरी, डॉ. एएस राव नगर, दम्मईगुड़ा, नगरम, ईसीआईएल, अलवाल, कुथबुल्लापुर, उप्पल, हयातनगर, वनस्थलीपुरम और एलबी नगर जैसे इलाके शामिल हैं। सिकंदराबाद के मर्रेदपल्ली समेत कई इलाके भी प्रभावित हुए। इससे पहले रविवार शाम को गाचीबोवली, कोंडापुर, कुकटपल्ली, अमीरपेट, केपीएचबी, चंदनगर, मियापुर, बालानगर, अलवाल और सेरिलिंगमपल्ली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों सहित अन्य क्षेत्रों में भी भारी बारिश की सूचना मिली थी।



# मलिन बस्तियों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें : विजयलक्ष्मी

## लापरवाही बरतने पर अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी महापौर गदवाल विजयलक्ष्मी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को ग्रेटर हैदराबाद सिटी की मलिन बस्तियों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है। सोमवार सुबह महापौर ने क्षेत्रीय आयुक्त अनुराग जयंती के साथ जुबली हिल्स सर्कल स्थित अंबेडकर नगर और उदय नगर मलिन बस्तियों का दौरा किया।महापौर ने जीएचएमसी के अधिकारियों और कर्मचारियों को बरसात के मौसम में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता कार्यक्रमों में तेज़ी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि कचरा निपटान में लापरवाही बरतने वाले सफाई कर्मचारियों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मलिन बस्तियों में निर्माण अपशिष्ट डालने वालों के ख़िलाफ़ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने कहा कि अंबेडकर नगर में नाले के पास आंशिक रूप से ढही सुरक्षा दीवार पर लोगों को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए तत्काल वैकल्पिक सुरक्षा उपाय किए जाने चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को इन दोनों बस्तियों में सड़कों के किनारे पड़े निर्माण कचरे को तुरंत हटाने के निर्देश दिए। महापौर ने बंजारा हिल्स 1 रोड पर विरिंची अस्पताल के पास माहेश्वरी टावर्स क्षेत्र में उस क्षेत्र का निरीक्षण किया जहाँ हाल ही में सड़क का एक स्लैब धंसकर ज़मीन में धँस गया था। महापौर ने 65 लाख रुपये की लागत से 19 मीटर लंबे आरसीसी स्लैब के निर्माण की अनुमति प्रदान करने के लिए इंजीनियरिंग अधिकारियों को तुरंत काम शुरू करने और युद्धस्तर पर इसे पूरा करने के निर्देश दिए। कॉलोनी के लोगों ने महापौर द्वारा शीघ्र प्रतिक्रिया देने और नवीनीकरण कार्य के लिए धनराशि स्वीकृत करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। क्षेत्रीय दौरे में महापौर के साथ मुख्य अभियंता रत्नाकर, उपायुक्त सम्मैया और अन्य लोग भी थे।

## प्रेम प्रसंग के चलते एक व्यक्ति पर उस्तरे से हमला

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कुकटपल्ली के मूसापेट में एक व्यक्ति पर कथित तौर पर उस्तरे से हमला किया गया, जिसमें वह घायल हो गया। यह हमला हमलावर की पूर्व प्रेमिका से जुड़े एक मुद्दे को लेकर हुआ। पुलिस ने बताया कि मूसापेट के जनता नगर निवासी भास्कर उर्फ बोस (22) का उसी इलाके की एक युवती के साथ प्रेम संबंध था, लेकिन मतभेद के कारण यह संबंध खत्म हो गया।

महिला, जो नियमित रूप से एक स्थानीय मंदिर में जाती थी, बाद में मूसापेट के ही बटवाल बर्धन उर्फ राहुल (30) से परिचित हो गई। हाल ही में भास्कर ने कथित तौर पर बर्धन से उस महिला के बारे में पूछताछ की थी और उन्हें उसका पीछा न करने की चेतावनी दी गई थी। रविवार को जब बर्धन मंदिर से बाहर निकले तो भास्कर ने कथित तौर पर उन पर उस्तरे से हमला कर दिया, जिससे उनकी गर्दन पर चोट लग गई और वह मौके से भाग गया। कुकटपल्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और संदिग्ध की तलाश कर रही है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस समारोह में भाग लिया



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर, राज्य के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजनरसिम्हा ने हैदराबाद के शेखपेट स्थित तेलंगाना समाज कल्याण गुरुकुल स्कूल में छात्रों को एल्बेंडाजोल की गोलियाँ वितरित कीं। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर, राज्य भर के सभी सरकारी और निजी स्कूलों के साथ-साथ आंगनवाड़ियों में लगभग 98 लाख बच्चों को कृमि मुक्ति की गोलियाँ वितरित की जा रही हैं। मंत्री दामोदर राजनरसिम्हा ने बताया कि बच्चों का स्वास्थ्य और सुरक्षा सरकार की ज़िम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि बच्चे राष्ट्र की संपत्ति हैं और सरकार एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए काम कर रही है। मंत्री दामोदर राजनरसिम्हा ने 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों से एल्बेंडाजोल की गोलियाँ लेने का आह्वान किया। परिवार कल्याण आयुक्त संगीता सत्यनारायण, हैदराबाद ज़िला कलेक्टर दासारी हरिचंदन और अन्य ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

# कुख्यात चेन स्नैचिंग करने वाला गिरफ्तार, सात लाख के आभूषण बरामद



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सिकंदराबाद रेलवे पुलिस और आरपीएफ कर्मचारियों ने एक कुख्यात संपत्ति अपराधी को गिरफ्तार किया, जिसने आरपीएस सिकंदराबाद की सीमा में दो स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम दिया था।

रेलवे पुलिस के अनुसार कोरुपरोलु लवराजू पुत्र बाबूराव, सुरराम, जीडीमेटला, मेडचल-मलकजगिरी में रहता है। वह मूल रूप से जग्गमपेटा (वि), शंखवरम मंडल, काकीनाडा, आंध्र प्रदेश का रहने वाला है। आरोपी दो साल पहले हैदराबाद आया और एक लैब में 23 हजार रुपए वेतन पर जूनियर केमिस्ट के रूप में काम कर रहा था। उसे शराब पीने, सिगरेट पीने और सट्टा खेलने की आदत हो गई थी। नौकरी से कमाए गए पैसे वह शराब पीने और सट्टा खेलने में खर्च करता था।

चूँकि यह पैसा उसकी शानदार आजीविका के लिए पर्याप्त नहीं था, इसलिए उसने किसी भी तरह से आसानी से पैसा कमाने का फैसला किया। अपने पैतृक स्थान जाते समय, सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पहुँचने पर, उसने वहाँ भारी भीड़ देखी। उसे लगा कि सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर चोरी करके भाग जाना आसान होगा, इसलिए उसने वहाँ चोरी करने का फैसला किया। इसी क्रम में, उसने 26 फरवरी को सिंहपुरी एक्सप्रेस ट्रेन में और 2 अगस्त को गौतमी एक्सप्रेस ट्रेन में एक और चोरी की।

चोरी से प्राप्त तीन सोने की चेनों में से, उसने दो अज्ञात व्यक्तियों को बेच दीं और उससे प्राप्त राशि को सट्टे में लगा दिया। शेष सोने की चेन को एक फिनकॉर्प, सुरराम शाखा, हैदराबाद में गिरवी रख दिया और प्राप्त राशि भी सट्टे में लगा दी। सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के बाहरी हिस्से में संदिग्ध अवस्था में पाए गए आरोपी को आज गिरफ्तार कर लिया गया।

## चोरी के आरोप में व्यक्ति ने की आत्महत्या

सिद्दीपेट, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। चेरियाल मंडल के कोठा दोमता गांव में 45 वर्षीय एक व्यक्ति पर चोरी का आरोप लगने के कारण उसने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। स्थानीय लोगों के अनुसार, हाल ही में कोमुरवेली मंडल के इनापुर गाँव में मल्लम बाला लक्ष्मी के घर में अज्ञात बदमाशों ने लूटपाट की। चूँकि यह घर पीड़ित मल्लम लिंगम के घर के पास ही स्थित था, इसलिए जब पुलिस शुक्रवार को जाँच के सिलसिले में उनके घर पहुँची, तो बाला लक्ष्मी के परिवार को उनकी संलिप्तता का संदेह हुआ।

कोमुरवेली पुलिस ने लिंगम को रविवार को पूछताछ के लिए बुलाया था। हालाँकि, वह शनिवार को राखी का त्योहार मनाने के लिए अपनी पत्नी के साथ ससुराल चला गया। अपमानित महसूस करते हुए, लिंगम ने रविवार तड़के अपने ससुराल में कथित तौर पर फांसी लगा ली। उसके परिवार में उसकी पत्नी और बेटी हैं। इस घटना से गाँव में तनाव फैल गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए चेरियाल के सरकारी अस्पताल ले जाया गया । पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

# वन मंत्री कोंडा सुरेखा के आवास पर तनाव

## मध्याह्न भोजन कर्मियों का विरोध प्रदर्शन




हनमकोंडा, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वन मंत्री कोंडा सुरेखा के रामनगर स्थित आवास पर सोमवार को उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई जब मध्याह्न भोजन कर्मियों ने सरकार से अपने लंबे समय से लंबित मुद्दों के समाधान की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने राज्य सरकार से मध्याह्न भोजन का ठेका अक्षय पात्र फाउंडेशन को सौंपने की योजना वापस लेने का भी आग्रह किया। वारंगल से महिलाओं सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर मंत्री के आवास पर एकत्र हुए और लंबित बिलों के भुगतान की मांग करते हुए नारे लगाए।

उन्होंने आरोप लगाया कि वेतन पाँच महीने से लंबित है। उन्होंने शिकायत करते हुए कहा, 'विधानसभा चुनाव से पहले, कांग्रेस ने वेतन बढ़ाने का वादा किया था। अब, 18 महीने बाद, सरकार भुगतान में देरी कर रही है।' प्रदर्शनकारियों ने मध्याह्न भोजन के ठेकों को अक्षय पात्र फाउंडेशन को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। कार्यकर्ताओं ने मंत्री के आवास में घुसने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। बाद में कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर सूबेदारी थाने भेज दिया गया।

# 13 तोलें सोना चोरी करने वाला आदतन अपराधी गिरफ्तार

मंचेरियल, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस ने रामकृष्णपुर की पद्मावती कॉलोनी में एक नवनिर्मित घर से 13 लाख रुपये मूल्य के 13 तोला सोना चोरी करने के आरोप में एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया। उसके पास से 13 तोला सोने के आभूषण बरामद किए गए।

बेल्लमपल्ली के एसीपी एम रवि कुमार ने बताया कि आरोपी, मंचेरियल कस्बे के राजीवनगर निवासी जदी सुरेश , को वाहन जांच के दौरान भागने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया। सुरेश ने 8 अगस्त की रात को मेकला राजैया के घर से गहने चुराए थे, जब उनका परिवार सो रहा था। पुलिस ने बताया कि सुरेश पर पहले भी पाँच आपराधिक मामले दर्ज हैं। सीसीटीवी फुटेज ने उसकी पहचान करने और उसे पकड़ने में अहम भूमिका निभाई। अधिकारियों ने जनता से अपराध का पता लगाने में मदद के लिए निगरानी कैमरे लगाने का आग्रह किया।

# तेलंगाना में सप्ताहांत तक भारी बारिश की संभावना


## आईएमडी हैदराबाद ने जारी किया अलर्ट



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद मौसम विभाग ने तेलंगाना के लोगों को इस सप्ताहांत तक जोरदार दक्षिण-पश्चिम मानसून के लिए तैयार रहने की सलाह दी है। आईएमडी, हैदराबाद की प्रमुख डॉ. के नागरत्ना ने सोमवार सुबह कहा कि बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में एक नया निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से, तेलंगाना में 16 अगस्त तक भारी बारिश होने की संभावना है। आने वाले कुछ दिनों में मानसून की अच्छी बारिश का एक और दौर देखने को मिलेगा। हैदराबाद में बुधवार और शुक्रवार के बीच भारी बारिश होगी।

हैदराबाद और मुलुगु, निर्मल, भद्राद्री कोत्तागुडेम, खम्मम, विकाराबाद, संगारेड्डी, मेडक, कामारेड्डी, आदिलाबाद, कोमाराम भीम आसिफाबाद, सिद्दीपेट, यदाद्री भुवनगिरी, रंगारेड्डी और मेडचल मल्काजगिरी जिलों सहित कई अन्य जिलों के लिए 11-13 अगस्त के लिए भारी वर्षा का संकेत देने वाला पीला अलर्ट/चेतावनी जारी की गई है। 14-17 अगस्त के लिए आईएमडी ने बहुत से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यह चेतावनी हैदराबाद और आदिलाबाद, कोमाराम भीम आसिफाबाद, मनचेरियल, जगतियाल, करीमनगर, पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, निर्मल, निज़ामाबाद, नलगोंडा, महबुबाबाद, यदाद्री भुवनगिरी, रंगारेड्डी, मेडचल मल्काजगिरी, विकाराबाद, संगारेड्डी और मेदक जिलों सहित अन्य जिलों के लिए प्रभावी है। येलो अलर्ट (भारी वर्षा) 64.5 मिमी से 115.5 मिमी तक की अनुमानित वर्षा को दर्शाता है, जबकि नारंगी अलर्ट (भारी से बहुत भारी वर्षा) तब जारी किया जाता है जब 115.6 मिमी और 204.5 मिमी के बीच वर्षा होने की संभावना होती है।

# हिमायतसागर में जल प्रवाह बढ़ने से तीन गेट फिर खोले गए



हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जलग्रहण क्षेत्र में बारिश के कारण हिमायत सागर जलाशय में सोमवार सुबह से पानी का प्रवाह लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण तीन गेट खोलने पड़े हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, 'जलाशय का स्तर अपनी क्षमता के करीब पहुंचने के कारण, हिमायतसागर का एक और द्वार सोमवार सुबह 8 बजे 3 फीट ऊपर उठा दिया गया और मूसी नदी में 1,400 क्यूसेक पानी छोड़ दिया गया।'

एचएमडब्ल्यूएसएसबी ने दोनों जलाशयों के वर्तमान आँकड़े मीडिया को जारी किए। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, 'सुबह 10 बजे तक, उस्मानसागर में जलस्तर 1,783 फीट था, जबकि जलाशय का पूर्ण टैंक स्तर (एफटीएल) 1,790 फीट था। साथ ही, ऊपरी इलाकों से 400 क्यूसेक पानी का प्रवाह प्राप्त हुआ।' हिमायतसागर जलाशय में भी पिछले एक हफ्ते से पानी का प्रवाह जारी है। जलस्तर 1,762.60 फीट था, जबकि एफटीएल 1,763.50 फीट है। 2,000 क्यूसेक पानी का प्रवाह और 2,400 क्यूसेक पानी का बहिर्वाह हुआ। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, 'एक गेट 1 फीट की ऊँचाई तक और दो गेट 3 फीट की ऊँचाई तक खोले गए हैं।'

# भट्टी ने ओवेसी के कॉलेज के खिलाफ हाइड्रा की निष्क्रियता का किया बचाव

## मुद्दे में जोड़ा जा रहा है सांप्रदायिक रंग

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सलकम चेरुवु, चंद्रयानगुट्टा में बने फातिमा ओवेसी एजुकेशनल कैंपस के खिलाफ हाइड्रा की निष्क्रियता का बचाव करते हुए, उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने कहा कि कुछ मामलों में, सरकार को मानवीय आधार पर कार्रवाई करने की जरूरत है।

पुराने शहर में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के परिवार द्वारा संचालित फातिमा शैक्षणिक संस्थान, राजनीतिक तूफान का केंद्र बन गया है, क्योंकि हाइड्रा ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के कई घरों को ध्वस्त कर दिया है, लेकिन परिसर के खिलाफ ऐसी कोई कार्रवाई करने से परहेज किया है, तथा अपने निर्णय को यह कहकर उचित ठहराया है कि वह छात्रों के सर्वोत्तम हित में काम कर रहा है।

एक स्थानीय समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में, भट्टी ने कहा कि कुछ निहित स्वार्थी तत्व इस मुद्दे पर अनावश्यक विवाद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ लोग फ़ातिमा शैक्षणिक संस्थान प्रकरण को सांप्रदायिक मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ मामलों में, जहां गरीबों और ज़रूरतमंदों की सेवा की जा रही है, सरकार को मानवीय आधार पर कार्रवाई करने की ज़रूरत है।

कांग्रेस सरकार की छह गारंटियों के क्रियान्वयन के बारे में पूछे जाने पर, उपमुख्यमंत्री ने दावा किया कि एक को छोड़कर, सभी पूरी हो चुकी हैं। यह तब हुआ जब कांग्रेस सरकार ने अभी तक राज्य की प्रत्येक महिला को 2,500 रुपये का मासिक भत्ता, बटाईदार किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए ऋतु भरोसा योजना, वरिष्ठ नागरिकों को 4,000 रुपये की मासिक पेंशन, छात्रों को 5 लाख रुपये के क्रेडिट कार्ड, और कई अन्य वादे पूरे नहीं किए हैं।

मुनुगोड़े विधायक कोमटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी द्वारा हाल ही में मुख्यमंत्री और पार्टी की आलोचना पर भट्टी ने कहा, मैं राजगोपाल रेड्डी से किए गए वादे का गवाह हूं।

## कार ने बाइक और स्कूल बस को मारी टक्कर

### पुलिस अधिकारी पर लापरवाही से गाड़ी चलाने का आरोप

मेदक, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मेदक मंडल के पाथुर गाँव में सोमवार को एक कार चालक ने एक दोपहिया वाहन और एक स्कूल बस को टक्कर मार दी। बाइक सवार के पैर में फ्रैक्चर हो गया, जबकि बस में सवार बच्चों को मामूली चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक निजी स्कूल की बस आस-पास के गांवों से बच्चों को लेकर मेदक शहर की ओर जा रही थी, तभी सामने से आ रही एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी और बाद में बस से भी जा टकराई। बाइक सवार एक अप्रोच रोड से मुख्य सड़क पर आ रहा था, तभी तेज़ रफ़्तार कार ने उसे टक्कर मार दी।

स्कूल बस चालक ने समय रहते गाड़ी मोड़कर रोक ली, जिससे एक गंभीर टक्कर टल गई। टीएस 35 एच 0895 पंजीकरण संख्या वाली और कथित तौर पर एक पुलिस अधिकारी की कार के आगे और पीछे दोनों तरफ 'पुलिस' लिखा हुआ था। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने बाइक सवार और स्कूल बस चालक को घटना के लिए ज़िम्मेदार ठहराया, जिस पर प्रत्यक्षदर्शियों ने कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मी की लापरवाही और तेज़ गति से गाड़ी चलाने के कारण यह हादसा हुआ।

## बिजली का तार छूने से 14 वर्षीय किशोर की मौत

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एक पारिवारिक उत्सव उस समय त्रासदी में बदल गया, जब रविवार देर शाम केपीएचबी कॉलोनी में एक रिश्तेदार के घर पर बैडमिंटन खेलते समय एक किशोर की बिजली का तार छूने से मौत हो गई। आंध्र प्रदेश के बापटला के कोथुर निवासी दसवीं कक्षा का छात्र विजय कार्तिक (14) अपने माता-पिता और बहन के साथ एक समारोह में शामिल होने हैदराबाद आया था। वे भगतसिंह नगर फेज-2 में एक रिश्तेदार के घर ठहरे हुए थे। परिवार को सोमवार को मलकाजगिरी में एक पारिवारिक समारोह में शामिल होना था।

पुलिस के अनुसार, रविवार देर शाम विजय कार्तिक अपने परिवार के एक अन्य युवक के साथ परिसर में बैडमिंटन खेल रहा था। खेल के दौरान, शटलकॉक परिसर की बाड़ के पास लगे एक बिजली के ट्रांसफार्मर पर गिर गई। उसे रैकेट से बचाने की कोशिश में, विजय कार्तिक बिजली के तार के संपर्क में आ गया और उसे ज़ोरदार बिजली का झटका लगा। उनके चचेरे भाई ने उन्हें देखा और दौड़कर उन्हें बचाने की कोशिश की। विजय कार्तिक को तुरंत पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। केपीएचबी पुलिस जांच कर रही है।

## बंडलागुडा में सिर में चोट लगने से मजदूर की मौत

हैदराबाद, 11 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। एक निर्माणाधीन स्थल पर सिर में चोट लगने से एक महिला निर्माण श्रमिक की मौत हो गई। 35 वर्षीय संध्या बंदलागुड़ा के मोहम्मदनगर में एक निर्माण स्थल पर काम कर रही थीं। बंदलागुड़ा पुलिस ने बताया, 'वह मिक्सर से सीमेंट कंक्रीट का मिश्रण निकाल रही थीं, तभी लोडर गलती से उनके सिर पर आ गिरा। उनकी मौके पर ही मौत हो गई।' मामला दर्ज कर लिया गया है।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.